दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :103
प्रतापगढ़ | शुक्रवार, 14 फरवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# जेपीसी पर विपक्ष का लोकसभा में हंगामा

## ● मल्लिकार्जुन खड़गे ने वक्फ बिल रिपोर्ट को बताया फर्जी

**● स्पीकर ने कहा- सभी विषयों को रिपोर्ट में शामिल किया गया**

**● राज्यसभा सभापति से इसे जेपीसी को लौटाने का किया आग्रह**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को पेश करने के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष ने आपत्ति जताई कि उनके कई साथियों के असहमति नोट को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसपर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में जिन भी विषयों को उनके समक्ष उठाया गया है उसे रिपोर्ट के एनक्सर (अनुलग्नक) में शामिल किया गया है। हालांकि विपक्ष ने इस मुद्दे पर सांकेतिक बाहिर्गमन किया।जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट को लोकसभा में पेश किया। इसके बाद विपक्ष के नेता हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आ गए। इसपर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेताओं ने आपत्ति जताई है कि उनके विमत (असहमति भरे नोट) शामिल नहीं किए गए हैं। वे अपनी पार्टी की ओर से आग्रह करते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष कार्यप्रणाली के तहत जो जोड़ना चाहें जोड़ें, उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है।इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के जेपीसी सदस्य उनसे मिले थे। उन्होंने जिन-जिन विषयों को चर्चा के दौरान उनके समक्ष रखा था, उन्हें अनुलग्नक में शामिल कर लिया गया है। हालांकि इसके बाद भी हंगामा जारी रहा और विपक्ष ने बहिर्गमन किया।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा एलओपी मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को वक्फ पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से रिपोर्ट जेपीसी को लौटाने का भी आग्रह किया। खड़गे ने कहा कि हम ऐसी फर्जी रिपोर्ट को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीसी में विपक्षी सदस्यों के असहमति नोट को हटा दिया गया है।

आरोपों पर ट्रेजरी बेंच ने भारी आपत्ति जताई। राज्यसभा में बोलते हुए खड़गे ने मांग की कि रिपोर्ट को वापस भेजा जाए और सभी असहमतिपूर्ण राय को शामिल करने के बाद ही इसे दोबारा पेश किया जाए।खड़गे ने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जेपीसी की रिपोर्ट में कई सदस्यों की असहमति रिपोर्ट है। उन नोट्स को हटाना और हमारे विचारों पर बुलडोजर चलाना सही नहीं है। यह लोकतंत्र विरोधी है। मैं असहमति रिपोर्ट को हटाकर पेश की गई किसी भी रिपोर्ट की निंदा करता हूं। हम ऐसी फर्जी रिपोर्ट को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर रिपोर्ट में असहमति के विचार नहीं हैं, तो इसे वापस भेजा जाना चाहिए और फिर से पेश किया जाना चाहिए। हंगामे के बीच राज्यसभा सभापति ने कहा कि जेपीसी रिपोर्ट से कोई असहमति नोट नहीं हटाया गया।

तीखी बहस के दौरान केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने विपक्ष पर सदन को गुमराह करने और संसदीय कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने जोर देकर कहा, ÷विपक्ष को सदन को गुमराह नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैंने विपक्ष द्वारा उठाई गई चिंताओं की जाँच की है। रिपोर्ट में कोई विलोपन या निष्कासन नहीं है। सब कुछ सदन के पटल पर है। ऐसा मुद्दा किस आधार पर उठाया जा सकता है? विपक्ष के सदस्य अनावश्यक मुद्दा बना रहे हैं, जो तथ्य नहीं है। आरोप झूठा है। जेपीसी ने पूरी कार्यवाही नियमानुसार की।

# पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन को भारत ने किया खारिज

**● दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान सीमा पर किसी भी तरह के संघर्ष विराम उल्लंघन से इनकार किया है। बॉर्डर पर दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गई है।सेना का यह बयान उस समय आया है, जब बुधवार शाम को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी सेना की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने की जानकारी मिली। खबरों में बताया गया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय पक्ष में किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम बरकरार है और भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच सहमति के अनुसार इसका पालन किया जा रहा है। नियंत्रण रेखा पर क्रॉस-लाइन फायरिंग की कुछ छिटपुट घटनाओं और नियंत्रण रेखा पर एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट के कारण तनाव को स्थापित तंत्र के माध्यम से निपटाया जा रहा है। भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गई है।दरअसल, जम्मू जिले की नियंत्रण रेखा पर मंगलवार को अखनूर सेक्टर में दोपहर करीब 3.50 बजे भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट हुआ था। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक पोस्ट में कहा कि अखनूर सेक्टर के लालेली में बाड़ के पास गश्त के दौरान संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में दो जवान शहीद हो गए। बलिदान हुए जवानों में एक जम्मू संभाग के सांबा जिले के कमिला गांव निवासी नायक मुकेश और दूसरे झारखंड निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी थे, जिनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांवों को भेज दिया गया है।अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरे इलाके में घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। पिछले कुछ दिनों से पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों की ओर से घुसपैठ की कोशिशें की जा रही हैं, जिसे सुरक्षाबल लगातार नाकाम बना रहे हैं। इसलिए सेना ने आज कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना उच्च सतर्कता और नियंत्रण रेखा पर अपना दबदबा बनाए हुए है।

# अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक लगी रोक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का कथित तौर पर नेतृत्व करने के मामले में दर्ज नयी एफआईआर के मामले में आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्ला खान को राहत दी है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक की रोक लगा दी है। अमानतुल्लाह खान ने राऊज़ एवेन्यू कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।दिल्ली पुलिस ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का नेतृत्व करने के मामले में 11 फरवरी को अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक अमानतुल्लाह खान पर हत्या के प्रयास के मामले में भगोड़े शाबाज खान को पुलिस हिरासत से भागने में मदद करने का आरोप है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम ने शाबाज खान को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी, लेकिन अमानतुल्लाह खान के समर्थक पुलिस टीम के साथ कथित तौर पर भिड़ गए, जिसकी वजह से शाबाज मौके से भाग निकला।अमानतुल्लाह खान के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस की सुनवाई चल रही है। ईडी ने 2 सितंबर, 2024 को अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने 1 मार्च, 2023 को दक्षिणी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी अभियान में बाधा डालने के मामले में अमानतुल्लाह खान को आरोप मुक्त कर दिया था।

### ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने पर दिल्ली हाई कोर्ट का अमानतुल्लाह खान को नोटिस

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को रिहा करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर अमानतुल्लाह खान को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विकास महाजन ने ईडी की याचिका पर अगली सुनवाई 21 मार्च को सुनवाई करने का आदेश दिया।

## कानपुर से लेकर बरेली तक आयकर विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी, ताला तोड़कर कारोबारी के घर में घुसी टीम

**बरेली(आरएनएस)।** कानपुर में पान मसाला व्यापारी अमित भारद्वाज के खिलाफ आयकर विभाग ने आज बड़े पैमाने पर छापेमारी की। न केवल उनके घर और गोदाम पर, बल्कि उनके बड़े भाई रामसेवक के निवास स्थान पर भी कार्रवाई की गई। इस छापेमारी से दिन भर व्यापारियों में हलचल मच गई। सुबह करीब छह बजे, लखनऊ और दिल्ली से आयातित संयुक्त टीम राजेंद्र नगर स्थित भारद्वाज के घर पर पहुंची। कई बार घंटी बजाने पर भी व्यापारी ने ताला न खोलने पर, अधिकारियों ने गेट का ताला तोड़कर प्रवेश किया।

# प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे अमेरिका, वाशिंगटन में जोरदार स्वागत

**वाशिंगटन,(हि.स.)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस का दौरा पूरा कर अमेरिका की यात्रा पर राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंच चुके हैं। उनका विमानतल पर जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय समयानुसार सुबह 5:32 बजे उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷ थोड़ी देर पहले वाशिंगटन डीसी में उतरा हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने और भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।

हमारे देश अपने लोगों के लाभ और हमारे ग्रह के बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।प्रधानमंत्री मोदी का यहां पहुंचने पर भारतीय प्रवासियों ने भी जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, ÷सर्दी की ठिठुरन में गर्मजोशी भरा स्वागत। ठंड के मौसम के बावजूद वाशिंगटन डीसी में भारतीय प्रवासियों ने मेरा बहुत ही विशेष स्वागत किया है।



मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।÷ इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात हुई है। प्रधानमंत्री ने यह जानकारी एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ÷ गबार्ड से भारत-अमेरिका मित्रता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। वह भारत की हमेशा प्रबल समर्थक रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा के दौरान वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में ठहरेंगे। उनके आगमन से पहले ब्लेयर हाउस में अमेरिकी ध्वज की जगह भारतीय ध्वज लगाया गया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक होनी है। मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका के लिए रवाना हुए। यह उनकी दो देशों की यात्रा का दूसरा चरण है। वह 10 फरवरी को फ्रांस पहुंचे थे।प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर पर बैठक होनी हैं। वो उन चंद विश्व नेताओं में शामिल हैं, जो ट्रंप के 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करने के बाद अमेरिका की यात्रा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की यात्रा के दौरान व्यापारी नेताओं और भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे।

# वैवाहिक समारोह में घुसा तेंदुआ, 4 घंटे तक तांडव के बाद रेस्क्यू कर निकाला गया



**लखनऊ, (हि. स.)।** लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहे के निकट एमएम लॉन में बीती रात को अक्षय और ज्योति के वैवाहिक समारोह में तेंदुआ घुस गया। लॉन की दूसरी मंजिल पर तेंदुआ दिखते ही भाग दौड़ मच गई। दूल्हा-दुल्हन, घराती, बाराती और फोटो खींचने वाले प्राइवेट फोटोग्राफर अपनी जान बचाकर भागे। तेंदुआ की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग और पुलिस की टीम ने तेंदुआ पकड़ने का प्रयास किया तो उसने टीम पर हमला कर दिया।तेंदुआ के विद्रोही रुख अपनाने पर वन विभाग के दरोगा मुकद्दर अली, एक फोटोग्राफर, एक महिला घायल हो गए।

रात दो बजे पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में फिर से रेस्क्यू आरंभ हुआ। तभी तेंदुआ मैरिज लॉन की छत पर चला गया। मैरिज लॉन को वन विभाग की टीम ने खाली करा दिया। देर रात करीब तीन बजे तेंदुआ पकड़ने वाली टीम के एक्े सपर्ट ने ट्रैंकुलाइजर गन का उपयोग कर तेंदुआ को बेहोश करने में सफलता पाई और जाल में तेंदुआ बांधकर वहां से निकाला गया।

### शादी समारोह में तेंदुए के प्रवेश का समाचार चिंताजनक – अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र की 'जुमलाजीवी' भाजपा सरकार अभी छुट्टा पशुओं की समस्या का ही समाधान नहीं कर पाई थी कि उसके सामने अब एक और चुनौती आ गई है और वो है प्रदेश की राजधानी में 'तेंदुए' का हमला। लखनऊ में एक शादी समारोह में तेंदुए के प्रवेश का समाचार चिंताजनक है।अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का एक रूप ये भी है कि जंगलों में इंसानों का अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में हिंसक जंगली जानवर भोजन की तलाश में जंगलों से निकलकर शहरों की तरफ़ आने को मजबूर हो रहे हैं। इससे आम जनमानस का जीवन ख़तरे में पड़ गया है। कोई कार्रवाई होगी या सरकार ये कहकर इस घटना पर पर्दा डाल देगी कि वो तेंदुआ नहीं 'ओवरसाइज बिल्ला' था। या फिर हो सकता है, तेंदुए का नाम बदलकर 'बड़ा बिल्ला' रखकर मामला रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाए।

## आजम खान व उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के रामनगर नगरपालिका परिषद की सफाई मशीन चोरी कराकर उसे जौहर यूनिवर्सिटी में मिट्टी में दबाए जाने के मामले में समाजवादी पार्टी नेता आजम खान और उनके पुत्र अब्दुल्लाह आजम को जमानत दे दी है। गुरुवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत देने का आदेश दिया।इससे पहले कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2024 को यूपी सरकार को नोटिस जारी किया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसके पहले 21 सितंबर, 2024 को आजम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। आजम खान और उनके पुत्र के खिलाफ 2022 में एफआईआर दर्ज की गई थी।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर विधेयक-2025



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय विते त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित नया आयकर विधेयक-2025 पेश कर दिया। नए आयकर विधेयक को सलेक्े ट कमेटी के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक-2025 को पेश करते हुए कहा, ÷हम आयकर धाराओं की संख्या घटाकर 536 कर रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि आयकर विधेयक में अध्यायों की संख्या में कमी के साथ-साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य 64 साल पुराने आयकर अधिनियम में बड़े पैमाने पर बदलाव करना है।नया आयकर विधेयक-2025 भारत की मौजूदा आयकर प्रणाली और वैधानिक प्रावधानों में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में लाया गया है, जो 21वीं सदी की प्रगति और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को निरस्त करता है। दरअसल 622 पन्नों वाला यह विधेयक 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा।उले् लेखनीय है कि वित्त मंत्री ने अपने केंद्रीय बजट-2025 के भाषण के दौरान घोषणा की थी कि संसद के बजट सत्र के दौरान एक नया आयकर विधेयक पेश किया जाएगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम-2025 कहा जाएगा और अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है।

# शाहजहांपुर में ट्रक और टाटा मैजिक की टक्कर में चार की मौत, 16 घायल

**घटना का मुख्यमंत्री योगी ने लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए निर्देश**



**शाहजहांपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में बीती देर रात कलान-बदायूं मार्ग पर ट्रक और टाटा मैजिक की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए राहत एवं बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। जारी बयान में कहा है कि अधिकारी मौके पर पहुंच कर घायलों का समुचित इलाज कराएं।क्षेत्राधिकारी जलालाबाद अमित चौरसिया ने गुरुवार को बताया कि कलान थाना क्षेत्र में रात करीब ग्यारह बजे कलान-बदायूं मार्ग पर ग्राम बिचौला के पास ट्रक और टाटा मैजिक वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में टाटा मैजिक पर सवार चार लोगों की मृत्यु हो गयी और 16 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान जनपद हरदोई निवासी श्यामवती (60), जनपद खीरी निवासी रामकुमारी (35), जनपद सीतापुर निवासी शर्मीला (26) तथा लवकुश (30) के रूप में हुई है। जबकि सीतापुर निवासी रोशन(48), ठाकुर प्रसाद(35), संगम(32), अरुण(26), छोटी बिटिया(30), रजनेश(25), रेखा(25), संध्या(06), सूर्याश(02), शिवानी(08), रामू(04), रितिका(05), जनपद खीरी निवासी उपेंद्र सिंह(40), गोलू(10) तथा हरदोई निवासी अरुण(20) और कमल किशोर (10) गंभीर रूप से घायल हैं।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि टाटा मैजिक पर सवार सभी लोग हरियाणा जा रहे थे। इसी बीच बदायूं की ओर से आ रहे अज्ञात ट्रक ने टाटा मैजिक वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टाटा मैजिक वाहन क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। उन्होंने बताया कि घायलों की फर्रुखाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गयी है और पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 15 और 16 फरवरी को बंद रहेगा

**महाकुम्भ नगर(हि.स.)।** प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 15 व 16 फरवरी को प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन बंद रहेगा। जिलाधिकारी प्रयागराज रविंद्र कुमार मांदड ने पत्र लिख कर यह आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि यह स्टेशन महाकुम्भ मेला क्षेत्र के काफी निकट है।जिलाधिकारी प्रयागराज ने गुरुवार को अवगत कराया है कि 15 और 16 फरवरी को प्रयागराज संगम स्टेशन बंद रहेगा। महाकुंभ 2025 में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन जनपद में हो रहा है। इसके दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं के समुचित सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवागमन के लिए उक्त तिथि को प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन से यात्रियों का आवागमन बंद किया जाना आवश्यक है।

# हाईकोर्ट ने महाकुम्भ भगदड़ को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की

**● याची को घटना से सम्बंधित तथ्य रिकॉर्ड पर लाने को कहा**

**● 19 को फिर होगी सुनवाई**

**● घटना की न्यायिक निगरानी में जांच के लिए दाखिल है याचिका**



**प्रयागराज, (हि.स.)।** महाकुम्भ में गत 29 जनवरी की भगदड़ में लापता लोगों का विवरण एकत्र करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति गठित करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरूण भंसाली एवं जस्टिस क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने इस मामले पर आज सुनवाई की। याची के अधिवक्ता को घटना से सम्बंधित तथ्य रिकॉर्ड पर लाने को कहा है। कोर्ट इस याचिका पर 19 फरवरी को सुनवाई करेगी।

सुरेश चंद्र पांडेय की ओर से दाखिल जनहित याचिका में भगदड़ में कई लोगों की मौत और घायल होने के मामले में न्यायिक निगरानी समिति गठित करने की मांग की गई है। याचिका पर अधिवक्ता का कहना था कि सरकार द्वारा गठित जांच आयोग के जांच का दायरा सीमित है। आयोग के जांच के दायरे में लापता लोगों का पता लगाने तथा घटना में कितने लोगों की मृत्यु हुई शामिल नहीं है।

याचिका में यह भी मांग की गई है कि जांच समिति की जानकारी प्रमुख और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित कराने का निर्देश दिया जाए ताकि लोग समिति को जानकारी दे सकें। साथ ही मांग की गई है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी महाकुंभ और मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज को पोस्टमार्टम हाउस में घायलों के प्रवेश व लाशों के निस्तारण का रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाए।जनहित याचिका के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में महाकुंभ भगदड़ के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। साथ ही घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए हाईकोर्ट जाने को कहा था।गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 29 जनवरी को भगदड़ की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग का गठन किया है। आयोग ने घटना के सम्बंध में जानकारी देने के लिए लोगों को आमंत्रित किया है।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

## ▸▸ आरोपी मैजिक चालक ने बाइक सहित दूर तक घसीटा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घर में कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** इलाकाई थाना अंतर्गत औता गांव में बीते देर रात रिश्तेदारी में आयोजित निमंत्रण में शामिल होकर घर लौट रहे दो सगे भाइयो की सड़क हादसे में जान चली गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है, शव पीएम के लिए भेज पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। बताया जा रहा की दोनो भाई बाइक समेत मैजिक गाड़ी में घुस गए। मैजिक काफी दूर तक बाइक को घसीटते हुए ले गई।फिर सुनसान इलाके में बाइक को निकाल चालक मैजिक लेकर फरार हो गया।


फाइल फोटो


फाइल फोटो



मेजा थाना क्षेत्र के मदरहा (ममोली) गांव के रहने वाले संदीप कुमार व कुलदीप कुमार पुत्रगण कल्लू राम दोनों सगे भाई थे। बुधवार को दोनों बाइक से रिश्तेदारी सराय खुर्द में आयोजित निमंत्रण में शामिल होने के लिए गए थे। रात करीब ग्यारह बजे के आस-पास दोनो घर लौट रहे थे। इस दौरान मेजा थाना क्षेत्र के औता गांव के समीप मैजिक ने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे दोनों भाइयो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मैजिक चालक दोनो को घसीटते काफी दूरी तक ले गया।फिर दोनो को निकाल भाग खड़ा हुआ। घटना को लेकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। उक्त सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस दोनों शवो की शिनख्त कर स्वजनों को जानकारी दी दोनों की मौत से घर में कोहराम मच गया।

रोते बिलखते स्वजन भी पहुचे। वहीं गुरूवार को पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।उक्त घटना से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।मामले में मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया की शवो को पीएम भेज अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

# विश्व पुस्तक मेले में अभिषेक के गजल संग्रह का लोकार्पण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में दुनिया भर की विविधरंगी पुस्तकों और मूर्धन्य रचनाकारों की उपस्थिति में कवि अभिषेक कुमार शुक्ल शुभम के ग़ज़ल-संग्रह इम्कान का भव्य लोकार्पण हुआ।

शुभम के इस ग़ज़ल संग्रह में उनकी चुनिंदा ग़ज़लें संकलित हैं। इन ग़ज़लों में देशकाल, समाज और आम-जन की पीड़ा समाहित है।इस अवसर पर कृति के बारे में बोलते हुए प्रख्यात हिंदी ग़ज़लकार विज्ञान व्रत ने अभिषेक को उदीयमान रचनाकार बताया। कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान ने कहा कि अभिषेक की यह पुस्तक जन-सरोकारों की बात करती है। इन ग़ज़लों में सामाजिक समरसता का संदेश निहित है। वरिष्ठ कवि और साहित्यकार राजेन्द्र वर्मा ने पुस्तक की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कवि पुष्पेन्द्र पुष्प ने अभिषेक की रचनाधर्मिता की सराहना करते हुए कहा कि इनकी रचनाओं में समाज को प्रभावित करने वाले ऐसे विषयों को उठाया गया है जो कि आम जन-मानस को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं।

पुस्तक लोकार्पण के इस कार्यक्रम में श्वेतवर्णा प्रकाशन की निदेशक शारदा सुमन, गीतकार सरोज मिश्र, कवि सत्यम भारती, शायरा सपना अहसास, कवयित्री सीमा विजय वर्गीय, माधुरी स्वर्णकार, राजेन्द्र वर्मा, गीतकार राहुल शिवाय आदि कवि एवं रचनाकार उपस्थित रहे।

# गांवों में सफाई नहीं, ब्लाक में बाबूगीरी कर रहे सफाईकर्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** तैनाती गांव में सफाई के लिए की गई है।लेकिन आधा दर्जन से अधिक सफाई कर्मी ब्लाक में ही ड्यूटी कर रहे हैं । कोरांव के 115 ग्राम पंचायतों में 205 राजस्व गांव हैं । कुल मिलाकर के 165 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है । कुछ सफाईकर्मी ब्लाक के अफसर के कार्यालयों में चाय और पानी लाने की ड्यूटी तो कुछ बाबूगिरी का काम कर रहे हैं। ज्यादातर गांवों में सफाई कर्मी एक वर्ष पूर्व महिने में एक या दो बार एक या दो बार जाकर अपनी हाजिरी लगाकर चले जाते थे । लेकिन दो वर्षो से लेड़ियारी , डीही खुर्द , नीबी ,पवांरी ,धोबहट , किहुंनी खुर्द , किहुंनी कला , कैथवल आदि लगभग पांच दर्जनभर गांवों में आज तक कभी भी नहीं जाने पर गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । जिससे तरह - तरह की गांवों में बीमारी का लोग डंस छेल रहे हैं ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत मुहिम चलाई जा रही है । भारी भरकम बजट इसके लिए खर्च किया जा रहा है।

सफाई कर्मी की मनमानी के कारण गांवों में गंदगी का अंबार लगा है नालियां चोक ले रही है । घरों के सामने कूड़ा-करकट के अलावा सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीणों द्वारा सफाई कर्मियों के गांव में आने की शिकायत पर कोई जांच करवाई में भी नहीं लाई गई नहीं लाई जाती है ।

कुल मिलाकर इस कर्मियों के वेतन के नाम पर हर माह खर्च होने वाली लाखों रुपये की धनराशि का कोई सार्थक मतलब नहीं निकला है । विकासखंड में सफाई कर्मियों के वेतन पर प्रत्येक महीने में लगभग 54 लख रुपए का खर्च किया जा रहा है।

# पंचायत भवनों में रोस्टर लिखकर भूले सचिव, बढ़ी परेशानी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** ब्लाक क्षेत्र के गांवों में जिलाधिकारी के आदेश के बाद पंचायत भवनों में रोस्टर लिखकर जिम्मेदारी पूरी कर ली गई । सप्ताह में एक दिन भी सचिव गांव में नहीं जाते हैं । यही कारण है कि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए ब्लाक में भटकना पड़ता है । गुरुवार को सुबह 11 बजे तक लेड़ियारी ग्राम पंचायत भवन में सन्नाटा पसरा था । सिर्फ एक पंचायत सहायक विरेन्द्र कुमार प्रजापति मौजूद रहे। गुरुवार को सचिव को आना था लेकिन दिनभर वह नहीं आए ।




गुरुवार को सचिव गांव को गांव में आना था लेकिन दिनभर वह नहीं आए। सचिव ने बताया की व्यस्तता के कारण वह तय रोस्टर पर गांव में नहीं पहुंच पाते हैं । लेड़ियारी के प्रधान रवि सिंह ही गांव का कामकाज देखते हैं। उन्होंने का बताया कि लोगों की समस्या दूर करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है । इसी तरह से नीबी में भी दोपहर को पंचायत भवन में सन्नाटा पसरा रहा। प्रधान आशा देवी ने बताया कि सचिन का कोई समय तय नहीं है । जब वह खाली होते हैं तो आते हैं । पंचायत भवन में जिम्मेदारी पंचायत सहायक की है । ग्रामीणों ने बताया कि सचिव ब्लाक में ही आकर आपस हो जाते हैं । वहीं बघोल गांव में आज तक ताला ही नहीं खुला । ग्राम सभा धोबहट मजरा चैलारी पंचायत सहायक सचिव का कहना है कि अस्थाई रूप से पंचायत में एक डा , आम्बेडकर समुदायिक भवन केंद्र चैलारी पर चल रहा है । जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती सरकार में यह भवन निर्माण वर्ष 2010 में लगभग बारह लाख रुपए की लागत से गरीबों की शादी समारोह के लिए बनवाया गया था। लेकिन दो साल तक इस भवन में सफाईकर्मी रहा करते थे। अब इसमें पंचायत सचिवालय चल रहा है। जिससे गरीबों की शादी समारोह में दिक्कत उठानी पड़ रही है। जबकि आधा दर्जन से ज्यादा सचिवालय बंद रहते हैं। घर बैठे लोगों का कार्य किया जाता है।

गांव के डिनर बस्ती के लोगों को यह भवन बनने पर उन्हें काफी खुश रहें कि अब गेस्ट हाउस में नहीं जाना होगा। चाहे बारिश हो या गर्मी इस भवन में पानी बिजली आदि की समुचित व्यवस्था है। लेकिन उन्हें क्या पता था कि इसमें पंचायत भवन बनाया जाएगा। जिससे उनकी समस्या धरी की धरी रह गई।

# गए थे कल्पवास करने बंद मकान को चोर खंगाल ले गए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** औद्योगिक क्षेत्र के बीपीसीएल कंपनी गेट के सामने रेलवे लाइन, भरौवा के समीप मकान बनवा कर रहने वाले अनुभव शुक्ला पुत्र पवन शुक्ला जो की मेजा रोड औता में जिला पंचायत इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं। बताते हैं कि इन दिनों उनके माता-पिता महाकुंभ मेले में कल्पवास करने गए हुए हैं। जबकि मकान में ताला बंद था। जिस मकान में कोई नहीं रहते हैं। बीते दिन बीते आठ फरवरी की रात मौका पाकर चोर घर के अंदर दाखिल हो गए और सोने चांदी से निर्मित जेवरात सहित मकान का रजिस्ट्री कागजात पर हाथ साफ कर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्र थाने में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

# पहले दिन 20 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री- निर्वाचन अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोराव (प्रयागराज)।** तहसील कोराव में चुनावी प्रकिया शुरू होते ही पहले दिन वृहस्पतिवार को 20 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

बता दे कि बार एसोशिएशन तहसील कोराव के चुनाव की तिथि घोषित हो गई है निर्वाचन अधिकारी मोतीलाल कुशवाहा व सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह और निर्वाचन सचिव त्रिवेणी प्रसाद यादव ने बताया कि पहले दिन वृहस्पतिवार को अध्यक्ष पद पर एक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर पांच, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर एक, मंत्री पर दो, उपमंत्री पर दो, कोषाध्यक्ष पर दो,पुस्तकालय अध्यक्ष पर एक,आय व्यय निरीक्षक पर एक, उपमंत्री पर दो और कनिष्क सदस्य के पांच मतपत्रों की बिक्री हुई निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि शुक्रवार को भी नामांकन पत्रों की बिक्री सुबह ग्यारह बजे से तीन बजे तक होगी

# नंद घर आनंद भयो. जय कन्हैया लाल की- आचार्य शान्तनु जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**खीरी (प्रयागराज)।** भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के समय समूचे कारागार के सैनिक सो गए और कारागार का ताला अपने आप ही खुल गया। कन्हैया के छोटे से स्वरूप को वासुदेव जी महाराज अपने सिर पर रखकर नदी पार कर नंद बाबा के यहां भगवान श्री कृष्ण के बालक रूप को रखकर वहां से योगमाया को लेकर पुनः कारागार में आते हैं और फिर से सभी सैनिक जाग जाते हैं और ताला अपने आप बंद हो जाता है। उक्त कथा का रसपान प्रसिद्ध भागवत कथावाचक आचार्य शान्तनुजी महाराज द्वारा परीक्षित स्वरूप शीतला प्रसाद सिंह उर्फ जोखू सिंह एवं कमला देवी के आवास धरवारा में उपस्थित भक्तों को कराया गया। आगे बतलाया कि नंद बाबा के यहां पुत्र पैदा होने की खबर समूचे नंद गांव में बहुत ही तेजी से फैल गई और समूचा गांव आनंद में डूब गया और लोगों द्वारा जय कन्हैया लाल की



हाथी घोड़ा पालकी का उद्घोष किया। वही कथा आयोजक मंडल प्रमुख सुरेश सिंह द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी निकलवाई गई जिसकी शोभा देखते ही बन रही थी। आगे की कथा में महाराज जी द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन कथा, राजा बलि की कथा, हिरण कश्यप वध और भगवान नरसिंह अवतार की कथा का श्रवण कराया गया। कथा आयोजन समिति द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में समूचे पंडाल को विद्युत झालर, गुब्बारों आदि से भव्य तरीके से सजाया गया था। वही जन्मोत्सव के उपरांत उपस्थित हजारों की संख्या में भक्तों को प्रसाद वितरण कराया गया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से भोला सिंह,विजय सिंह, पीयूष, सत्यम, स चि न , अभिनव,मयंक,मानस,वेदांत,मिथिलेश शुक्ला,रमेश द्विवेदी, विजय केसरी,श्रवण सिंह, मनीष, आलोक, प्रमोद,योगेंद्र सिंह,अन्नू सिंह सहित हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

# देईबाध पूर्व माध्यमिक विद्यालय कायाकल्प से कोसों दूर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के तहत सब पढ़ें सब - बढ़े के गांव - गांव प्रचार - प्रसार करने के लिए लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं आज भी पूर्व माध्यमिक विद्यालय देईबाध कायाकल्प से कोसों दूर है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय ने बताया कि इस परिसर में मिट्टी भराई के लिए शासन द्वारा धन निर्गत किए गए थे। लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा एक वर्ष पूर्व को खाते से धन निकालकर डकार लिए। जिससे बच्चों को खेलने कूदने में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं विद्यालय परिसर में बने शौचालय जर्जर हालत में लावारिस की तरह पड़ा हुआ है। जबकि ग्राम प्रधान ने मरम्मत कार्य के लिए आया धन को डकार लिए जाने से विद्यालय के छात्र - छात्राओं को खुले में शौच जाने से मजबूर होना पड़ता है।



ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालयों में टाइल्स लगाने का ग्राम प्रधान के खाते में धन उपलब्ध कराया गया है। जबकि दो कमरों में लगाकर उसे छोड़ दिया गया। जिससे आज भी कच्ची जमीन पर बच्चों को बैठना पड़ रहा है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप यादव ने बताया कि हमारे यहां कक्षा छह से आठ तक बच्चों की संख्या 107 है। अकेले शिक्षक है। बरसात के दिनों में परिसर में पानी का जलभराव होने से दिक्कत उठानी पड़ती है। इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान से अवगत कराया गया लेकिन अभी तक मिटटी नहीं डलवाया गया। जिससे बच्चों को खेलकूद करने में काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। शौचालय जर्जर हालत में है। खराब होने से इसकी रगाई पोताई भी नहीं किया जा रहा है।

अभिभावकों ने जिला अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

# हिस्ट्रीशीटर द्वारा बाहरी नाविकों से मारपीट कर वसूली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला प्रशासन द्वारा अरैल मेला क्षेत्र पर नाव संचालन के लिए बनाए गए वीआईपी घाट से नाव संचालित करने वाले बाहरी नाविकों से एक हिस्ट्रीशीटर व उसके कुछ साथियों द्वारा मार-पीट कर जबरन वसूली करने के मामले कुंभनगर कोतवाली में लूट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नैनी थाना क्षेत्र के अरैल निवासी शनि निषाद नाव चला कर परिवार का पालन पोषण करता है।

बीते मंगलवार को उसे मारपीट कर दिनभर की कमाई का पांच हजार रुपये दबंगों ने छीन लिया। पिटाई से घायल शनि की तहरीर पर कुंभनगर कोतवाली में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अरैल निवासी पिंटू महरा, टिंकू निषाद, विवेक पंडा समेत पांच



अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दे कि महाकुंभ शुरू होने के साथ अरैल घाट पर नाविकों के लिए मेला प्रशासन की ओर से किराया निर्धारित किया गया था,

लेकिन दबंगों ने पूरे घाट पर कब्जा कर प्रत्येक श्रद्धालुओं से संगम स्नान के बदले पांच से एक हजार रुपया की वसूली शुरू करावा रहा। बदले में नाविकों को प्रशासन द्वारा निर्धारित किराया देता है। इसका विरोध करने पर एक माह के अंदर करीब पांच नाविकों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। सभी मामले में लोग थाने पहुंचे थे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। बीते सप्ताह एक नाविक की पिटाई के विरोध में रात भर लोग नैनी थाने पर बैठे रहे, लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज हो पाया था।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं से ठगी करने वाले 15 बाइकर्स गिरफ्तारः एक से पांच हजार रुपए तक की करते थे वसूली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के महा स्नान पर्व के दौरान श्रद्धलुओं से अवैध वसूली करने वाले 15 बाइकर्स को एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बाइकर्स दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को महाकुंभ तक पहुंचाने के नाम पर एक हजार से पांच हजार रुपए तक की अवैध वसूली कर रहे थे।

एयरपोर्ट थाना के इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह को जब इस मामले की जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइकर्स गैंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने सभी आरोपी बाइकर्स को हिरासत में लेकर उनकी बाइक जब्त कर ली हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है।



## मनमानी रकम वसूल रहे थे बाइकर्स

जांच में सामने आया कि ये बाइकर्स श्रद्धालुओं की अनभिज्ञता का फायदा उठा रहे थे। जब श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग में रोका जाता था, तो ये बाइकर्स उन्हें महाकुंभ तक पहुंचाने का प्रस्ताव देकर मनमानी रकम वसूल रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य बाइकर्स गैंग में हड़कंप मच गया है। इंस्पेक्टर ने श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया है ताकि वे ऐसे लोगों के झांसे में न आएं।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत सरायगनी के मजरा गांव जादीपुर निवासी जयप्रकाश द्विवेदी उम्र 61 वर्ष जो ग्यारह महीने पहले प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत हुए थे और क्षेत्र में पूजा पाठ भी कराते थें इस वर्ष लगे महाकुंभ माघ मेला में कल्पवास करने गए थे मंगलवार को दोपहर इनकी अचानक तबीयत खराब गई परिजन महाकुम्भ मेला में स्थित अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते ही इनको शहर के लिए रिफर कर दिया परिजनों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बुधवार की रात्रि में इनकी मौत हो गई मौत की सूचना जब क्षेत्र में पहुंची तो कोहराम मच गया बुधवार को ही इनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**थरवंई ।** नेशनल हाईवे कटियाही गांव के सामने बु लेरो की टक्कर से नरेश यादव 47 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना एक सप्ताह पूर्व हुई थी गुरुवार को वादी अरुण कुमार ने बुलेरो गाड़ी up73, 8190 के अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है

# मारपीट कर किया घायल रिपोर्ट दर्ज

**थरवई ।** तीन दिन पूर्व हुई मारपीट के मामले में पीड़ित परमानंद पटेल निवासी रैया थाना सोरांव की तहरीर पर इंद्रजीत सरोज निवासी सहजीपुर व तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारदार हथियार से मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का मामला थरवई थाने पर दर्ज कराया है

# डेरी संचालक को पीटा और की तोड़ फोड़, मुकदमा दर्ज

**बहरिया ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र अमर सिंह यादव की बहरिया बाजार में डेरी की दुकान है। अनिल कुमार बुधवार की देर शाम अपनी डेरी की दुकान पर बैठा था आरोप है कि तभी गांव के चंद्रजीत, रामयस यादव, अशोक यादव आए और पुरानी रंजिश को लेकर अनिल कुमार यादव को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। अनिल के शोर मचाने पर उसके चाचा दिनेश कुमार यादव बीच बचाव करने पहुंचे तो सभी लोगों ने उनकी भी पिटाई कर दी। दिनेश कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है। इसके बाद डेरी के अंदर घुस कर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बहरिया पुलिस ने अनिल कुमार की तहरीर पर तीनों लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिर्पोट दर्ज की है।

# बिना परमिट के फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** तहसील क्षेत्र में हर तरफ बिना परमिट वाहन फर्राटा भर रहे हैं । उनकी फिटनेस पर भी किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।क्योंकि जांच होती नहीं है ।इसलिए ऐसे वाहनों का संचालन पर नियंत्रण भी नहीं लग पा रहा है।

क्षेत्र के विभिन्न चौराहे से स्टेट राजमार्ग पर ऐसे तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का संचालन हो रहा है।जिनके पास न तो परमिट है और न फिटनेस प्रमाण पत्र ऐसे में दर्जनों की संख्या में दौड़ रहे हैं। टेंपो, जीप, पिकअप के अलावा कई डग्गामार बसें भी सड़कों पर दिन-रात दौड़ती जा रही है । इनमें कुछ ऐसे वाहन भी शामिल है। जो दूसरे राज्यों से खरीद कर ले गए हैं । बगैर जरूरी कागजात यह वाहन सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़े जा रहे हैं । सरकारी हमले द्वारा बिना फिटनेस के वाहनों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश केवल हवा हवाई साबित हो रहा है । सड़कों पर बिना परमिट के दौड़ रहे डग्गामार वाहन संचालकों द्वारा सवारियों को भी वाहनों में भूसे की तरह भरने के बाद चारों तरफ लटकाकर परिवहन किया जा रहा है। ऐसे में जहां एक तरफ लगातार हदासे का खतरा बना हुआ। वहीं दूसरी तरफ राजस्व को भी लाखों रुपये का चूना लग रहा है । इसके बाद भी विभागीय अधिकारी बेफिक्र हुए हैं ।



# शिव मंदिर का वार्षिक भंडारा हुआ संपन्न

**बहरिया ।** विकासखंड बहरिया के ग्राम पंचायत रामपुर उर्फ दौलतपुर निवासी पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत अरविंद कुमार श्रीवास्तव के यहां बने शिव मंदिर के एक साल हो जाने के उपलक्ष्य में सोमवार को भंडारा संपन्न हुआ जिसमें काफी भक्तों ने महा प्रसाद लिया इस मौके पर भाजपा के बहरिया मंडलाध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान हरिश्चंद्र यादव, सदस्य क्षेत्र पंचायत दशरथ लाल यादव, संदीप मौर्य, रामधन यादव बाबा, हेमंत श्रीवास्तव , दिलीप मौर्य,अखिलेश श्रीवास्तव, हबीब उल्लाह अश्वनी श्रीवास्तव समेत काफी भक्त लोग रहे।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय-गौरा डेरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विकास खण्ड-मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय-गौरा डेरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत 04 शिक्षकों के सापेक्ष प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक तनय तिवारी, सहायक अध्यापिका प्रतिभा देवी एवं शिक्षामित्र रीता देवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय में नामांकित 63 बच्चों के सापेक्ष 51 बच्चे उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक बच्चों को एम0डी0एम0 बाहर के बारामदे में खिला रहे थे, जहॉ अत्याधिक धूल होने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक से पूॅछा कि इतनी गंदगी में आप बच्चों को भोजन खिला रहें है, उस पर प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि कक्षा-कक्ष में बच्चों का बैग रखा है, वहॉ भोजन खिलाने से वहां पर भी गंदगी हो जायेंगी, इसलिये बारामदे में बच्चों को भोजन खिलाया जाता है। उसके बाद यह भी बताया कि विद्यालय के सामने राम पथ गमन मार्ग का निर्माण कार्य होने से विद्यालय में धूल अत्याधिक आती है, जिसे रोज साफ किया जाता है। आज लाइट देर से आने के कारण धुलाई का कार्य नहीं कराया जा सका।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को खिलाये जा रहें भोजन को चख कर देखा, जिसकी गुणवत्ता ठीक पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह से विद्यालय में किचेन शेड के सम्बन्ध में जनाकरी प्राप्त की गई, जिस पर प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि विद्यालय में किचेन शेड नहीं है, उस पर जिलाधिकारी ने जल्द ही किचेन शेड बनवाने जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं बच्चों को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दियें।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की दिलायी गयी सजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 04 फरवरी, 2024 को थाना कौशाम्बी पर दुष्कर्म के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुयी थी। सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर एससी एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी शिवनन्दन उर्फ कमल यादव निवासी कायमपुर थाना व को आज न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी कोर्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए आरोपी को 10 वर्ष के कारावास तथा 10,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 01 वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना पडेगा।

# जानकीपुर परिषदीय विद्यालय में मनाया गया विश्व रेडियो दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पतिवार को विश्व रेडियो दिवस पर बच्चों को रेडियो से रूबरू कराया गया , तथा बच्चों को रेडियो के महत्व को भी बताया कि रेडियो सिर्फ रेडियो नहीं जीवन जीना सीखाना वाला माध्यम था , गीतों को समेटे प्रत्येक महिलाओं का प्रिय था सखी सहेली जैसे कार्यक्रमों ने उनके अकेलेपन को दूर करने का साधन था जिसमें महिलाएं अनेकों लोकगीतों को सुनती और मांगलिक कार्यक्रमों को आनन्दमय करने का हुनर सीखती। प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए चाय व काफी का काम करती रेडियो बजता उनकी कलम चलती। विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया कि विश्व रेडियो दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को रेडियो के महत्व का एहसास कराना है।

टेलीविजन और स्मार्टफोन के दुनिया भर में छा जाने के बावजूद, रेडियो अभी भी संगीत के माध्यम, यात्रा के साथी और सामुदायिक रेडियो के माध्यम से समुदाय की आवाज उठाने के रूप में एक प्रतिष्ठित स्थान रखता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम ÷रेडियोरू एक सदी की जानकारी, मनोरंजन और शिक्षा÷ है। यह थीम रेडियो के ऐतिहासिक योगदान, वर्तमान प्रासंगिकता और उज्जवल भविष्य को दर्शाती है। यूनेस्को विश्व रेडियो दिवस को वैश्विक स्तर पर समन्वित करता है, जबकि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश अपने-अपने रेडियो स्टेशनों और मीडिया साझेदारों के माध्यम से इसे विभिन्न रूपों में मनाते हैं। इनमें विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण, समाचार, ऑडियो-वीडियो संसाधनों को साझा करना आदि शामिल हैं। हर वर्ष यूनेस्को इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के सुझाव भी प्रस्तुत करता है।

# नगर पंचायत के तत्वाधान में शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को कराया गया जलपान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर पंचायत सिराथू के तत्वाधान में सैनी के गुरुकुल विद्यालय के पास लगाए गए शिविर में भाजपाइयों ने श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया।

बृहस्पतिवार को नगर पंचायत सिराथू द्वारा लगाए गए शिविर में पहुंचे सूबे के परिवहन मंत्री दयाशंकर उर्फ दयालू ने भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रहे श्रद्धालुओं को भोजन कराया। इस दौरान भाजपा परिवहन मंत्री दया शंकर ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं के लिए भोजन सहित तमाम व्यवस्थाएं कर रही है जिससे किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो और श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ स्नान कर सके । इस मौके पर डिप्टी सीएम के बड़े भाई सुखलाल मौर्य , चेयरमैन सिराथू राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव , मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल , डा निशीथ श्रीवास्तव , दीपा श्रीवास्तव , दीपू शुक्ला , आलोक सिंह , बबलू श्रीवास्तव , हीरालाल , अंकित मिश्रा , चंद्रिका प्रसाद पटेल , भानु पाल , अविनाश श्रीवास्तव , कमलेश निषाद , उमाशंकर सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहें।

# 20,000 रुपये के इनामिया दुष्कर्म के वांछित आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 20,000 रुपये के इनामिया वांछित आरोपी सुमित उर्फ गुंडा निवासी ग्राम अर्का फतेहपुर थाना करारी हाल पता बलिहांवा मितवापुर थाना संदीपनघाट को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बलिहांवा मोड़ से इमामगंज बाजार को जाने वाले मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया गया।



## थाना पिपरी अन्तर्गत हुई हत्या की घटना के तीन वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। 11 फरवरी, 2025 को थाना पिपरी अन्तर्गत वार्ड नं0 5 कस्बा चायल में शराब की दुकान के पास एक युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की मां की तहरीर के आधार पर थाना पिपरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना पिपरी को घटना के सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। 13 फरवरी, 2025 को साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना पिपरी पुलिस प्रभारी निरीक्षक शिवरचन राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित 03 वांछित प्रभा शंकर उर्फ कल्लू, रामानुज चौबे, कृष्णा निवासीगण ग्राम दुर्गापुर थाना पिपरी को मुखबिर की सूचना पर नेवादा रोड भावापुर तिराहा पुलिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी कृष्णा की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद लकडी का मोटा डण्डा मखऊपुर तिराहा के पास झाडी से बरामद किया गया।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित विवेक कुमार निवासी सेवढ़ा थाना पिपरी को मुखबिर की सूचना पर दूल्हापुर नगर चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक मनोज तोमरमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी तरुन कुमार निवासी दर्जिन का पुरवा मजरा सयारा मीठेपुर को गिरफ्तार किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में सात गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 04, थाना सराय अकिल से 01, थाना सैनी से 01, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 76 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा हुआ दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के टड़हर गांव में बीते रविवार को शालिनी के कमरे के अंदर संदिग्ध दशा में साड़ी के फंदे के सहारे लटके मिले शव में नया मोड़ आया है। मृतका के पिता सुखराज ने मृतका बेटी के पति, सास और ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

सैनी थाना क्षेत्र के सैनी निवासी सुखराज पुत्र छेदीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर दिया कि उसके अपनी पुत्री शालिनी की शादी दो व वर्ष पूर्व टड़हर निवासी पिंटू पुत्र हनुमान प्रसाद के साथ हिंदू रीतू रिवाज के अनुसार की थी। मृतका के पिता का आरोप है कि शादी के बाद से मेरी पुत्री को दहेज के लिए पति, सास व ससुर द्वारा लगातार मारा पीटा व प्रताड़ित किया जाता था जिसकी शिकायत पुत्री ने कई बार किया लेकिन हमने उसे समझा बुझा कर भेज दिया था। बीते रविवार को उन सभी ने मिलकर उसे मार डाला। जिसकी सूचना मुझे दूसरे रिश्तेदारों के माध्यम से मिली। बेटी के घर पहुंचने पर मुझे उसका शव कमरे के अंदर लटकता हुआ मिला। जिसकी सूचना मैने कोखराज पुलिस की दी थी। पिता की तहरीर पर कोखराज पुलिस ने पति पिंटू, ससुर हनुमान प्रसाद व सास के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 15 फरवरी को

**कौशाम्बी।** शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देष्य से जिला सेवायोजन कार्यालय,रा0आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 15 फरवरी, 2025 को महर्षि डिग्री कालेज, परसरा, भरवारी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जायेंगी। रोजगार मेले में टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल सभी प्रकार के शिक्षित अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10.30 बजे अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, रिज्यूम के साथ पहुॅचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

# ट्रांसजेन्डर के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रस्तावित एक्शन प्लान के तहत एवं जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में ग्राम पथरा कला, तहसील मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता मे ट्रांसजेन्डर के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रांसजेन्डर को अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में उपस्थित चीफ लीगल एड डिफेन्ड काउन्सिल, अमित मिश्रा द्वारा ट्रांसजेन्डर के अधिकारों उनको मिलने वाली सुविधाओं एवं विधिक जानकारी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्णिमा प्रांजल, चीफ लीगल एड डिफेन्ड काउन्सिल, अमित मिश्रा एवं पी0एल0वी, कृष्णा कपूर उपस्थित रहें। शिविर की समाप्ति के उपरान्त हिन्दुस्तान ईट उद्योग, ग्राम रहीमपुर मौलनी, थाना करारी, जनपद कौशाम्बी का अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल एवं चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अमित कुमार मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान पाया गया कि छोटे-छोटे बच्चे ईट पथाई और ढुलाई के कार्य में व्यस्त थे मौके पर मौजूद माता पिता को बच्चों को स्कूल भेंजने एवं बच्चों से ईट पथाई व मजदूरी का कार्य न कराने की हिदायत दी गयी।

ईट भट्टे पर उपस्थित मजदूरों को शासन द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। मजदूरों को योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान ईट भट्टे का संचालक अनुपस्थित रहा।

# जिला आबकारी कार्यालय में स्थापित किया गया कन्ट्रोल रूम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला आबकारी अधिकारी राजेश प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में ई-लाटरी की प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त जानकारी उपलब्ध कराने तथा इस प्रक्रिया में आवेदकों को आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कन्ट्रोल रूम में तैनात किये गये कार्मिक- शैलेन्द्र कुमार गौतम आबकारी निरीक्षक मो0नं0-9454466158 एवं सुनील कुमार सिंह आबकारी निरीक्षक मो0नं0-9454466159 पर आबकारी नीति एवं व्यवस्थापन से सम्बन्धित सूचना प्राप्त की जा सकती हैं।

# किसान भाई प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजनान्तर्गत करें ऑनलाइन बुकिंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया प्रारम्भ है, जो लक्ष्य की समाप्ति तक कृषकों द्वारा इसका लाभ प्राप्त करनें के लिए विभागीय वेबसाइट पर सोलर पंप बुकिंग करें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जा सकेंगी। योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000.00 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कंफर्म की सूचना मोबाईल पर प्राप्त होनें पर कृषक अंश की अवशेष धनराशि विभागीय पोर्टल से चालान जनरेट कर ऑनलाइन या ऑफलाइन इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में निर्धारित समयावधि में जमा करना होगा। कृषक अंश न जमा करनें पर कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेंगा एवं जमा टोकन मनी रू0 5000.00 जब्त कर ली जायेगी। योजनान्तर्गत विभिन्न क्षमता के सोलर पंप 60 प्रतिशत अनुदान पर किसानों की सुविधाओं के लिए लगाया जायेगा। सोलर पंप के तीन व पॉच हार्स पावर के लिए 6 इंच तथा साढ़े सात व दस हार्स पावर हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जानें पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवेदन निरस्त हो जायेगा। सूक्ष्म सिंचाई तकनीकी का प्रयोग इच्छुक, प्रयोग कर रहे दोहित एवं अतिदोहित क्षेत्र के कृषक भी अपनें डीजल पम्प से संचालित बोरिंग को सोलर पम्प में परिवर्तित कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति विशेष द्वारा कृषक अंश की धनराशि जमा करनें के लिए कृषक को फोन किया जाता है, तो कृषक भाई इसे संज्ञान में न लें। अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय मंझनपुर कौशाम्बी में सम्पर्क कर सकते हैं।

# घरेलू विवाद में साले ने जीजा का सिर फोड़ा

**चायल, (कौशाम्बी)।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के बिहका गांव की सोनम वर्मा के मुताबिक बुधवार को वह पति रोहित कुमार के साथ मायके पट्टी अब्दुल रऊफ गांव शादी में शामिल होने गई थी। आरोप है कि घरेलू विवाद को लेकर पति का भाई हरिश्चन्द्र वर्मा से विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर साले ने लाठी से जीजा रोहित कुमार का सिर फोड़ दिया। शोर सुनकर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# सराय अकिल कस्बे मे महाकुंभ में आने वाले यात्रियों को निशुल्क भोजन व जलपान की व्यवस्था की



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल (कौशांबी)-** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे के फकीराबाद चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी गण व नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों को ठहरने व निशुल्क भोजन व जलपान की व्यवस्था की , महाकुंभ में यात्रियों के ठहरने के लिए आदर्श इंटर कॉलेज, सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज रैनबसेरा में व्यवस्था की हैबता दे ,सराय अकिल फकीराबाद चौराहे पर महाकुंभ में स्नान करने वाले यात्रियों को परेशानी ना हो इसलिए भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारीगण व नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने निशुल्क भोजन व जलपान की व्यवस्था की,नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने फकीराबाद चौराहे पर यात्रियों को ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की है जो प्रयागराज महाकुंभ के अमृत स्नान पर्व पर यात्रियों को सराय अकिल कस्बे में आदर्श इंटर कॉलेज सरदार वल्लभभाई पटेल रैनबसेरा में ठहरने निशुल्क भोजन व जलपान की व्यवस्था की, मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह सराय अकिल भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश नंदन मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष पीयूष रस्तोगी मंडल उपाध्यक्ष भवन जायसवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य विकास गुप्ता दीपू जयसवाल चुन्नीलाल त्रिपाठी रमेश स्वर्णकार पूर्व प्रधान राजेश तिवारी कुलदीप ताम्रकार अजय शुक्ला आदि भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे,

# ब्लॉक संसाधन केंद्र मंझनपुर में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।**बृहस्पतिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मंझनपुर में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम(उत्सव) का आयोजन किया गया जिसमें नोडल अध्यापक एवं को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रही।कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के पश्चात किया गया। सीडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि बाल वाटिका के सम्यक संचालन से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में सहजता होगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के क्षमता संवर्धन के लिए प्रशिक्षण एवं हमारा आंगन एवं हमारे बच्चे कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिससे उनकी दक्षता एवं कर कुशलता में वृद्धि हो सके एवं 5 से 6 आयु के बच्चें जो आंगनबाड़ी केन्द्रो में सीख रहे है वो जब कक्षा एक में जाएं तो निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो। खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद गुप्ता ने सभी नोडल शिक्षण संकुल नोडल अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकतियों से कहा कि आप सब आपसी समन्वय से चहक कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन करें। आपके लिए शासन द्वारा परख, परिकलन, सहज, गतिविधि पुस्तिका, बच्चों को खेलने के लिए सामग्री, वंडर बॉक्स, बिग बुक दिया गया है। सभी आंगनबाड़ी केदो पर इन सामग्रियों का जितना उपयोग किया जाएगा, उतनी ही सहजता और आसानी के साथ सीखेंगे। कार्यक्रम के नोडल ए आर पी ओम दत्त त्रिपाठी ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के उद्देश्य वह आवश्यकता पर प्रकाश डालने के साथ-साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से वाल वाटिका, आंगनबाड़ी केदो पर बाला के अंतर्गत निर्मित टी एल एम, आंगनबाड़ी केदो के बच्चों के साथ सामाजिक एवं भावनात्मक गतिविधियों पर आधारित खेल, विभाग द्वारा प्रदान किए गए सहायक सामग्री आदि का प्रस्तुतीकरण पी पी टी के माध्यम से किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय के 20 निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया।प्रा वि डूंडीबाग के छात्र खास नारायण ,प्रा वि नेम का पूरा से ऋषभ,प्रा वि कादिराबाद से आनंद व सत्यम,प्रा वि सल्लहा से रागिनी,प्रा वि थाम्बा से प्रतीक कुमार,कम्पोजिट विद्यालय खोरा से शाहनाज़,प्रा वि दीवर सेअहमदप्रा वि मंझनपुर द्वितीयश्रीयांश,प्रा वि ओसा प्रथम अंशिका,कम्पोजिट वि टेनशाह आलमाबाद अमृता आदि को पुरस्कृत किया गया। दस बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों वर्षा सिंह प्रा. वि. टेवा द्वितीय, दिनेश कुमार प्रा वि शरीफपुर, शामिमु द्दीन कम्पोजिट नेवारी, श्री तनुज तिवारी,अम्बावा पूरब,अवनीश यादव प्रा वि बभनपुरा,मोहम्मद सिप्तेन,प्रा वि चक थाम्बा, अनिल केसरवानी कम्पोजिट रसूलपूर, आकाश शर्मा प्रा वि डूंडीबाग,श्री सुजीत कुमार प्रा वि पिंडरा सहावनपुर हेमलता सिंह कम्पोजिट कोतारी पश्चिम को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मंजू देवी भी उपस्थित रही। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील की कि आप कक्षा एक नोडल शिक्षक के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा दे। कार्यक्रम का संचालन ए आर पी श्री मायापति त्रिपाठी ने किया।

संक्षिप्त खबरें

## सीओ की फटकार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ महिला के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्राम सिंह निवासी हरिश्चंद्र की पत्नी रेवती देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्तीस जनवरी को सराय संग्राम सिंह के श्याम लाल के पुत्र जगन्नाथ, पिपरी के अनुभव कुमार व सौंना सरैंया के अमन ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया। केस दर्ज करने में आनाकानी देख पीड़िता ने सीओ से फरियाद की। सीओ रामसूरत सोनकर के आदेश पर पुलिस ने बुधवार की शाम आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## शिक्षामित्र के साथ छेडछाड को लेकर आरोपी पर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शिक्षामित्र के साथ आरोपी द्वारा छेडछाड व मारपीट को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता एक विद्यालय में शिक्षामित्र है। बीती अटठाईस जनवरी की शाम वह स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के आरोपी हरिप्रताप सिंह उर्फ श्यामू पुत्र अशोक ने काफी दूर तक उसका पीछा किया। इसके बाद आरोपी ने पीडिता का बदनीयती से हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपी ने पीडिता पर हमला कर दिया। इससे उसको चोटें आ गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट तथा छेडछाड का बुधवार की शाम केस दर्ज किया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जमालपुर निवासी रामलखन की पत्नी अंजू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह फरवरी को दोपहर गांव के बाबूलाल पुत्र कल्लू, गुड़िया पत्नी बाबूलाल व खुशबू तथा हिमांशी पुत्रीगण बाबूलाल ने गालीगलौज किया। मना करने पर आरोपियों ने एकराय होकर उसे लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियों ने शोर मचाने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की देर शाम आरोपी बाबूलाल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संत रविदास की जयंती पर संविधान की मजबूती का संकल्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजापुर स्थित रविदास मंदिर में बुधवार की देर शाम संत रविदास जी की जयंती मनाई गयी। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा जयंती कार्यक्रम में जय गांधी, जय भीम तथा जय संविधान पर चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने दलित वर्ग के अधिकारों को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी गयादीन व संचालन रामजस कुरील ने किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकृपाल पासी ने बतौर मुख्य अतिथि संत रविदास के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संदीप यादव, उमाशंकर शर्मा, मोती लाल भास्कर, हरी लाल गौतम आदि रहे।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। वह दिन में दो बजे पुरवारा के कटरा दुग्धा स्थित राजेश्वर कामता प्रसाद पटेल शिक्षा निकेतन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगी। इसके पहले विधायक मोना दिन में सवा एक बजे अगई मोड पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। एक दिवसीय दौरे में वह मादामई, पुरवारा, शुक्लन का पुरवा धारूपुर, टोडरपुर में भी लोगों से मुलाकात करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीड़ित को चुटहिल करने को लेकर चालक के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी गयी है। लालगंज कोतवाली के खजुरी निवासी रमेश कुमार वर्मा पुत्र जीतलाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह फरवरी को सायं साढे छः बजे उसका भाई सुजान वर्मा नगर में अपने कपड़े की दुकान से बाइक से घर जा रहा था। खजुरी गोदाम के पास तीव्र गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पीडित के भाई को चोट लग गयी और वह बेहोश हो गया। लालगंज ट्रामा सेण्टर में इलाज के बाद गंभीर दशा में घायल को चिकित्सकों ने रायबरेली एम्स रेफर कर दिया। वहां घायल का इलाज जारी है। पीडित ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने की फरियाद की है।

## भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नौढ़िया गांव में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर गुरूवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। भक्ति संगीत के कार्यक्रम को भी देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। आयोजन में कथाव्यास अतुल जी महराज को संयोजक पं. माताफेर तिवारी व पूर्व प्रधान आशीष तिवारी ने माल्यार्पण व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। भण्डारे में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी भी शामिल हुए। इस मौके पर भुवनेश्वर शुक्ल, श्रीनारायण तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राधेकृष्ण तिवारी, श्यामकृष्ण तिवारी, अखिलेश तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, उदयकृष्ण तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, आशीष शुक्ला, देवेश तिवारी, कौशल पाण्डेय, नरेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

## क्षेत्र में चोरों का कहर जारी, दहशत

**देल्हूपुर प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कलानी गांव में स्थित शिव मंदिर में चोरी करने आए चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। साथ ही देल्हूपुर पुलिस को सौंप दिया गया। सूत्रों की माने तो अब देल्हूपुर थाना की पुलिस सूचना देने वाले को भी मुल्जिम बनाने में जुटी हुई है। सूचना देने वाले को भी पकड़ लिया है। साथ ही चोरी करने वाले चोर को छोड़ दिया गया। जबकि पीड़ित ने दी नामजद तहरीर दी है।इसके पहले भी देल्हूपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई चोरिया हुई लेकिन पुलिस अभी तक खुलासा करने में हाफ रही है।सूत्रों की माने तो तहरीर देने गए पीड़ित को ही पुलिस ने थाने पर बैठा लिया।

## सड़क हादसों में महिला समेत छह घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के मिश्रदयालपुर गांव निवासी संजय शिल्पकार की 27 वर्षीय पत्नी बेबी शिल्पकार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। अन्य हादसों में कुंडा के रानी माहेश्वरी नगर मोहल्ला निवासी उपेन्द्र सिंह की 44 वर्षीय पत्नी गरिमा सिंह, सुभाष नगर मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय मोनू शुक्ला, करेंटी रोड मोहल्ला निवासी शिव कुमार सोनी की 36 वर्षीय पत्नी आरती सोनी, बरई गांव निवासी 50 वर्षीय सलीम अहमद और मानिकपुर थाना क्षेत्र के बुलाकीपुर गांव निवासी 46 वर्षीय धर्मेन्द्र सिंह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## बुखार से पीड़ित युवती की मौत, कोहराम

**कुंडा प्रतापगढ़।** ननिहाल में रही युवती को बुखार हुआ था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडा थाना क्षेत्र के सहिबापुर भदरी गांव निवासी राम सजीवन दो वर्ष पहले और उसके पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी थी। पिता की मौत के बाद उसकी 18 वर्षीय बेटी सोनी गौतम अपने नाना के घर महेशगंज थाना क्षेत्र के मानधाता का पुरवा रायगढ़ गांव निवासी कलेशर गौतम के यहां रहती थी। ननिहाल में रही सोनी गौतम पखवाड़ा भर से बुखार से बीमार थी। जांच के दौरान टाइफाइड निकला। उसका इलाज प्रयागराज के निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार को रात उसकी सांसें थम गई।

# सीमा पर अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए निर्माण परियोजना के लिए भूमि आवंटन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक- प्रमोद तिवारी

● **राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने पीएम पर सुरक्षा मापदण्डों और नियमों में बदलाव को लेकर बोला हमला**



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पाकिस्तान के सीमावर्ती कच्छ सीमा से महज एक किलोमीटर दूर बड़े सोलर और विंड पावर प्लांट के निर्माण को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर कहा है। उन्होनें इस मामले में सीधे प्रधानमंत्री की घेराबंदी करते हुए कहा है कि पीएम मोदी ने अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में खतरनाक समझौता किया है। उन्होनें कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सरहदों की रक्षा के मददे नजर भारत पाकिस्तान सीमा से दस किलोमीटर तक मौजूदा गांवों और सड़को को छोडकर किसी भी बड़े निर्माण की अनुमति नहीं दी गयी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके बावजूद मोदी जी के मित्र अडानी कच्छ के क्षेत्र में भारत पाकिस्तान सीमा से सिर्फ एक किलोमीटर की दूरी पर बड़े सोलर और विंड पावर प्लांट का निर्माण करा रहे है। उन्होने कहा कि ऐसा करके सीमा सुरक्षा के मानदण्डों और नियमों में बदलाव करके प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे भूभागीय अखण्डता के साथ भददा मजाक किया है। उन्होनें कहा कि सिर्फ अडानी को सस्ती जमीन देने के लिए इतना बड़ा राजनैतिक फैसला हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे मे डाल सकता है। उन्होनें यह भी कहा कि इस फैसले से भाजपा का फर्जी राष्ट्रवाद और नकली देश प्रेम भी देश के सामने उजागर हो गया है। बकौल राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी असल में हुआ ऐसा कि गुजरात के कच्छ क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसईसीआई को गुजरात सरकार ने एक नवीनीकरण ऊर्जा पार्क के लिए तेईस हजार हेक्टेयर भूमि आवंटित की थी। उन्होने कहा कि इस आवंटन में एक बाधा यह थी कि एसईसीआई को आवंटित जमीन भारत पाकिस्तान सीमा के काफी करीब थी। उन्होने कहा कि वहां रक्षा प्रतिबन्धों का मतलब था कि उस जमीन पर केवल विंड टरबाइन ही बन सकता था। सोलर पैनल नहीं लग सकता था।

उन्होनें कहा कि एसईसीआई का कहना था कि इन बंदिशों की वजह से यह परियोजना पूर्ण होने में दिक्कत में है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मुताबिक अप्रैल, 2023 में गुजरात के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर इस मामले को रक्षा मंत्रालय के साथ उठाने को कहा। उन्होनें कहा है कि इस संदर्भ में गुजरात सरकार के सोलर व विंड प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बीती इक्कीस अप्रैल, 2023 को दिल्ली में एक गोपनीय सरकारी बैठक बुलायी गयी। उन्होने कहा कि इस बैठक में सैन्य संचालन महानिदेशक, गुजरात न्यू एण्ड रिन्यूबल एनर्जी मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा एसईसीआई ने भी भाग लिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि एक रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अर्न्तराष्टीय सीमा पर टैंक मूवमेण्ट और सुरक्षा निगरानी में सोलर पैनलों से दिक्कतें आने की आशंकायें जतायी गयी थी। उन्होनें कहा कि किन्तु डेवलपर्स ने आश्वासन दिया कि दुश्मन की टैंक गतिविधियों को देखने में सोलर पैनल बाधा नहीं बनेंगे।

उन्होनें कहा कि इसके बाद सोलर पैनल के साइज में बदलाव की सैन्य अधिकारियों के अनुरोध को डेवलपर्स ने खारिज कर दिया था। उन्होनें कहा कि बैठक के अन्त में रक्षा मंत्रालय ने सोलर पैनलों को दो किलोमीटर और विंड टरबाइनों को पाकिस्तान से एक किलोमीटर के करीब की अनुमति को आठ मई 2023 को मोदी सरकार ने औपचारिक रूप से फैसला भी दे दिया था। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि नियमों मे परिवर्तन के लिए सभी मंत्रालयों को एक अधिसूचना जारी की गयी। उन्होनें सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस खेल में एसईसीआई की सभी चिन्ताओं के निवारण के बावजूद तीन महीने बाद कंपनी ने नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर जमीन वापस कर दी। उन्होनें कहा कि इसके बाद गुजरात सरकार ने इसे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के लिए आरक्षित करने के अपने पहले के फैसले को पलटा और इसे अडानी को आवंटित कर दिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि इस तरह से केन्द्र की मोदी सरकार और गुजरात की भाजपा सरकार ने पूरी सांठ गांठ से साजिश रचकर सारे नियम कानून बदलकर जमीन अन्ततोगत्वा अडानी को सौंप ही दी। उन्होनें कहा कि कमाल की बात यह है कि नियम मे राहत न केवल भारत पाकिस्तान सीमा पर बल्कि बांग्लादेश, चीन, म्यांमार और नेपाल से सटी सरहद पर भी कर दी गयी। उन्होने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में इस खतरनाक फैसले को लेकर देश की जनता के सामने जबाबदेही पर भी जोर दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां गुरूवार को निर्गत किया गया है।

## मोटर साइकिल चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी प्रतापगढ़।** थाना पट्टी के उप निरीक्षक राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह कांस्टेबल सोनू कुमार द्वारा गुरूवार को दिन में 2 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मोटर साइकिल चोरी के अभियोग में वांछित आरोपी मनीष सिंह पुत्र भोला उर्फ भलई निवासी ग्राम पूरेबाबा गोसाई मजरे उत्तरपारा थाना भदोखर जनपद रायबरेली को पट्टी कस्बे से गिरफ्तार किया।

## डीजे मशीन को अज्ञात चोरों ने उड़ाया, दी गई तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़ित ने डीजे मशीन चोरी होने की घटना में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के अमावां पूरे गोसांई का पुरवा निवासी राज नारायण मौर्या पुत्र महादेव ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह फरवरी की रात कौहली बाबा सराय जगत सिंह के सामने स्थित अपने मकान पर डीजे खड़ा कर रखा था। रात में डीजे मशीन को चोर उठा ले गये। पीडित ने चोरी की घटना में कार्रवाई की फरियाद की है।

# श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में श्रद्धालुओं की निरंतर सेवा कर रहे हनुमान भक्त

● **श्रद्धालुओं की सेवा करने का भी मिला सौभाग्य- रोशनलाल उमरवैश्य**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** महाकुंभ प्रयागराज संगम जाने वाले श्रद्धालुओं को प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में ठहरने आदि की व्यवस्था मंदिर समिति ने की है। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु ठहरकर रात्रि विश्राम करके प्रसाद ग्रहण कर संगम जा रहे हैं। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए स्नान आदि की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति के व्यवस्थापक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि संगम और अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु यहां पर रुक कर विश्राम कर प्रसाद ग्रहण करके जा रहे हैं। सभी की सेवा के लिए हनुमान भक्त तत्पर हैं।

श्रद्धालुओं को महीने भर से ठहरने आदि सारी व्यवस्था हनुमान भक्त कर रहे हैं। आज भी नेपाल, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, बिहार आदि प्रान्तों के श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विश्राम कर हनुमान जी महाराज का भजन कीर्तन कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह अयोध्या धाम व काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए। यहां ठहरे हुए श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर भजन करते हुए एवं झूमते हुए नजर आए। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कर हनुमान भक्त सेवा में लगे हुए हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा आदि की भी पूरी व्यवस्था की गई है। जो श्रद्धालु यहां पर ठहरते हैं उन सबको पूरी व्यवस्था दी जा रही है। बहुत से श्रद्धालु स्वयं भोजन तैयार कर रहे हैं। जिनके पास व्यवस्था नहीं है हनुमान भक्त प्रसाद की व्यवस्था करा रहे हैं। माघी पूर्णिमा पर जो श्रद्धालु मंदिर परिसर पर ठहरें थे सभी के लिए हनुमान भक्तों ने प्रसाद आदि की पूरी व्यवस्था देकर सेवा करने की कोशिश की। इस दौरान किशन लाल, श्याम, कपिल देव,सुरेश अग्रवाल, सत्य प्रकाश केडिया, रामगोपाल, आशीष कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, पंकज यादव, श्याम बाबू, सूरज उमरवैश्य, पप्पू, शनि महाराज, सोनू महाराज, आशीष लाइट, सुरेश माली, अशोक कुमार, विजय बाबू, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, हरिनाम सिंह, सचिन, विजय आदि भक्तगण सेवा में लगे हैं।

## तनुज मिश्र का आईआईटी जेईई मेंस में हुआ चयन, खुशी



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित पुनीत इण्टर कालेज के मेधावी तनुज मिश्र को आईआईटी जेईई मेंस में कामयाबी हासिल हुई है। विद्यालय के छात्र की सफलता पर गुरूवार को शिक्षकों ने मुंह मीठा कराकर खुशी साझा किया। विद्यालय के प्रबंधक इं. जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी तथा प्रधानाचार्य बीएन तिवारी ने मेधावी तनुज का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सफल मेधावी तनुज ने कामयाबी का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललित तिवारी ने किया। इस मौके पर योगेश कुमार सिंह, कैलाशनाथ मिश्र, कुलदीप मिश्र, सुनील सिंह, मनोज गुप्ता आदि रहे।

# जेवरात एवं 4 देशी बम के साथ चोरी में वांछित गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**अन्तू,प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को 04 अवैध देशी बम के साथ किया गया गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर चोरी के आभूषण,जेवरात( सफेद व पीली धातु) व नगद रूपये कुल 3050-रू0 बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अंतू प्रभारी निरीक्षक श्री आनन्दपाल सिंह के नेतृत्व में निरी0 विनोद कुमार यादव मय हमराह का0 दीपक यादव, का0 अंकित यादव चालक का0 उपेन्द्र यादव थाना अंतू व विशेष टीम प्रभारी निरीक्षक गुलाब सिंह सोनकर मय हमराह का0 राहुल यादव,

का0 अमोघ सिंह, का0 सुनील यादव, का0 बृजेश कुमार सिंह, का0 आनन्द यादव, का0 विरेन्द्र यादव का0 चालक कुँवर मोहन सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी, चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना थाना अंतू के मु0अ0सं0 145६24 धारा 457, 380, 411 भादवि0 से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त, महेश वर्मा पुत्र रमेश निवासी डडवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र अंतू के आरटीओ आफिस के बगल गड़वारा जाने वाली रोड़ से 04 अदद देशी बम जिन्दा नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर सफेद व पीले धातु (ग्राम नरी से चोरी से बरामद माल पायल नई सफेद धातु 40.6 ग्राम, पायल पुरानी सफेद धातु वजन 101 ग्राम, विछिया 6 अदद 14.6 ग्राम, पीले धातु की लाकेट 102 ग्राम ) तथा ग्राम कौशिल्यापुर से चोरी के जेवरात (पायल 03 जोडी वजन 106 ग्राम, विछिया 3 जोडी 7.2 ग्राम, सिक्के सफेद धातु के 02 अदद 17 ग्राम, पीले रंग के कान की एक जोडी झाला वजन 4 ग्राम,) व नगद रूपये कुल 3050६-रू0 (1400 रू0 मुन्ना पटेल के घर से व 1650 रू0 विजय कुमार गुप्ता के घर से चोरी के बरामद किया गया । उक्त माल बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411,457 भादवि0 की बढोत्तरी की गई ।

अवैध 04 अदद देशी बम बरामदगी के आधार पर थाना अंतू में मु0अ0सं0 35६25 धारा 4६5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा अपहरण व दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर श्री दीप नारायण के नेतृत्व में उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह का संजीव कुमार, का0 हरवीर सिंह द्वारा दिनांक 13.02.2025 को देखभाल क्षेत्रध् संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित वांछित 1. सुचित गुप्ता पुत्र सुरेश कुमार गुप्ता निवासी ग्राम बड़गौ थाना मानकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र मानिकपुर के ग्राम बड़गौ से गिरफ्तार किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग उपरोक्त में धारा 65(1) व 3ध्4 पाक्सो एक्ट बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई ।

# धोखाधडी मामले में 2 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफतार

● **3 बाइक एवं 2 मोबाइल बरामद**

लोकमित्र ब्यूरो

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** धोखाधड़ी व कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर नम्बर प्लेटों की फेरबदल करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की 03 मोटर साइकिल, 03 (कूटरचित) नम्बर प्लेट व 02 मोबाइल बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना लीलापुर थानाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना लीलापुर के उपनिरीक्षक सौरभ यादव मय हमराह उप निरीक्षक रामनरेश, हेड कांस्टेबल प्रेमपाल, हेड कांस्टेबल नागेंद्र,कॉन्स्टेबल,राजकुमार,कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी, चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना थाना लीलापुर के मु0अ0सं0 31६2025 धारा 303 (2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों, 1. विशाल वर्मा पुत्र स्व0 सोभनाथ वर्मा निवासी ग्राम महुआताल मजरे जगदीशपुर थाना अतू जिला प्रतापगढ़, 2. अरविंद उर्फ वकील पुत्र रामचंद्र वर्मा निवासी ग्राम महुआताल मजरे जगदीशपुर थाना अंतू जिला प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र लीलापुर के गंगापुत्री पुल के पास के पास से चोरी की 03 मोटर साइकिल,

03 (कूटरचित) नम्बर प्लेट व 02 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)६317(3)६317(4)६3 3 8 ६ 3 3 6 ६ 3 4 0 ६ 3 1 8 बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी की गयी । गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग तीन मोटरसाइकिले चोरी करके इकट्ठी की थी जिन्हें हम बेचने के लिए खड़े हैं । एक व्यक्ति जिसका मुझे नाम नहीं पता है देखने आने वाला था । किसी कारण वश नहीं आया । उसी का इंतजार कर रहे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया ।

## ट्रेन की चपेट में आने से घायल युवक की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** खेत से लौट रहा युवक रेलपटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां से प्रयागराजरेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मानिकपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के नयापुरवा अदलपुर मोहल्ला निवासी बचई प्रसाद का 38 वर्षीयबेटा मोतीलाल मौर्या बुधवार को दोपहर में चकोलिया गांवके पास स्थित अपने खेत में गया था। खेत से लौटते समय जैसेही वह रेल पटरी पार करने लगा, दिल्ली से प्रयागराज जा रही ऊंचाहार दिल्ली एक्सप्रेस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां सेमेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान गुरुवार को सुबह मौत हो गई। शव कापोस्टमार्टम प्रयागराज में हुआ। मृतक चार भाइयो में सबसे छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी, माता-पिता का पहले हीनिधन हो चुका है।

## कुंए मे गिरे सांड को फायर कर्मियों ने बाहर निकाला

**पट्टी प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के लोहार ताला गांव में गुरुवार को दिन में 8,30 बजे के आसपास एक सांड कुएं में गिर गया था। वहां से गुजर रहे किसी राहगीर ने जब देखा तो उसने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन वह बाहर नहीं निकाल सके।

ग्रामीणों ने तुरंत ही मामले की सूचना फायर सर्विस यूनिट रानीगंज को दी।

सूचना पर पहुंचे फायर सर्विस यूनिट रानीगंज के प्रभारी सोहनलाल, चालक संजय कुमार, फायरमैन राहुल कुमार, विपिन कुमार, विनय यादव, विशाल कुमार व आकाश कुमार ने रस्सी की सहायता से ग्रामीणों की मदद से सकुशल सांड को बाहर निकाल लिया।

# जय हिंद नेशनल पार्टी ने मनोज कुमार श्रीवास्तव को बनाया महासचिव



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जय हिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष श्रीवास्तव ने पार्टी विस्तार के तहत प्रतापगढ़ सिटी निवासी जिले के समाजसेवी और लक्ष्मी फाउन्डेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के ऊपर भरोसा जताते हुए जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें महासचिव पद पर नियुक्त किया। डॉ आशीष ने बताया कि मनोज अपनी कार्य क्षमता के अनुसार अपनी पार्टी की जिम्मेदारियां को पूरा करेंगे और उनका क्षेत्र जिला प्रतापगढ़ रहेगा। वह जल्द ही जनपद में पार्टी की नई कार्यकारिणी और कार्यालय भी स्थापित करेंगे। पार्टी के सभी नियम,नीतियों,शर्तो और पार्टी के दिशा निर्देश को बरकरार रखते हुए उद्देश्यों को बढ़ावा देंगे।मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा की जय हिंद नेशनल पार्टी देश के प्रगति और उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहेगे। मनोज कुमार श्रीवास्तव के नियुक्त होने पर जनपद के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ विनय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव,डॉ ज्योति श्रीवास्तव,कमला श्रीवास्तव,विपिन सिंह,अवधेश सिंह,डॉ क्षितिज श्रीवास्तव अर्जुन सिंह,राहुल तिवारी,अशोक पांडे,शारदा पांडे, संजय खरे,शिवम विश्वकर्मा,अशोक पाल रामनेवाज पाल आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## परास में आयोजित किया गया पशु कल्याण पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के परास का मजरा मोगरी आमद हथगाम में पशु कल्याण पखवाड़ा के तहत जागरूकता व उपचार शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को आयोजित किया गया। जहां मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी अजुहा डॉ0 विवेक सिंह ने पशु पालन विभाग की टीम के साथ शिविर लगाकर वहाँ मौजूद पशुओं की विस्तृत जांच की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार दवाईयां प्रदान की। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं से संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए दवा वितरण एवं बकरी पालन , टीकाकरण , टैगिंग , वर्गीकृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया और पशु पालकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में दर्जनों पशुपालकों ने लाभ लिया । इस दौरान पशु विभाग की टीम मौजूद रही।

## बिजली कनेक्शन का विच्छेदन करने गए संविदाकर्मियों को दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर गांव में गुरुवार की दोपहर बिजली का बिल जमा न होने पर कनेक्शन का विच्छेद करने गए संविदाकर्मियों के साथ उपभोक्ताओं ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। संविदाकर्मियों ने थाने जाकर दो उपभोक्ताओं के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।राहुल कुमार पुत्र रामकृष्ण विद्युत उपकेंद्र मखऊपुर में संविदाकर्मी के पद पर कार्यरत है। उनके अनुसार वह गुरुवार की दोपहर अपने साथियों अमित पांडेय, सतीश कुमार और डेविड के साथ मुरादपुर गांव गए थे। उन्होंने बिजली का बिल जमा न करने वाले दो उपभोक्ताओं के घरों का कनेक्शन काटने लगे। आरोप है कि दोनों उपभोक्ता उनके पास पहुंचकर गाली गलौज करने लगे। गाली का विरोध करने पर उन्होंने संविदाकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी और उनका मोबाइल छीनने लगे। इस घटना के बाद संविदाकर्मियों ने उपकेंद्र लौटकर अवर अभियंता जैनुद्दीन अंसारी को मामले की जानकारी दी। उन्होंने थाने जाकर दोनों उपभोक्ताओं के खिलाफ मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## सड़क पर घायल अवस्था मे पड़े गोवंश का बजरंगियों ने कराया इलाज



**कड़ा, (कौशाम्बी)।** सैनी थाना क्षेत्र के विजयीपुर चौराहे पर गुरुवार को एक गोवंश घायलावस्था में सड़क पर तड़प रहा था।इस बात की जानकारी राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा को हुई तो वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और गोवंश का इलाज कराकर उसे वाहन से गौशाला भेजवाया।स्थानीय लोगों ने जिलाध्यक्ष समेत अन्य कार्यकर्ताओं की खूब प्रशंसा की।इस दौरान अनुराग भट्ट, श्रवण पटेल ,राघव पंडा, अनमोल पंडा, हरिश्चंद्र, स्वराज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत के निस्तारण का स्वयं मौका मुआयना किया, निस्तारण सही पाया गया



**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सन्दर्भ सं0-30088624000661 शिकायतकर्ता विजय कुमार निवासी गाम-ऐदिलपुर परगना करारी तहसील मंझनपुर द्वारा पट्टे की भूमि की पैमाइश कर कब्जा दिलाये जाने के संबंध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र की जॉच करायी गयी। लेखपाल कोतारी पश्चिम की जॉच आख्यानुसार प्रकरण का स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कराये जाने पर पाया गया कि आ0सं0 95 रक्बा 0.0460 हे0 पर आवेदक विजय कुमार की माता सुन्दरिया देवी पत्नी रतऊ का नाम राजस्व अभिलेखों में बतौर असंक्रमणीय भूमिधर दर्ज है, 07 दिसम्बर, 2024 को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में पट्टे की भूमि की पैमाइश एवं मेड बंधवाते हुये कब्जा दिला दिया गया है एवं शिकायतकर्ता संतुष्ट है। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों, समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों, समस्याओं के त्वरित, विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये दिए गए।

# परास के हाजी अब्दुल खालिक कालेज में मनाया गया विद्यालय का 24वां वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह कार्यक्रम

### विद्यालय के प्रबंधक ने बच्चे को गोद लेकर उठाया पढ़ाई का जिम्मा, विधवा मजदूर व टॉपर बच्चों को किया गया सम्मानित





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के परास में स्थित श्री हाजी अब्दुल खालिक इंटर कालेज में बृहस्पतिवार को विद्यालय का 24 वा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं इंटर व हाईस्कूल के छात्रों को नम आंखों से विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर व विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र सोनकर एवं नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत , डांस, सोलो सांग, सहित देश भक्ति गीत, नाटक , कौव्वाली आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित अतिथियों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य मुंसब अली उस्मानी ने पहुंचे अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उसका स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बच्चे जब किसी चीज को देख एवं सुनकर पढ़ते हैं तो उसका रिजल्ट अलग ही होता है। मुख्य अतिथि कल्पना सोनकर ने कहा कि शिक्षा से हर मुकाम को पाया जा सकता है , नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने कहा कि शिक्षा से ही हर ऊंचाई को हासिल कर सकते है । कार्यक्रम का संचालन उबैद उस्मानी ने किया । वहीं विद्यालय के प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य मुंसब अली उस्मानी ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में अध्ययनरत गरीब छात्र को गोद लेते हुए उसकी पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाया, साथ ही दर्जनों बुर्जुग , मजदूर एवं विधवा महिलाओं को अंगवस्त्र भेट कर उन्हें सम्मानित किया।

वहीं कालेज में पढ़ाई में अव्वल आने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गोगा जादूगर का जादू, नागेंद्र भट्ट का देश भक्ति नाटक देख अतिथियों सहित अभिभावक मंत्र मुग्ध हो गए। अंत में कॉलेज में जूनियर छात्रों ने विदा हो रहे सीनियर छात्रों को नम आंखों से विदाई दी।

इस दौरान मुख्य रूप से राजेश कुमार उर्फ बऊवा साहू , शिक्षक रणविजय निषाद , सिफाऊर रहमान , प्रधानाचार्य रविकांत त्रिपाठी सहित तमाम गणमान्य व शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहें।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी, केस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना के चाकवन चौराहे के नजदीक नेशनल हाईवे पर चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया वही घायल बाइक के पिता ने कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

कोखराज थाना के फकीर बक्स का पूरा निवासी धारा सिंह यादव पुत्र स्व बचऊ लाल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र अंकित यादव गांव के अंकुश पाल पुत्र राम लखन के साथ चांकवन चौराहे से बाइक से घर आ रहा था तभी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार अंकित व अंकुश जख्मी हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर ब्लॉक में आंगनबाड़ी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य को लेकर बृहस्पतिवार को पोषण भी, पढ़ाई भी को लेकर ब्लॉक कार्यालय के सभागार में तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण में ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयो ने भाग लिया।

विकास खंड कड़ा के ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता ने पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर शुरू हुए प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

इसी तरह सिराथू ब्लॉक के सभागार में खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया । प्रशिक्षण के दौरान सीडीपीओ मनोज वर्मा ने बताया कि 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यकाल एवं 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा को शुद्धिकरण करने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। पहले दिन पोषण भी पढ़ाई को लेकर मास्टर ट्रेनर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयो को नवचेतना एवं आधारशिला के राष्ट्रीय करिकुलम फ्रेमवर्क प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल की विस्तृत जानकारी दी गई।

सभी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन उपस्थिति रजिस्ट्रेशन व प्री टेस्ट, पोस्ट टेस्ट भी करवा कर प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया गया। सीडीपीओ ने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को अपने-अपने केंद्रों पर लागू करने के निर्देश दिए। मुख्य सेविका ज्ञानमती ने गर्भवती महिलाओं में खून की कमी एवं प्री स्कूल शिक्षा की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य सेविका ज्ञानमती सहित आंगनबाड़ी मौजूद रहें।

## बीडीओ ने बरीपुर में विद्यालय का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** खंड विकास अधिकारी ने विकास खंड सिराथू के बरीपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया जहां विद्यालय में पंजीकृत 162 के सापेक्ष 82 छात्र उपस्थित मिले वही विद्यालय में तैनात पांच अध्यापकों में प्रधानाध्यापक सहित दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए , मौजूद शिक्षक इंद्रजीत अग्रहरि से पूछताछ की जिसके बाद बीडीओ सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने कक्षा में जाकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली एवं विद्यालय का निरीक्षण करते हुए शिक्षण व्यवस्था , साफ सफाई , एमडीएम आदि की जांच पड़ताल किया । इस दौरान विद्यालय में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता व एमडीएम की गुणवत्ता को लेकर बीडीओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी दी।

## पोषण के साथ नौनिहालों मिलेगी प्रारंभिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** आगनवाड़ी केंद्रो में नौनिहालों को पोषण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को लेकर सिराथू ब्लाक व बीआरसी में कार्यकत्रियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षित किया जायेगा। बृहस्पतिवार को ब्लाक सभागार सिराथू में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। सीडीओ मनोज कुमार वर्मा ने कहा बच्चों की प्रारंभिक ज्ञान शिक्षा की नीव होती है।

ऐसे में उन्हें शरीर से स्वस्थ रखने के साथ गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई लिखाई आवश्यक है। बाल विकास एंव पुष्टाहार विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रो पंजीकृत तीन से छह वर्ष के बच्चों को शिक्षित करने के लिए पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

जिसके तहत विकासखंड के 320 कार्यत्रियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के पहले चरण में बृहस्पतिवार को 35 विकासखंड और 35 बीआरसी सभागार में कार्यत्रियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें सुनील कुमार क्षेत्रीय कार्यक्रम अधिकारी सरसवां , डायट प्रवक्ता सत्येंद्र मिश्रा , एआरपी मनोज कुमार सिंह, पीयूष कुमार ने बच्चों को प्रारंभिक ज्ञान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ औचित्य सिंह ने टीकाकरण , स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में जानकारी दी।

## एसडीएम ने सैनी कोतवाली का किया त्रैमासिक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने गुरुवार को सैनी कोतवाली का त्रैमासिक निरीक्षण किया जहां पुलिस कर्मियों ने उन्हें गार्ड सलामी दी ।जिसके बाद निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिराथू ने कोतवाली की साफ सफाई व्यवस्था व थाने में सारे अभिलेखों को चेक किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिराथू ने सैनी कोतवाली का निरीक्षण करते हुए थाने के सभी अभिलेख के अलावा रजिस्टर नंबर 8, थाना समाधान दिवस, तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में भी देखा। रजिस्टर माल खाने को चेक किया गया। इसके अलावा रजिस्टर बीट सूचना, रजिस्टर ग्राम सुरक्षा समिति, रजिस्टर न्यायालय संबंधी वारंट तमीला को चेक किया गया। वहीं एसडीएम ने महिला हेल्पलाइन डेस्क की जांच पड़ताल करते हुए लंबित शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसको लेकर कोतवाली प्रभारी बृजेश करवरिया को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी बृजेश करवरिया के अलावा थाने में कार्यरत एसएसआई कृष्ण स्वरूप , विकास मिश्रा , शौकत अली खान , अंजनी मिश्रा , रघुराज सहित महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मी, प्रशासनिक कक्ष में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने स्वयं बैनामा विलेखों का स्थलीय निरीक्षण कर किया सत्यापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज जनपद के विभिन्न उपनिबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत होने वाले विकय विलेखों में सबसे बडे मूल्य के विक्रय विलेख में से 03 विक्रय विलेखों का सत्यापन किया गया। जिसमें से विलेख संख्या-7994६2024 पंजीकृत दिनांक 27.12.2024 विक्रीत गाटा संख्या-282. 283, 284, 285, 287 व 289 में से विक्रीत रक्बा 0.425हे0 कृषि स्थित सम्पत्ति मौजा-कुतुबआलमपुर (अर्द्धनगरीय) परगना करारी तहसील मंझनपुर और विलेख संख्या-7565६2024 पंजीकृत दिनांक 06.12.2024 विक्रीत गाटा सख्या-248 मि0 में से विक्रीत रक्बा 0.0343हे0 अकृषिक स्थित सम्पत्ति मौजा-पाता (नगरीय) परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में वर्णित सम्पत्ति का स्थलीय निरीक्षण सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर श्री आकाश सिंह के साथ किया गया। जिसमें सर्किल दर सूची के अनुसार विभागीय अधिकारियों से गणना कराने पर विलेखों में प्रथम दृष्ट्या राजस्व में कोई कमी नहीं पायी गयी।

# लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल/ भरवारी (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के जीवन गंज गांव के समीप रेलवे लाइन पार करने के दौरान गुरुवार की सुबह एक किशोर ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर के मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया है।

चरवा कोतवाली क्षेत्र के मलाक नागर गांव निवासी सलमान अहमद कानपुर में जूता- चप्पल की दुकान खोल रखा है।गुरुवार को वह अपने 15 वर्षीय बेटे साबिर अहमद के साथ ट्रेन से गांव लौट रहे थे। भरवारी रेलवे स्टेशन उतर कर पिता-पुत्र ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। जीवन गंज गांव स्थित फाटक पर उतर कर दोनो पैदल रेलवे लाइन को पार करने लगे। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर साबिर की मौत हो गई। हादसे को देख पिता की चीख निकल पड़ी। वह बदहवास हालत में रोने बिलखने लगे।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पाकर परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।

## जहरीले जंतु के काटने से नलकूप पर सो रहे किसान की मौत, कोहराम

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के हर्रायपुर गांव में बुधवार की रात नलकूप पर सो रहे किसान की जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पुलिस को सौंप दिया। हर्रायपुर गांव निवासी फूलचंद्र (50) पुत्र आशाराम किसानी करता था। वह फसल की सिंचाई करने के लिए अपने खेत में नलकूप लगा रखा थ। बुधवार की रात वह खा पीकर नलकूप पर सोने गया था। गुरुवार की सुबह घर न लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन करते हुए नलकूप पर पहुंचे। चारपाई पर फूलचंद्र को मृत देख उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी पाकर रोते बिलखते परिजन भी नलकूप पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर शव परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## सम्पादकीय

# रहस्यमय बीमारी से मौतें

दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों के दल ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमय बीमारी की चपेट में आए 11 मरीजों से मुलाकात की। वे बधाल गांव भी गए, जहां इस बीमारी के कारण मौतें हुई हैं तथा उस इलाके का दौरा कर सील किए गए घरों व आस-पास के इलाकों का नमूने एकत्र किए, जिनकी जांच की जाएगी। विशेषज्ञों के दल ने उन मरीजों की भी जांच की जो निगरानी में हैं। जैसा कि बधाल गांव में तीन परिवारों के सत्रह लोगों की अज्ञात कारणों से अचानक हुई मौत को लेकर यह मामला सामने आते ही 87 परिवारों के 364 व्यक्तियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। शेष 808 परिवारों के 3700 लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गांव को चौदह समूहों में विभाजित किया। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन पाए जाने के एसआईटी का गठन किया गया था।जो आपराधिक पहलू की भी जांच कर रहा है। लखनऊ की विष विज्ञान प्रयोगशाला में हुई शुरुआती जांच में मौत के कारणों में कोई संक्रमण, वायरस या बैक्टीरिया नहीं है। बल्कि कोई विषाक्त पदार्थ बताया गया। भर्ती मरीजों के इलाज के लिए भी विषरोधी औषधियों का ही प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि बीते दस दिनों से कोई नया मामला न आने पर राहत की सांस ली जा रही है। कोविड-19 संक्रमण की दहशत के कारण अचानक हुई इन मौतों को लेकर आमजन का भयभीत होना लाजमी है।उस पर भी मरने वालों को बुखार, गले में दर्द, उल्टी या डायरिया जैसी दिक्कतें होने के चलते सभी दहशत से भर गए। चिकित्सकों द्वारा यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यह कोई संक्रमण नहीं है, न ही यह महामारी में तब्दील होने की आशंका है। उनका अनुमान था कि यह वायरल, बैक्टीरिया, प्रोटोजोल या जूनोटिक संक्रमण हो सकता है या नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने वाली किसी चीज की भी आशंका व्यक्त की गई है।मगर इलाके के इर्द-गिर्द व प्रशासन ने फौरी तौर पर एहतियातन चुस्ती से काम लिया। उन्हें खाने-पीने की चीजें मुहैया कराई और सार्वजनिक तौर पर मिलने-जुलने पर भी रोक लगाई। अपने यहां अफवाह के कारण भय फैलाने वाली मानसिकता भी है। दूसरे, पड़ोसी मुल्क द्वारा शरारत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तेजी से हालात को संभालने का प्रयास जारी है, वह जल्द ही हकीकत से पर्दा उठाने में सफल हो सकता है।

# क्या यह विश्वास किया जा सकता है कि इस सप्ताह की ट्रम्प-मोदी बैठक भी फलदायी होगी

**अशोक भाटिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस हफ्ते होने वाली वार्ता दोनों देशों के बीच कूटनीतिक इतिहास की परीक्षा होगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत एक परिचित नेता के साथ काम कर रहा है, जिसने अमेरिका को अज्ञात क्षेत्र में ले लिया है, और राष्ट्रपति ट्रम्प, जिनके पहले कार्यकाल में भारत ने नमस्ते किया था, पिछले महीने में उनकी नीतियों में अंतर है।मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले एक दशक में कई कठिन वार्ताओं को रोक दिया है, यह विश्वास करने के लिए जगह है कि इस सप्ताह की ट्रम्प-मोदी बैठक भी फलदायी होगी। भारत ने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ कूटनीतिक कदम भी उठाए हैं ङ्क मोदी और ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर बातचीत, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।और इसमें नए अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और जयशंकर की विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज के साथ टेलीफोन कॉल शामिल हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के नए प्रशासन के पहले महीने में अमेरिका जा रहे हैं। अभी तक भारत-अमेरिका संबंध अच्छे बताए जाते रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते क्या होता है, इसे लेकर उत्सुकता की वजह भी है। जयशंकर ने कहा कि ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में भारतीय कूटनीति की जो कसौटी ली है, वह %पाठ्यक्रम से बाहर% है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे के दौरान एक मुख्य मुद्दा भारतीय निर्वासितों के साथ अमानवीय व्यवहार का हो सकता है। अमेरिका से हाल ही में 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों के पहले जत्थे को हथकड़ियां डालकर भारत वापस भेजा गया है। भारत में अपने नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार पर भारी गुस्सा देखा गया है। भारतीयों को जंजीरों में बांधकर भेजे जाने के मामले में नरेंद्र मोदी सरकार की विपक्ष ने काफी आलोचना भी की थी। हालांकि, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसको लेकर सरकार की तरफ से पक्ष भी रखा था, लेकिन अमानवीय व्यवहार की पूरे देश में निंदा हुई। ऐसे में पीएम मोदी इस मद्दे को ट्रंप के सामने उठा सकते हैं।डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से अमेरिका व्यापार शुल्क पर काफी आक्रामक हैं। ट्रंप ने कई देशों पर टैरिफ लगाए हैं और भारत के लिए भी सख्ती के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने हाल ही में एल्युमीनियम और स्टील के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया है। भारतीय कंपनियां घरेलू स्टील की कीमतों पर इसके प्रभाव और अमेरिकी स्टील बाजार में जोखिम को लेकर चिंतित हैं। भारत ने नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले हाईएंड मोटरसाइकिलों और इलेक्ट्रिक बैटरियों पर शुल्क घटाए हैं। ऐसे में उम्मीद है कि इस मुद्दे पर दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ बातचीत कर सकते हैं। ट्रंप और नरेंद्र मोदी की बैठक में रक्षा उपकरणों पर खर्च बढ़ाने और नए सौदों की घोषणा होने की उम्मीद है। भारतीय अधिकारियों ने घरेलू कंपनियों के अमेरिकी ऊर्जा आपूर्ति, विशेष रूप से तरलीकृत प्राकृतिक गैस की खरीद बढ़ाने के लिए संपर्क में होने की बात कही है। इस क्षेत्र में भी कोई ऐलान सुनने को मिल सकता है।यह रास्ता वास्तव में, पिछले 25 वर्षों में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंधों का निर्माण है। मार्च 2000 में जब से बिल क्लिंटन ने भारत का दौरा किया, भारत-अमेरिका संबंध बढ़ रहे हैं, तब भी जब दुनिया को इसकी उम्मीद नहीं थी।लेकिन दोनों देश इसे अलग रखने में कामयाब रहे और इसके बजाय सहयोग के अवसरों को सकारात्मक रूप से देखते हैं। आकार और जनसंख्या में बड़े देशों के हित अनेक हो सकते हैं, इसलिए ऐसे दोनों देशों के बीच मतभेद होने की संभावना भी है, लेकिन सहयोग का पुल पिछले 25 वर्षों में बना है, लेकिन वर्तमान ट्रम्प प्रशासन सिर्फ पिछले 25 वर्षों के राष्ट्रपति नहीं हैं। कुल मिलाकर, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अपनाई गई स्थितियों की अवहेलना करने वाली नीतियां घर पर और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भी लागू की जा रही हैं। ÷अमेरिका फर्स्ट÷ ट्रम्प का राजनीतिक जीवन हित है। इसके बाद आने वाली नीतियों को दूसरे कार्यकाल के पहले कुछ दिनों में अधिक सख्ती से लागू किया जा रहा है। उनकी घरेलू कार्य योजना सरकारी मशीनरी को कम करना, तकनीकी क्षेत्र पर प्रतिबंध हटाना, अमेरिकी मिट्टी पर उत्पादक उद्योगों को पुनर्जीवित करना, आव्रजन पर अंकुश लगाना, देश की सीमाओं पर खुलेपन को नष्ट करना और उदारवाद के पंखों को काटना और ÷वोक÷ (फुरोगामी!) आग्रह को पटरी से उतारना है।हम वैश्विकता की विचारधारा को पराजित करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रम्प को लगता है कि एक ही विचारधारा ने अमेरिकियों को व्यापार घाटे, आव्रजन, और अनावश्यक सैन्य अभियानों से जीवन और वित्त के नुकसान के बोझ के साथ बोझ डाला है।ट्रंप की %अमेरिका फर्स्ट% विचारधारा और इस पर आधारित वैश्विक नजरिए को समझना- इसके कई विरोधाभासों से निपटना- इस हफ्ते भारत के सामने कूटनीतिक चुनौती का हिस्सा है; लेकिन चुनौती का दूसरा हिस्सा अपने राजनयिक कौशल को दिखाना है, यह पहचानते हुए कि ट्रम्प, जो आक्रामक शैली में बातचीत करते हैं, एक ÷सौदा÷ करने के लिए उत्सुक हैं - वार्ता को फलदायी बनाने के लिए।अब तक बहुत आलोचना हुई है कि ट्रम्प का दृष्टिकोण बहुत व्यावहारिक है, कि उनकी कोई वैचारिक जड़ें नहीं हैं। लेकिन क्या ऐसा भारत के हित में नहीं हो सकता? आप जो देखते हैं वही आपको मिलता है और इसमें भ्रमित करने वाली वैचारिक बयानबाजी नहीं होती है। मोदी भी कम व्यावहारिक नहीं हैं। उन्होंने और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अतीत में भारतीय विदेश नीति में कई मोड़ और मोड़ दिखाए हैं और राष्ट्रीय हितों के आधार पर सौदे करने की क्षमता दिखाई है।इसलिए हमें इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि ये दोनों नेता वाशिंगटन में क्या कहेंगे और क्या फैसला करेंगे। जैसे ही वे भारत से रवाना हुए, पहले फ्रांस और फिर संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए, मोदी ने घोषणा की थी कि वह पांच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे- व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला।

राष्ट्रपति ट्रम्प मोदी की प्रशंसा करते हैं, लेकिन ट्रम्प भारत द्वारा लगाए गए उच्च आयात करों की आलोचना करते हैं, इसलिए यह एक अच्छा संकेत है कि भारत को ट्रम्प-मोदी बैठक से पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए इन आयात करों को कम करने की इच्छा दिखानी चाहिए। हम द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को पूरा करेंगे जो इस साल ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान अधूरी थी। भारत यही करने को तैयार है। लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल में, ट्रम्प की उम्मीदों और व्यापार साझेदारी के लिए उनकी मांगों में काफी वृद्धि हुई है। ऊर्जा क्षेत्र में, भारत पेट्रोलियम उत्पादों या खनिज ईंधन का एक प्रमुख आयातक है और अमेरिका एक प्रमुख उत्पादक और निर्यातक है, जहां अधिक सहयोग की गुंजाइश है। ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) उद्योग को बढ़ावा देने के लिए परमाणु ऊर्जा के उत्पादन को दोगुना करना चाहते हैं और भारत भी तेजी से अपने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। भारत सरकार ने हाल ही में परमाणु हथियार अधिनियम में संशोधन करने के अपने इरादे की घोषणा की (विदेशी कंपनियों पर नुकसान की जिम्मेदारी डालने वाले खंडों को निरस्त करना)। यह है, लेकिन अमेरिका इसे वास्तविकता बनाने के लिए स्पष्ट संकेतों की मांग कर सकता है।रक्षा सहयोग पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका संबंधों के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभरा है। ट्रम्प भारत को अधिक अमेरिकी रक्षा उपकरण बेचने के इच्छुक हैं और दिल्ली प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सह-उत्पादन के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियों की तलाश कर रहा है। दिल्ली और वाशिंगटन ने बिडेन प्रशासन के तहत रक्षा-औद्योगिक सहयोग के लिए एक रूपरेखा विकसित की।

धीरे-धीरे बढ़ने लगा। पहले चरण पर 2005 में और दूसरे चरण में 2015 में हस्ताक्षर किए गए थे, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों देश 2025 में इस सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए क्या करेंगे।संयुक्त राज्य अमेरिका ने लंबे समय से भारत के साथ तकनीकी सहयोग को प्राथमिकता दी है। यह बिडेन प्रशासन के दौरान था कि प्रमुख उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए एक विशेष पहल के रूप में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी (ढ्ढ-स्श्वञ्ज) पर पहल स्थापित की गई थी, लेकिन उस समय चीन में ढ्ढ तकनीक स्वतंत्र रूप से विकसित नहीं हुई थी। अब भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका को चीनी ढ्ढ पर पूरी तरह से संदेह करने से अधिक करने की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी अमेरिका और चीन के बीच एक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र है। ऐसा करने से, भारत को एक ही समय में दो काम करने होंगे- न केवल वाशिंगटन के साथ गुणवत्ता सहयोग बढ़ाने के लिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने के लिए कि भारत में एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों के प्रसार पर अमेरिका का नियंत्रण न हो।ट्रम्प प्रशासन के पहले कार्यकाल के दौरान %आपूर्ति श्रृंखलाओं को लचीला होना चाहिए% का विचार रखा गया था, क्योंकि यह पता चला था कि छ्वह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 महामारी भी इन आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकती है और सभी प्रकार के सामानों के लिए अकेले चीन पर निर्भरता कम कर सकती है।यह निर्भरता आज भी बढ़ती जा रही है। ट्रंप से बातचीत के अलावा पीएम मोदी इस चुनौती से निपटने के लिए अमेरिकी कॉरपोरेट लीडर्स से भी बातचीत कर सकेंगे। हालांकि, इस मोर्चे पर और अधिक प्रयासों की जरूरत है।अमेरिका के साथ भारत के संबंध ऐसे हैं कि ना तो दोनों पारंपरिक सहयोगी माने जाते हैं और ना ही प्रतिद्वन्द्वी रहे हैं। हालांकि चीन के खिलाफ अमेरिका की कोशिश भारत को करीब लाने की रही है। चीन को अमेरिका एक रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखता है तो भारत के भी अपने इस पड़ोसी से रिश्ते सहज नहीं हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप चीन को घेरने के लिए भारत की तरफ झुक सकता है। नरेंद्र मोदी के मौजूदा दौरे पर चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हो सकती है।बेशक, अकेले कूटनीति ट्रम्प और तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था से निपटने की चुनौती को पूरा नहीं कर सकती है; इसके लिए हमें अपने देश में भी बड़े पैमाने पर सुधारों की आवश्यकता को पहचानते हुए काम करना होगा।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# रूस के लिए संजीवनी- ट्रंप की शांति नीति या रणनीतिक चाल



**प्रो. आर के जैनअरिजीत**

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद वैश्विक राजनीति में भारी उथल-पुथल देखी जा रही है। विशेष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर उनकी नई रणनीति सुर्खियों में बनी हुई है। हाल ही में सामने आई रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की पर रूस के साथ ज़मीन की अदला-बदली को लेकर समझौता करने का दबाव डाला है। यह खबर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े बदलावों की ओर संकेत कर रही है, जहां अमेरिका की नई विदेश नीति पूरी तरह से बदली हुई नजर आ रही है। ज़ेलेंस्की, जो अब तक रूस के किसी भी क्षेत्रीय दावे को सख्ती से खारिज करते रहे हैं, अब दबाव में आते हुए इस मुद्दे पर विचार करने को मजबूर हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह न केवल यूक्रेन की संप्रभुता के लिए एक बड़ा झटका होगा, बल्कि यूरोप और अमेरिका के संबंधों पर भी दूरगामी असर डालेगा।ट्रंप प्रशासन ने सत्ता में आते ही यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अब अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा और दूसरे देशों के युद्धों में खुद को झोंकने की नीति से पीछे हटेगा। उनका मानना है कि यूक्रेन को दी जा रही सैन्य और आर्थिक सहायता अमेरिका के संसाधनों पर भारी बोझ डाल रही है, और इसका कोई दीर्घकालिक लाभ नहीं है। यही कारण है कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध को जल्द समाप्त करने के पक्षधर हैं, भले ही इसके लिए यूक्रेन को कुछ कठिन फैसले क्यों न लेने पड़ें। ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ज़ेलेंस्की दोनों से बातचीत की है, जिसमें उन्होंने यह संकेत दिया है कि यदि यूक्रेन शांति चाहता है, तो उसे रूस के साथ बातचीत कर कुछ क्षेत्रीय रियायतें देने के लिए तैयार रहना होगा।यूक्रेन के लिए यह स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है। ज़ेलेंस्की शुरू से ही रूस के खिलाफ अडिग रुख अपनाए हुए थे और पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका, से लगातार समर्थन की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन ट्रंप की नई विदेश नीति उनके लिए एक बड़ा झटका साबित हो रही है। यदि अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता पर कटौती कर दी, तो उसे युद्ध में रूस के खिलाफ अकेले खड़ा रहना पड़ेगा, जो उसकी सैन्य और आर्थिक क्षमता को देखते हुए बेहद कठिन होगा। इस फैसले से यूरोपीय देशों में भी चिंता बढ़ गई है, क्योंकि वे अब तक अमेरिका के साथ मिलकर यूक्रेन का समर्थन कर रहे थे। अगर अमेरिका पीछे हटता है, तो यूरोप पर भी इसका भारी असर पड़ सकता है, और नाटो की सुरक्षा नीति में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।अमेरिका की नई विदेश नीति का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन से दुर्लभ खनिज और महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी की मांग की है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप प्रशासन ने इस तरह की मांग रखी हो। इससे पहले भी उनके कार्यकाल में यह आरोप लगे थे कि उन्होंने यूक्रेन पर दबाव डालकर अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से जुड़ी जानकारी मांगी थी। इस बार, ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन अमेरिका को उन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति करे जो रक्षा और तकनीकी उद्योगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। ऐसे खनिज, जिनका उपयोग उच्च तकनीक वाली सैन्य प्रणालियों, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा भंडारण में किया जाता है, अमेरिका की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह मांग दर्शाती है कि अमेरिका अब यूक्रेन को केवल सैन्य सहायता देने के बदले उससे अपनी आर्थिक और रणनीतिक जरूरतों को पूरा करने की अपेक्षा कर रहा है।रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए ट्रंप की रणनीति घरेलू राजनीतिक कारणों से भी प्रेरित हो सकती है। वे अपने समर्थकों को यह संदेश देना चाहते हैं कि वे अमेरिका को अनावश्यक युद्धों से बाहर निकाल रहे हैं और देश के संसाधनों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं। उनकी ÷अमेरिका फर्स्ट÷ नीति के तहत वे अमेरिकी करदाताओं के पैसे को विदेशी युद्धों में झोंकने के बजाय घरेलू विकास पर खर्च करना चाहते हैं। हालांकि, उनकी इस नीति की आलोचना भी हो रही है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका ने यूक्रेन का समर्थन कम किया, तो इससे रूस और अन्य तानाशाही प्रवृत्ति वाले देशों को आक्रामक होने का अवसर मिल सकता है। इससे वैश्विक शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है और अमेरिका की विश्व स्तर पर नेतृत्व की भूमिका कमजोर हो सकती है।यूरोप और नाटो देशों में भी इस नीति को लेकर गहरी चिंता है। अगर अमेरिका अपने सहयोग से पीछे हटता है, तो यह न केवल यूक्रेन बल्कि पूरे यूरोप के लिए खतरा बन सकता है। नाटो के कई सदस्य देश मानते हैं कि ट्रंप की नीति से रूस को और बल मिलेगा और वह भविष्य में अन्य देशों के खिलाफ भी आक्रामक रुख अपना सकता है। इसके अलावा, चीन भी इस स्थिति का लाभ उठा सकता है और ताइवान जैसे मुद्दों पर अधिक आक्रामक रणनीति अपना सकता है। ट्रंप की नीति से अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी देश भी असमंजस में आ गए हैं कि क्या वे अब भी अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर रह सकते हैं या उन्हें अपनी स्वतंत्र सुरक्षा नीति बनानी होगी।डोनाल्ड ट्रंप के पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद वैश्विक राजनीति में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। अमेरिका की नवगठित रणनीति ने ज़ेलेंस्की को एक जटिल और चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में ला खड़ा किया है। अब यह अत्यंत रोचक होगा कि वे इस नए परिदृश्य में किस प्रकार अपनी कूटनीतिक कुशलता का परिचय देते हैं और क्या वे रूस के साथ किसी संभावित समझौते के लिए तैयार होंगे। साथ ही, अमेरिका की रूस-यूक्रेन नीति किस दिशा में विकसित होगी, यह न केवल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहेगा, बल्कि यूरोप, रूस, चीन और शेष विश्व पर इसके व्यापक और दीर्घकालिक प्रभाव भी पड़ सकते हैं।

## समसामायिक

# बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर

प्राकृतिक खेती को बेहतर गुणवत्ता के खाद्यों के उत्पादन और पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जा रहा है, और इस आधार पर ही इसके अधिक प्रसार की चर्चा है।इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती से एक अन्य महत्त्वपूर्ण लाभ यह भी प्राप्त हो सकता है कि इससे गोवंश की रक्षा की नई और अधिक संभावनाएं उत्पन्न होती हैं।प्राकृतिक खेती में खाद के रूप में सबसे अधिक उपयोग गोवंश के गोबर और मूत्र का होता है, विशेषकर गाय के गोबर और मूत्र का। इसके अतिरिक्त फसलों की हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा के लिए भी इस गोबर और मूत्र को अत्यधिक उपयोगी माना गया है। इस महत्त्व को स्वीकार करते हुए अब अनेक गांवों में ऐसे प्राकृतिक कृषि केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जहां गोवंश के गोबर और मूत्र का ही अधिक उपयोग करते हुए खाद और हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा की दवा बनाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इसका प्रसार बढ़ेगा, वैसे-वैसे गांववासियों को लगेगा कि गाय यदि दूध देने की स्थिति में नहीं है तो भी उसके गोबर और मूत्र का भी बहुत उपयोग है। इस स्थिति में यह संभावना बढ़ेगी कि गोवंश की रक्षा अधिक बड़े पैमाने पर और अधिक निष्ठा के साथ की जाए। यदि गोवंश के गोबर और मूत्र पर आधारित खाद और दवा अधिकांश किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल जाए तो इससे प्राकृतिक खेती का प्रसार कहीं अधिक हो सकेगा, अच्छी गुणवत्ता के स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो सकेंगे और साथ में गोवंश की अधिक रक्षा हो सकेगी, उनके लिए गोशालाएं वहीं बड़ी संख्या में स्थापित हो सकेंगी और उन्हें आवारा और बेसहारा घूमने के लिए नहीं छोड़ा जाएगा। आज देश में गोशालाएं चल तो रही हैं पर प्राय- उनकी स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठीक बजट उपलब्ध हो भी जाए तो अनेक स्थानों पर भ्रष्टाचार के कारण कठिनाइयां आ जाती हैं और गोशाला में रखे पशुओं को ठीक से पोषण नहीं मिल पाता है। कभी-कभी तो यहां रखे गए पशुओं को बहुत कष्ट सहना पड़ता है।दूसरी ओर, जब गोबर और गोमूत्र का सही उपयोग होगा, वैज्ञानिक ढंग से इसका संग्रहण और सदुपयोग होगा, तो गोशालाओं को इस तरह आय भी प्राप्त हो सकेगी और विभिन्न कुटीर उद्योग भी यहां पनप सकते हैं। इस सब नियोजन में एक विशेष बात का ध्यान रखना है-बैल की रक्षा की जिम्मेदारी को भी समझना है। प्राय- गाय की रक्षा की जिम्मेदारी को समझा जाता है, और गाय के दूध के अधिक स्वास्थ्यवर्धक होने को तो अब बहुत से लोग अधिक मान्यता देने लगे हैं। दूसरी ओर, बैलों की रक्षा की जिम्मेदारी को अभी तक बहुत से लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। अब इसे रेखांकित कर कहना चाहिए कि गोवंश की रक्षा की जिम्मेदारी तब तक पूरी नहीं हो पाएगी जब तक हम गायों के साथ बैलों की भी जिम्मेदारी को नहीं समझते हैं, और उन्हें नहीं संभालते हैं। बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर है। सैकड़ों वर्षों से वे भारतीय किसान के सबसे नजदीकी सहयोगी रहे हैं। प्रेमचंद की विख्यात कहानी %दो बैलों की कथा' हो या इसी पर आधारित फिल्म %हीरा-मोती' में अनेक स्तरों पर बैलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है। बैलों पर आधारित खेलों का आयोजन भी देश में होता रहा है। जुताई, सिंचाई, यातायात, कोल्हू, फसल को मंडी तक पहुंचाने जैसे कितने ही महत्त्वपूर्ण कायरे में बैलों की महत्त्वपूर्ण सहायता मिल रही है। हालांकि ट्रैक्टरों के आगमन से बैलों का उपयोग अनेक स्थानों पर कम हुआ पर बहुत से खेतों में आज भी इनकी उपस्थिति बनी हुई है। जलवायु बदलाव के दौर में फॉसिल फ्यूल कम करने पर भी नये सिरे से जोर दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्त्व बढ़ रहा है। इन सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए गहरी चिंता का विषय है कि केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ऐसी नीति और तकनीकी का प्रसार हो रहा है, जिससे बैलों के जन्म की संभावना ही बहुत कम रह जाएगी। इस लेखक ने हाल के समय में अनेक गांवों के किसानों और पशुपालकों से इस बारे में चर्चा की और उन सबने एक स्वर में कहा कि ऐसी नीति और तकनीकी उचित नहीं है और सरकार को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। आखिर, यह तकनीकी और इस आधार पर नीति क्या है, और किस आधार पर इसका प्रचार सरकारी स्तर पर हो रहा है? इस तकनीकी का नाम है सैक्स सार्टिड सीमेन टेक्नोलॉजी अथवा लिंग निश्चित करने वाली वीर्य तकनीकी। इस तकनीकी के विकास में दावा किया जाता है कि इसके आधार पर जो गर्भ करवाए जाएंगे उनमें लगभग 90 प्रतिशत संभावना होगी कि बछिया का ही जन्म होगा और बछड़े के जन्म लेने की संभावना बहुत कम होगी।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी |
| वृष | आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन खत्म होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे जिससे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता तथा व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको करियर संबंधी शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी क्षेत्रों सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे तथा महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में भी उचित समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में समस्या बन सकता है। |
| तुला | आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज के दिन का भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। |
| मकर | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अनुभवी लोगों के साथ रहकर बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने की खुशी में आपके ऊपर थकान हावी नहीं होगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा न करें। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना न करें। |

# पदमावत, जनता एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रद्द, बढ़ी मुश्किलें

**● बालामऊ स्टेशन की रिमॉडलिंग के चलते रहेगा मेगा ब्लॉक**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बालामऊ स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के चलते जनता एक्सप्रेस, पदमावत और काशी विश्वनाथ समेत कई ट्रेनों को रद्द किया गया है।

बालामऊ स्टेशन की यार्ड की मरम्मत का कार्य शुरू होने वाला है। जिसके चलते इस रूट की काफी ट्रेनों को रद्द किया गया। कुछ का रूट बदला गया है। प्रतापगढ़ से चलने वाले ट्रेन और गुजरने वाली ट्रेनों को भी रद्द किया गया है। जिसमें बनारस देहरादून के बीच चल रही अप और डाउन की जनता एक्सप्रेस 14,15,16,17 फरवरी को रद्द रहेगी। 13257 जन साधारण एक्सप्रेस 14 से 18 फरवरी दूसरी ट्रेन नंबर 13258 15 से 19 फरवरी तक कैंसिल रहेगी। काशी विश्वनाथ 15127, 15,16 व 17 फरवरी तथा दूसरी 16,17,18 फरवरी पंजाब मेल 13005 12 से 16 और दूसरी पंजाब 13006 14 से 18 फरवरी प्रतापगढ़ से दिल्ली जाने वाली पदमावत एक्सप्रेस 14 से 18 और उधर से आने वाली पदमावत 15 से 19 फरवरी तक कैंसिल कर दी गई है। इस बारे में सीनियर डीसीएम लखनऊ मंडल ने बताया कि बालामऊ स्टेशन की रिमॉडलिंग के चलते ट्रेनों को रद्द किया गया है।

**● यात्रियों की परेशानी बढ़ी**

ट्रेनों के रद्द किए जाने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। जिले की बात की जाए तो रद्द ट्रेनों में पदमावत एक्सप्रेस भी शामिल है। जिससे डेली सैकड़ों की संख्या में यात्री दिल्ली जाते हैं और आते हैं। इसको पांच दिन के लिए कैंसिल किया गया है। जिन्होंने महीनों पहले लाइन में लगकर आरक्षण कराया है उनको खासकर दिक्कत होगी। अब पंद्रह फरवरी के बाद ही वो जा सकेंगे।

**● रेलवे राजस्व को लाखों की चपत**

ट्रेनों के रद्द किए जाने से रेलवे राजस्व की लाखों की चपत होगी। पदमावत की एक दिन की कमाई दो से तीन लाख रुपए की है।

# पड़ोसी पर बाउण्ड्री वाल गिराने का लगाया आरोप

**दिलीपपुर-प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत दिलीपपुर निवासी भुल्ला देवी पत्नी राम सुन्दर ने स्थानीय थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात पड़ोसी जवाहर लाल ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बीस वर्ष पुरानी बाउंड्री वॉल गिरा दिया है। यह भी आरोप है कि घर का ताला तोड़कर अन्दर रखा तीन हजार रूपए एवं पायल व टप्स भी उठा ले गए। भुल्ला देवी ने शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# बिजली विभाग के शोषण, उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकाल धरना जारी



**लोक मित्र ब्यूरो**

**लीलापुर प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना अंतर्गत सगरा सुंदरपुर के गोविंदा पुर में बिजली विभाग के विरुद्ध अनिश्चितकाल धरना चल रहा है। इस अनिश्चितकाल धरना का मुख्य उद्देश्य बिजली विभाग द्वारा किसानों गरीबों व्यापारियों से हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाकर न्याय की मांग है। जनवादी किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित लिखित प्रार्थना पत्र चौकी इंचार्ज सगरा सुंदरपुर रामनरेश यादव के द्वारा राज्यपाल महोदय को प्रेषित किया। इस मौके पर जनवादी किसान के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार , दीपक गौतम महासचिव, रंग बरसा, सितारा देवी, पुष्पा यादव ,अन्नू पाल, मेवालाल, राजेंद्र प्रसाद, अनीता, माधुरी, उषा वर्मा, विमला ,सितारा, कमला, श्यामू गौतम, डॉक्टर केस लाल , मगरू गौतम, नन्हेंलाल, सुनील कुमार, कलावती, आशा देवी, निर्मला, रंग बरसा, सदानंद ,सुषमा देवी, इंद्र यादव , बिट्टन, लव कुश गौतम, सदाशिव वर्मा , सुनील गौतम आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

# महाकाल महोत्सव एवं महाशिव रात्रि मेला की तैयारी बैठक 16 को



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में आगामी 24 से 27 फरवरी तक होने वाले 25 वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेला की तैयारी जोर शोर से चल रही है। सभी मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई व रंगाई पुताई का कार्य जारी है। 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे से प्रबन्धन समिति की बैठक में सभी व्यवस्था व कार्यक्रमो को अंतिम रूप दिया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से विविध धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन होंगे। 16 फरवरी को आयोजित बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल व कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। साथ ही सभी व्यवस्था पर सूक्ष्म दृष्टि से ध्यान देकर जिम्मेदारी तय होगी। पुलिस व प्रशासन द्वारा जारी निर्देश व कार्यो में सभी कार्यकर्ता परिचय पत्र के साथ सहयोग कर सकेंगे। वहीं मेला क्षेत्र में आने वाले समस्त दुकानदार की आई डी की प्रति अनिवार्य रूप से बेरीफाई की जायेगी। यातायात प्रबन्धन सहित सभी महत्वपूर्ण कार्य हेतु पुलिस व नगर पंचायत के साथ रणनीति बनाई जायेगी।

सभी मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई व रंगाई पुताई कार्य जारी है। गत वर्षो की भाँति नगर पंचायत द्वारा जल्द सफाई अभियान चलाकर मार्ग व धाम व मेला परिसर को स्वच्छ किया जायेगा। इसमे स्थानीय कार्यकर्ता भी सहभागी बनेंगे।

# कालेज के प्रबंधक को पितृ शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मां वैष्णो देवी नागेश्वर इंटरमीडिएट कॉलेज बल्ला के प्रबंधक तथा प्रमुख समाजसेवी राम करन यादव के पिता राम आसरे यादव 85 वर्ष का निधन हो गया है। उन्होंने अपने पीछे राम,करन यादव, ओम प्रकाश यादव, अरुण कुमार यादव व संदीप कुमार यादव समेत चार बेटों एवं शादीशुदा दो बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया। निधन की खबर से उनके पैतृक आवास कुंडा कोतवाली क्षेत्र के गोबरा पूरे रामदास मजरे लरू में शोक संवेदना व श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। उनका अंतिम दाह संस्कार पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा के पावन तट करेंटी घाट पर वैदिक रीति रिवाज से किया गया।

# श्री राम वन गमन मार्ग पर स्थित मोक्षदा जल धारा का लोकपाल समाज शेखर ने किया निरीक्षण

**● प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण व विकास हेतु ब्लाक व ग्राम पंचायतो को दिया सुझाव**
**● आज बेलखरनाथ धाम के पूरे दोनई जायेंगे लोकपाल**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने प्रभु श्री राम वन गमन मार्ग पर स्थित अति प्राचीन मोक्षदा जल धारा का स्थलीय भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित ग्राम पंचायतो व विकास खण्ड को धारा सहित आस पास के प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण व विकास हेतु सुझाव दिया। लोकपाल समाज शेखर ने विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य से वार्ता कर मोक्षदा जल धारा क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की उनकी योजना से अवगत हुए और ज़मीनी कार्य हेतु मनरेगा योजना को सहयोगी बनने का सुझाव भी दिया। लोकपाल समाज शेखर द्वारा बुधवार को पट्टी व सदर तहसील के आंवला नगरी गोडे के पीछे स्थित अति प्राचीन अद्भुत ÷मोक्षदा÷ जल धारा की स्थित से रूबरू होने स्थानीय ग्राम पंचायतो ताथा सामाजिक संगठनो व व्यक्तित्व के साथ भ्रमण कर अपेक्षित कार्यो का चिन्हांकन किया गया ।

विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधियो की उपस्थिती में तय हुआ की सम्बंधित सभी तीनो ब्लाक सदर , मंगरौरा व सड़वा चन्द्रिका की संबंधित सभी ग्राम पंचायत की सन्युक्त स्थलीय बैठक ज़िलाधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में विकास बिभाग द्वारा आयोजित करके कार्य योजना बनाकर ठोस प्रभावी व व्यवहारिक कदम उठाये जायेंगे। स्थलीय बैठक में जन प्रतिनिधि गण , विकास बिभाग सहित सम्बंधित बिभागो के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर मोक्षदा जल धारा क्षेत्र के प्राचीन प्राकृतिक संसाधनो का संरक्षण व पर्यटन विकास कार्य हेतु योजना बनाकार मूर्त स्वरूप दिया जायेगा । वहीं लोकपाल समाज शेखर 14 फरवरी को बाबा बेलखरनाथ धाम के पूरे दोनई ग्राम पंचायत से आई शिकायतों का निस्तारण करेंगे। ज्ञातव्य हो की सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के मार्गदर्शन में इस प्राचीन जल धारा का विकास व संरक्षण कार्य क्षेत्रीय समाज के युवा कार्यकर्ताओ द्वारा 2017 से निरंतर जारी है। 2018 में तत्कालीन डी एम शंभु कुमार व सीडीओ राज कमल जी के संरक्षण में जल धारा की जरूरी खुदाई, पौधरोपण व 2 चेक डैम का निर्माण हुआ है। आसपास जल भरण क्षेत्र व खेती का भी विकास निरंतर जारी है। विधायक सदर द्वारा भी उक्त स्थल के पर्यटन विकास हेतु योजना प्रस्तावित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संग्रामपुर, कमास , नरहरपुर, सूर्यगढ़ व गोंडे ग्राम के पंचायत प्रतिनिधि व मोक्षदा विकास समिति के संयोजक श्लोक मिश्र, पर्यावरण कार्यकर्ता सुंदरम तिवारी, राष्ट्रीय स्वयम सेवक संघ के बरिष्ठ पदाधिकारी कार्तिकेय द्विवेदी तथा राजन मिश्र, शिवमणी त्रिपाठी व यथार्थ शेखर सहित प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आलोक मोस्ट फेमस एवं अदिति चुनी गई मिस संस्कार

## फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने जमकर मचाया धमाल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में आयोजित फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। फेयरवेल पार्टी में आलोक मिश्रा को मोस्ट फेमस, हर्षवर्धन सिंह मिस्टर संस्कार एवं अदिति सिंह मिस संस्कार चुनी गयी। मिस्टर एकेडमिक अंश अग्रवाल, बेस्ट एथलेटिक्स आशुतोष सिंह,शत प्रतिशत उपस्थित में युवराज सिंह चुने गए। इसके अलावा सभी विषयों के बेस्ट छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया। फेयरवेल का शुभारम्भ निदेशक संजय सिंह ने किया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने बच्चों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उपहार देकर सम्मानित किया। प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्णा सिंह,जितेन्द्र सिंह, अविनाश सिंह,सुधा सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन उज्वल सिंह,अनन्या प्रकाश ने किया। इस दौरान पंकज सिंह,जफर खान,दया पुष्पजीवी,गोविंद सिंह,गुंजन सिन्हा, लक्ष्मी,आस्था,निशा, प्रीति,अर्जुन तिवारी,चंचल सिंह,विकास सिंह आदि उपस्थित रहे।

# निधन पर जताई शोक-संवेदना

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष व जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी जी के माता जी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,पट्टी के अध्यक्ष सुभाष तिवारी जी की पत्नी के आकस्मिक निधन की सूचना पर निवर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने साथियों के साथ उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉ0नीरज त्रिपाठी ने फोन द्वारा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा %मोना% से बताया। नेता द्वय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि विजय शंकर तिवारी व सुभाष तिवारी हमारे पारिवारिक सदस्य है। उनके दुख की इस घड़ी में मैं साथ हूं इस दौरान वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष इन्द्रानंद तिवारी, राम रतन तिवारी, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहम्मद हुजैफ, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, अवध राज यादव,अब्दुल रहमान, राम धन यादव, नूर आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# परमार्थ निकेतन शिविर में प्रसिद्ध अभिनेता विवेक ओबेराय का सपरिवार आगमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रयागराज के पवित्र संगम में स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में अभिनेता विवेक ओबेराय का सपरिवार आगमन हुआ। पूरे ओबेराय परिवार का परमार्थ निकेतन में वेदमंत्रों, पुष्प वर्षा व शंखध्वनि से अभिनन्दन किया।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी के साथ विवेक ओबेराय जी और पूरे ओबेराय परिवार ने दिव्य भेंटवार्ता की जो आध्यात्मिक शांति और सकारात्मकता से ओत-प्रोत थी।

अभिनेता विवेक ओबेराय ने पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और इस अवसर पर अपने आध्यात्मिक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर आकर उन्हें अत्यधिक शांति और दिव्यता का अनुभव हो रहा है।



इस अवसर पर स्वामी जी और साध्वी भगवती जी ने ओबेराय परिवार को आशीर्वाद देते हुए कहा कि महाकुम्भ व्यक्तिगत जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के साथ पूरे समाज और राष्ट्र की चेतना जागृत करने का उपयुक्त अवसर है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि महाकुम्भ एक ऐसा पवित्र आयोजन है जो व्यक्तिगत जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ पूरे समाज और राष्ट्र की चेतना जागृत करने का अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह एक दिव्य संगम है, जहाँ लाखों लोग अपनी आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक शांति के लिए एकत्र होते हैं।

महाकुम्भ में आस्था और विश्वास की जो लहर उठती है, वह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बदल देती है, बल्कि समाज और राष्ट्र की चेतना को भी जागृत करती है। यहाँ, लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं, सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देते हैं और परस्पर सहयोग की भावना का अहसास करते हैं। इस प्रकार, महाकुम्भ सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का एक प्रेरणास्त्रोत है, जो हमें अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और मानवता के मूल्यों की याद दिलाता है।

स्वामी जी ने इस अवसर पर सभी से आह्वान किया कि हम अपने दिलों में भारत की एकता, अखंडता और विविधता को बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे संगम में तीन नदियाँ मिलती हैं, वैसे ही हमें अपने विभिन्न मत, पंथ और संस्कृतियों को मिलाकर एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र की नींव रखे। स्वामी जी ने इस अवसर पर एक डुबकी राष्ट्र के नाम का संदेश दिया।

श्री विवेक ओबेराय जी ने महाकुम्भ के अनुभव को अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताते हुये कहा कि इस पुण्य भूमि पर आकर उन्हें एक नई ऊर्जा और शक्ति मिली है, जो उनके जीवन और दृष्टिकोण को और अधिक सकारात्मक बनाएगी।

साध्वी जी ने कहा कि महाकुम्भ, आध्यात्मिकता को अपने जीवन में स्थान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। इससे हम न केवल अपनी आत्मा की शांति प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अरैल घाट पर आयोजित गंगा आरती में श्री विवेक ओबेराय, उनकी माता जी यशोधरा ओबेराय, धर्मपत्नी प्रियंका, बेटे विवान, बेटी अमेया और परिवार के अन्य सदस्यों ने सहभाग किया। स्वामी जी ने रूद्राक्ष का दिव्य पौधा भेंट कर श्री विवेक ओबेराय और पूरे परिवार का अभिनन्दन किया।

# अपहरण व दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी प्रतापगढ़।** थाना कन्हाई के उपनिरीक्षक भूपेश नाथ सिंह ने मय हमराह कांस्टेबल बृजभान चौहान के साथ गुरुवार को दिन में 1,30 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र पट्टी के बढ़ावा बाजार में स्थित सूर्य नर्सिंग होम से अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी नीरज वर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम भोपालपुर को गिरफ्तार किया।

# महिला से मारपीट में तीन नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के शाह करम अली का पुरवा गांव निवासी मैहवीस खान पत्नी मो. तुफैल सिद्दीकी ने पुलिस को तहरीर दी। वह 26 जनवरी को करीब 4,30 बजे अपने पति के साथ शादी समारोह से लौट रही थी। आरोप है कि वह अपने घर के पास पहुंची तो गांव के ही तीन लोगों ने उसे मारापीटा। आसपास के लोगों के दौड़ने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# डामरीकरण की बाट जोह रहा है कैथवल के बैजला संपर्क मार्ग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** ग्राम सभा कैथवल मजरा बैजला गांव स्टेट राजमार्ग बैजला गांव संपर्क मार्ग आजादी के बाद आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । श्रीवास्तव और ब्राम्हण बस्ती संपर्क मार्ग दो किलोमीटर दूर तक आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने तथा बरसात के दिनों में जलभराव हो जाने हो पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है जिससे घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है।



बताया जाता है कि प्रधान गीता देवी ने बताया कि यह लपरी नदी होने से सड़क निर्माण कार्य कराना असंभव है । बस्ती तक जाने के लिए गड़री मार्ग से लोगों का आवागमन होता है । वहीं इस मार्ग से सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है । लेकिन इन दिनों जगह - जगह गड्ढ़े होने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। जबकि बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढ़े हो जाता है। और जलभराव हो जाता है । जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं ।

ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्ष 2022 - 23 में मनरेगा के तहत दो किलोमीटर दूर तक मनरेगा के तहत तीन लाख रुपए की लागत से मिट् टी, और गिट्टी डाला था । वजट पास नहीं होने से यह सड़क निर्माण कार्य अधूरा है। इस मार्ग से किसानों का ट्रेक्टर चलने से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । कैथवल स्टेट राजमार्ग से दो किलोमीटर दूर स्थित श्रीवास्तव और तिवारी बस्ती गांव है । ग्राम प्रधान ने बस्ती में सौ मीटर दूर तक इंटरलाकिंग का कार्य किया गया है । लेकिन डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।

कैथवल के बैजला बस्ती के बीच लपरी नदी स्थित है। चंद्र लाल श्रीवास्तव , रिंकू, शिव बहादुर बस्ती के लोगों का कहना है कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । बीस वर्ष पूर्व प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया ।

इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण तो हुआ है । कुछ गांव के अराजकत्वतों ने कूड़ा करकट डालकर पाट दिए जाने से गांव सभा द्वारा बनाई गई नालियां चोक लेने से जगह-जगह घरों का गंदा पानी नहीं बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । ग्रामीणों को किचन युक्त होकर गुज़रने से मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि कुछ दबंगों द्वारा अपनी काश्तकारी बताकर निर्माण कार्य में अवरूद्ध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसों दूर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीकरण कार्य नहीं कराया गया ।

जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से बीस वर्ष पूर्व चार लाख रुपए खर्च कर दो सौ मीटर मिट्टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग बीस वर्ष पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।

# महाकुम्भ अध्यात्म, ज्ञान और साधना की त्रिवेणी-ब्रह्मचारी गिरीश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** वेद विद्या मार्तण्ड ब्रम्हचारी गिरीश जी ने तीर्थराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं में आस्था तथा देवी देवताओं के प्रति भक्ति का सबसे बड़ा उत्सव निरूपित किया है। प्रयाग राज में महाकुंभ का आयोजन भारत की सनातन वैदिक परंपराओं के प्रति असंख्य तीर्थ यात्रियों की सामूहिक आस्था के व्यक्तीकरण का एक पवित्र अवसर है जिसमें श्रद्धालु पावन गंगा, यमुना एवं सरस्वती नदियों के पवित्र संगम पर स्नान कर अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए एकत्रित होते हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम है। शास्त्रों के अनुसार महाकुम्भ अपनी बुराइयां छोड़कर एवं अच्छाइयां लेकर जाने का शुभ अवसर है। वैमनस्यता, लालच, ईर्ष्या, द्वेष, छल, कपट, दुराभाव, माया, मोह, लोभ जैसे अनेक नकारात्मकता पक्ष तो पहले किसी आदर्श मनुष्य में होने ही नहीं चाहिए, उसका जीवन पथ तो मित्रता, स्नेह, संवेदनशीलता, दानशीलता, सरलता, सहजता, क्षमाशीलता जैसे सकारात्मकता पक्षों से परिपूर्ण होना चाहिए। यदि फिर भी कोई बुराई हो तो उसे यही छोड़कर और समस्त अच्छाइयों को लेकर जाने का अवसर प्रदान करता है महाकुंभ। पूर्ण विश्वास है कि प्रयागराज आने वाले सभी तीर्थयात्री जन इसी ज्ञान को धारण कर रहे होंगे।यहां यह विचारणीय है कि जो ज्ञान हम सब को प्राप्त हो रहा है, पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद जो सद्भावना जागृत हो रही है, वह कितनी स्थाई है, क्या यह जीवनभर हमारे साथ रहेगी, क्या कोई ऐसी विधि है जो इस भावना को स्थायित्व प्रदान कर सके। श्रीमद् भगवद गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है ÷योगस्थ्कुरुकर्माणि÷ अर्थात योग में स्थित होकर कर्म करो। वर्तमान में जनसामान्य योगासनों को ही योग समझ रहे हैं, तब सामान्य व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन है कि योगासन करते हुए कर्म कैसे करें। इस संदर्भ में भारत के महान सपूत एवं विश्व के महानतम चेतना वैज्ञानिक परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी ने विश्व को भावातीत ध्यान के रूप में वैदिक ज्ञान के व्यवहारिक पक्ष की सरल, सहज, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक पद्धति प्रदान की है जिसके प्रतिदिन प्रातः संध्या मात्र बीस मिनट के अभ्यास से अभ्यासकर्ता को भावातीत चेतना का अनुभव होने लगता है इससे अभ्यासकर्ता को अत्यधिक शारीरिक एवं मानसिक लाभ प्राप्त होते हैं, जिससे सकारात्मकता, एकाग्रता, निश्चयात्मकता में वृद्धि एवं अजेयता की प्राप्ति सम्मिलित हैंढ्ढ भावातीत ध्यान की निरन्तर साधना से निश्चयात्मकता के गुण में हुई वृद्धि ही इस महाकुंभ में प्राप्त ज्ञान एवं भावना को स्थायित्व देने में अत्यंत सहायक होगी। यही सच्चा आनन्द है ढ्ढ परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी ने सदैव वेदों से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान भावातीत ध्यान को सर्वोच्च स्थान दिया। अब हम सभी को भी प्रकृति से उत्पन्न इस समस्त ज्ञान एवं इस ज्ञान से प्राप्त वैभव व आनन्द को समस्त प्राणियों में समान रूप से वितरित करते हुए अध्यात्म, ज्ञान एवं साधना की इस त्रिवेणी में डुबकी लगाते रहना है ढ्ढ तभी इस महाकुंभ की सार्थकता पूर्णता को प्राप्त होगी और जीवन धन्य होगा ।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में करें अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण- जिला जज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने चाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समझ नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वह सभी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनुराग शर्मा, नोडल अधिकारी प्रशासन प्रतिनिधि/अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी कर्वी राजकमल, तहसीलदार मानिकपुर वाचस्पति सिंह, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया, डॉ श्याम किशोर, दयाशंकर वर्मा, हिमांशू द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 15 तक प्राप्त किए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

**चित्रकूट** - सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की 23 मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए विभागीय पोर्टल 15 फरवरी तक आनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए खोला गया है।बताया कि इस योजना के अंतर्गत एक नयी परियोजना भी इस वित्तीय वर्ष से संचालित की जा रही है। जिसमे मछली पकड़ने के प्रतिबंध/दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के संरक्षण के लिए पिछड़े हुए सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। कहा कि सभी इच्छुक मछुआरे अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है। परियोजना में आवेदन करने के लिए लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए। साथ ही वह एक कार्यात्मक स्थानीय मछुआरा सहे कारी समिति का सदस्य होना चाहिए तथा गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) हो तथा आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# डीआईजी ने डीएम और एसपी के साथ किया मेला क्षेत्र का भ्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। साथ ही शब-ए-बारात त्यौहार के दृष्टिगत एसपी व ईओ को आवश्यक निर्देश दिए।डीआईजी ने गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ माघ पूर्णिमा व प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 को देखते हुए रामघाट, परिक्रमा मार्ग व बेड़ी पुलिया का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में तैनात सभी सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी लोग सतर्क होकर ड्यूटि करें। कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए तथा सीसीटीवी कैमरों का संचालन लगातार होते रहना चाहिए। इसके बाद डीआईजी डीएम व एसपी ने ग्रिपा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद कर्वी के संयुक्त तत्वाधान में धर्मनगरी आए हुए श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया।मुस्लिम समुदाय के शब-ए-बारात त्यौहार के दृष्टिगत डीआईजी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि कब्रिस्तानों के आसपास साफ सफाई करवाएं तथा सूकर पालकों से बात कर उन्हें जानवरों को खुला न छोड़ने के लिए कहे। पुलिस अधीक्षक से कहा कि कब्रिस्तानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी रहनी चाहिए तथा इसमें किसी प्रकार की समस्या न होने पाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने शुरु कराया यात्री सेवा केन्द्र




**लोकमित्र ब्यूरो**


**चित्रकूट** - संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्त्वावधान में प्रयागराज महाकुम्भ से धर्मनगरी वाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए चित्रकूट के मध्य प्रदेश क्षेत्र में रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) एवं मोहकमगढ़ में यात्री सेवा केंद्र चालू कर जलपान की व्यवस्था की गई है। जिसमें श्रद्धालुओं को लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है।

व्यवस्था का शुभारम्भ ट्रस्टी डॉ बी के जैन एवं ऊषा जैन ने गुरु पूजन के साथ किया। इस दौरान सतना जिलाधिकारी सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने भी इस प्रयागराज महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं को लंच पैकेट का वितरण किया। ट्रस्टी डॉ जैन ने बताया कि गुरुदेव की कृपा एवं ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन स्व. अरविंद भाई के आशीर्वाद से प्रयागराज महाकुम्भ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रघुवीर मंदिर और मोहकमगढ़ में ट्रस्ट द्वारा प्रसाद वितरण सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है ताकि आने जाने वाले श्रद्धालु भूंखे न रहे और उन्हें खाने पीने की मदद मिल सके।

# देवंगना घाटी स्थित बुकरहन में मिले प्रागैतिहासिक युगीन दुर्लभ शैलाश्रय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -जिला मुख्यालय कर्वी से पांच किमी पूर्व देवांगना एयरपोर्ट की घाटी के उत्तरी हिस्से में विन्ध्यपर्वत में गुफाएं मौजूद हैं। इन गुफाओं में हजारों साल पुराने दुर्लभ प्रागैतिहासिक युगीन शैलाश्रय आज भी मौजूद हैं। इन गुफाओं में पहुंचने के लिए कलेक्ट्रेट के पास से एक मार्ग गणेश बाग होते हुए सिद्धपुर गांव को जाता है। गांव से पूर्व दिशा में ही रास्ता जंगल की ओर जाता है। यह मार्ग गांव के निवासी लाल प्रताप सिंह की बगिया होते हुए जंगल में पहुंच जाता है।यहां जंगल की तलहटी से ऊपर तीन किमी की उंचाई पर तमाम गुफाएं दिखाई पड़ती हैं। यह गुफाएं प्रागैतिहासिक युगीन सभ्यता और संस्कृति का निदर्शन प्रस्तुत करती हैं। इस पहाड़ी में गांव बुकरहन से लेकर बांके सिद्ध तक पगडंडी और दुर्गम जंगली रास्ता है के बीच पांच गुफाएं हैं। इन गुफाओं में आज भी प्रागैतिहासिक कालीन दुर्लभ शैल चित्र मौजूद हैं। इनमें बुकरहन तथा बांके सिद्ध की दोनों गुफाएं पुरातत्व व इतिहास की दृष्टि से बहुत समृद्धशाली हैं। विशेष रुप से



बुकरहन की गुफा प्राकृतिक दृष्टि से बहुत सुंदर है। यहां के दुर्लभ शैल चित्र, कल कल बहता हुआ झरना, सैकड़ों की तादाद में पत्थरों पर लगे हुए बड़े बड़े मधुमक्खियों के छत्ते, मधुमक्खियों के आवाज से गुंजायमान भयावह गुफा का वातावरण, प्रागैतिहासिक कालीन चट्टान पर मौजूद दो बड़े चरण चिन्ह, एक चट्टान पर मौजूद शिवलिंग के निशान और झरने का स्वास्थ्य वर्धक सुपाच्य जल मौजूद है। रास्ता जोखिम भरा, घनघोर, निर्जन व झरना मौजूद होने के कारण जंगली जानवरों का भय बना रहता है। निर्जन गुफाओं में जंगली जानवरों के भी आशियाने हैं।इतिहासकार शिक्षक डॉ संग्राम सिंह ने प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर बताया है कि बुकरहन की गुफाएं प्रागैतिहासिक कालीन सभ्यता व संस्कृति के गौरवगाथा की साक्षी हैं। यहां आदिम मानव इन्हीं गुफाओं में रहता था। यहां हेमेटाइट प्रकार का एक अयस्क मिलता था। उस समय का मानव पशुओं की चर्बी और प्राकृतिक गोंद से लाल रंग का गाढ़ा लेप तैयार करते थे तथा दातून की कूंची से इन्हीं गुफाओं की शिलाओं पर चित्र बनाते थे। इन चित्रों का वर्ण विषय तत्कालीन मानव के सामाजिक जीवन का निरुपण था। बुकरहन की मुख्य गुफा में एक बड़ी शिला में एक साथ एक बड़ी शिला पट्टिका में एक सैकड़ा से अधिक चित्र मौजूद हैं। जिसमें बड़े-बड़े मानवों की आकृतियां व शिकार का अंकन दिखाई देता है।

यह दुर्लभ शैल चित्र अरण्य तीर्थ चित्रकूट के अंचल में मिल रहे शैलाश्रयों से बहुत विशिष्ट है। चित्रों का इतना बड़ा विशिष्ट चित्रांकन पूरे चित्रकूट में कहीं नहीं दिखाई पड़ता है। डॉ संग्राम सिंह ने बताया कि पहाड़ की तलहटी में पाषाण कालीन लघुपाषाणोपकरणों के प्रमाण भी मिले हैं। इनमें हैण्डेक्स, क्लीवर, कुल्हाड़ी, चिमटी और लोंढे जैसे तमाम उपकरणों के साक्ष्य मिले हैं। मूलतः चित्रकूट के सिद्धपुर का बुकरहन और बांके सिद्ध प्रागैतिहासिक कालीन सभ्यता और संस्कृति के संवाहक स्थल हैं। इन स्थलों को संरक्षित कराने जाने की महती आवश्यकता है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

# लघु सेतु निर्माण के लिए भूमिपूजन कर मानिकपुर विधायक ने क्षेत्रवासियों को दी सौगात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊ, चित्रकूट**- ग्राम पंचायत मवई कला स्थित कौशिकी नदी के ऊपर लघु सेतु निर्माण के कार्य का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने भूमि पूजन कर किया। जिसके साथ ही निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया। मानिकपुर विधायक ने बताया कि उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया था। जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने इसके लिए दो करोड़ 40 लाख 57 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मऊ-मानिकपुर क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता जगदीश गौतम जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, समाजसेवी इंद्रेश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान मवई कला मनोरमा सिंह, पूर्व प्रधान मुन्नीलाल पांडेय समेत क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में सुचिता बनाए रखने हेतु केंद्र व्यवस्थापकों के साथ डीआईओएस ने की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी** । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बैठक बृहस्पतिवार को ओसा में स्थित श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज सभागार में हुई। इसमें जिले भर से आए परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक शामिल हुए। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही परीक्षा को शुचितापूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



जिला विद्यालय निरीक्षक डा सच्चिदानंद यादव ने कहा कि यूपी बोर्ड से जारी प्रत्येक बिन्दु का अक्षरशः पालन करना जरुरी है। नियमों की अनदेखी करने पर केंद्र व्यवस्थापकों पर कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने कहा कि बोर्ड परीक्षा हमारे विभाग की परीक्षा है। इसकी निगरानी करना और शुचितापूर्ण कराना हमारी जिम्मेदारी है। आप विचार करें परीक्षा में वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट हमारी निगरानी के लिए लगाए गए हैं। इसको गंभीरता से लें और अपनी जिम्मेदारी स्वयं पूरे मनोयोग से नियमपूर्वक निभाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा का सम्यक निर्वहन हमारा गौरव बढ़ाने वाला होगा। हम प्रतिक्षण इसके लिए प्रयासरत रहें। डीआईओएस ने कहा कि कटी फटी कापियों को रिकार्ड में रखें और इसके वापस उपलब्ध कराएं। कोई शंका हो तो हमसे अवश्य पूछ लें।

आपकी सभी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहाकि बोर्ड परीक्षा के नियमों का हर हाल में अनुपालन करें। नियमावली को अच्छी तरह हर विंदुओं को पढ़ लें। उन्होंने कहाकि नियम पहले भी थे, पर अबकी बार इसका पूरी सख्ती से पालन किया जाएगा। किसी गलतफहमी में न रहें। अपने कर्त्तव्य व दायित्व को समझें।साथ ही डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापकों को स्ट्रांग रूम के रख रखाव, प्रश्न पत्रों के वितरण, अवशेष प्रश्न पत्रों का हिसाब किताब रखने के नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने कहाकि उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा में क्रम से वितरित करें। अवशेष उत्तर पुस्तिकाओं को रजिस्टर में दर्ज करें। जरुरत पड़ने पर इसे अलग से अंत में प्रयोग करें। बैठक में प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्नत सिंह सहित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कर्मी मौजूद रहे ।

# अनुशासन कायम रखने के संकल्प के साथ हुआ रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर का समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था चित्रकूट के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त शिवप्रताप पाल, भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था चित्रकूट के जिला सचिव सुरेश प्रसाद सिंह की गरिमामई उपस्थिती में गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया कर्वी चित्रकूट में चल रहे पांच दिवसीय रोवर रेंजर प्रशिक्षण जांच शिविर का समापन गुरुवार को किया गया।समापन दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने कैम्प का निरीक्षण किया। रेंजर लीडर बिंतू देवी, रेंजर प्रभारी डॉ सीमा कुमारी, रोवर प्रभारी डॉ वंश गोपाल की उपस्थिति में नए प्रवेशित रोवर रेंजरों का दीक्षा संस्कार किया गया। प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार पाल ने बच्चों के द्वारा बनाए टेंट एवं गैजेट्स की प्रशंसा की। कैंप का संचालन रोवर लीडर ललित कुमार यादव ने किया। कैंप में ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास, नियम प्रतिज्ञा सिद्धांत, पेट्रोल सिस्टम, दल के खेल, मार्ग के खोज के चिन्ह, ट्रैफिक नियम, कलर पार्टी, प्राथमिक चिकित्सा, रोवर रेंजर की चट्टानें, दिशा ज्ञान, मार्च पास्ट, बिना बर्तन का भोजन बनाना, अनुमान लगाना, गांठ फांस बंधन, पायनियरिंग टेंट बनाना एवं हाइकिंग जैसी शिक्षा प्रशिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कृत रोवर लीडर रामदयाल, रोवर लीडर ललित कुमार, स्काउट मास्टर जानकीशरण, रेंजर लीडर बिंतू देवी, सीनियर रेंजर मेट आकांक्षा सैनी और दीक्षा देवी आदि के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में डॉ नीरज गुप्ता, डॉ अमित कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमंत कुमार बघेल, डॉ बलवंत सिंह राजौदिया, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ रचित जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# सीसीटीवी कैमरा से मेला की आरपीएफ कर रही निगरानी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - कुंभ मेला और माघी पूर्णिमा सहित विभिन्न विशेष स्नान पर्वों पर धार्मिक नगरी चित्रकूट में आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने के लिए रेल सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेल प्रशासन द्वारा भारी मात्रा में बाहरी फोर्स को भी चित्रकूट में तैनात किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पूरे रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे पर आरपीफ के जवान मुस्तैद नजर आ रहे हैं।

माघी पूर्णिमा मेला व्यवस्थाओं के मद्देनजर चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन के कंट्रोल रूम में आरपीएफ के उप निरीक्षक ओमप्रकाश मौर्य सीसीटीवी स्क्रीन पर मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे है। जब तक महाकुंभ मेला पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता उनकी ड्यूटी यहां रहेगी। जो भी श्रद्धालु महाकुंभ प्रयागराज पहुंचते हैं वह चित्रकूट महा मंदाकिनी में डुबकी लगाने और कामदगिरि की परिक्रमा करने जरूर आते हैं यही वजह है कि प्रयागराज की तरह चित्रकूट में भी भारी भीड़ लगातार बनी हुई है यहां



इस कदर श्रद्धालुओं की भीड़ आ रही है कि वाहनों की अधिकता के कारण जाम की स्थिति रहती है वाहन रेंगते नजर आते हैं

जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी अधिकारी मेला को नियंत्रित करने में रात दिन लगे हुए हैं यही वजह है कि जनपद में अभी कोई अपनी घटना घटित नहीं हुई है सबसे काबिले तारीफ तो रेलवे स्टेशन में है कि कोई भी घटना नहीं हुई यहां तक की कोई भी चोरी की घटना भी स्टेशन में घटित नहीं हुई यह सब आरपीएफ और जीआरपी के जवानों की मुस्तैदी का ही प्रतिफल है।

# महाकुंभ में शामिल होने के लिए साइकिल से निकले श्रद्धालु



**सिराथू** । अलीगढ़ के पिखलौनी से पांच श्रद्धालुओं का जत्था सैनी से साइकिल चलाकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में शामिल होने निकला। जिन्हें देख राहगीर दंग रह गये।गुरुवार को सैनी में पांच श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल चलाकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में शामिल होने के लिए निकला। साइकिल सवार सुरेन्द्र राजपूत, जीतेन्द्र, चरन सिंह, मुकेश और ओमबीर सिंह ने बताया की सभी लोग 10 जनवरी को सुबह 10 बजे अलीगढ़ के पिखलौनी गांव से प्रयागराज के महाकुंभ में शामिल होने के लिए निकले हैं। महाकुंभ मेला में शामिल होने के साथ ही वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करते हुए घर वापसी का कार्यक्रम है। बताया की सफर के दौरान मैनपुरी, कन्नौज, कानपुर और फतेहपुर में रुककर विश्राम किया। जहां स्थानीय प्रशासन के सहयोग की सराहना की।

# ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी** -सरसवां ब्लॉक के शाहपुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास उमाशंकर मणि त्रिपाठी ने ध्रुव और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। इस ध्रुव चरित्र सुनकर श्रद्धालु भाव विभाग हो गए।कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं।

यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया।इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। कथा व्यास ने



कहा कि जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए।

ध्रुव का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की।इस दौरान यजमान गनेश प्रसाद भार्गव,भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,सुनील तिवारी,भोले शंकर कुशवाहा,प्रमोद भार्गव सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## घोषणा

मैं शैलेंद्र मिश्र सुत गंगापाल मिश्र नि. पूरे कालूराम (बेलहा) पो. खजुरी लालगंज अझारा जनपद प्रतापगढ़ का निवासी हूं। मेरे पुत्र ओम मिश्र सुत शैलेंद्र मिश्र कि जन्म प्रमाण पत्र एव आधार कार्ड में वास्तविक जन्मतथि 30-06-2010 है। त्रुटिवस क्लास 9th के पंजीकरण में जन्मतिथि 03-06-2010 हो गई है जिसे शुद्ध होकर 30-06-2010 होना चहिए।

9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# राष्ट्रीय लोक अदालत में करें अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण- जिला जज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने चाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समझ नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वह सभी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनुराग शर्मा, नोडल अधिकारी प्रशासन प्रतिनिधि/अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी कर्वी राजकमल, तहसीलदार मानिकपुर वाचस्पति सिंह, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया, डॉ श्याम किशोर, दयाशंकर वर्मा, हिमांशू द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 15 तक प्राप्त किए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

**चित्रकूट** - सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की 23 मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए विभागीय पोर्टल 15 फरवरी तक आनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए खोला गया है।बताया कि इस योजना के अंतर्गत एक नयी परियोजना भी इस वित्तीय वर्ष से संचालित की जा रही है। जिसमे मछली पकड़ने के प्रतिबंध/दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के संरक्षण के लिए पिछड़े हुए सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। कहा कि सभी इच्छुक मछुआरे अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है। परियोजना में आवेदन करने के लिए लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए। साथ ही वह एक कार्यात्मक स्थानीय मछुआरा सहे कारी समिति का सदस्य होना चाहिए तथा गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) हो तथा आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# डीआईजी ने डीएम और एसपी के साथ किया मेला क्षेत्र का भ्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। साथ ही शब-ए-बारात त्यौहार के दृष्टिगत एसपी व ईओ को आवश्यक निर्देश दिए।डीआईजी ने गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ माघ पूर्णिमा व प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 को देखते हुए रामघाट, परिक्रमा मार्ग व बेड़ी पुलिया का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में तैनात सभी सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी लोग सतर्क होकर ड्यूटि करें। कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए तथा सीसीटीवी कैमरों का संचालन लगातार होते रहना चाहिए। इसके बाद डीआईजी डीएम व एसपी ने ग्रिपा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद कर्वी के संयुक्त तत्वाधान में धर्मनगरी आए हुए श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया।मुस्लिम समुदाय के शब-ए-बारात त्यौहार के दृष्टिगत डीआईजी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि कब्रिस्तानों के आसपास साफ सफाई करवाएं तथा सूकर पालकों से बात कर उन्हें जानवरों को खुला न छोड़ने के लिए कहे। पुलिस अधीक्षक से कहा कि कब्रिस्तानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी रहनी चाहिए तथा इसमें किसी प्रकार की समस्या न होने पाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने शुरु कराया यात्री सेवा केन्द्र




**लोकमित्र ब्यूरो**


**चित्रकूट** - संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्त्वावधान में प्रयागराज महाकुम्भ से धर्मनगरी वाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए चित्रकूट के मध्य प्रदेश क्षेत्र में रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) एवं मोहकमगढ़ में यात्री सेवा केंद्र चालू कर जलपान की व्यवस्था की गई है। जिसमें श्रद्धालुओं को लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है।

व्यवस्था का शुभारम्भ ट्रस्टी डॉ बी के जैन एवं ऊषा जैन ने गुरु पूजन के साथ किया। इस दौरान सतना जिलाधिकारी सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने भी इस प्रयागराज महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं को लंच पैकेट का वितरण किया। ट्रस्टी डॉ जैन ने बताया कि गुरुदेव की कृपा एवं ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन स्व. अरविंद भाई के आशीर्वाद से प्रयागराज महाकुम्भ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रघुवीर मंदिर और मोहकमगढ़ में ट्रस्ट द्वारा प्रसाद वितरण सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है ताकि आने जाने वाले श्रद्धालु भूंखे न रहे और उन्हें खाने पीने की मदद मिल सके।

# देवंगना घाटी स्थित बुकरहन में मिले प्रागैतिहासिक युगीन दुर्लभ शैलाश्रय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -जिला मुख्यालय कर्वी से पांच किमी पूर्व देवांगना एयरपोर्ट की घाटी के उत्तरी हिस्से में विन्ध्यपर्वत में गुफाएं मौजूद हैं। इन गुफाओं में हजारों साल पुराने दुर्लभ प्रागैतिहासिक युगीन शैलाश्रय आज भी मौजूद हैं। इन गुफाओं में पहुंचने के लिए कलेक्ट्रेट के पास से एक मार्ग गणेश बाग होते हुए सिद्धपुर गांव को जाता है। गांव से पूर्व दिशा में ही रास्ता जंगल की ओर जाता है। यह मार्ग गांव के निवासी लाल प्रताप सिंह की बगिया होते हुए जंगल में पहुंच जाता है।यहां जंगल की तलहटी से ऊपर तीन किमी की उंचाई पर तमाम गुफाएं दिखाई पड़ती हैं। यह गुफाएं प्रागैतिहासिक युगीन सभ्यता और संस्कृति का निदर्शन प्रस्तुत करती हैं। इस पहाड़ी में गांव बुकरहन से लेकर बांके सिद्ध तक पगडंडी और दुर्गम जंगली रास्ता है के बीच पांच गुफाएं हैं। इन गुफाओं में आज भी प्रागैतिहासिक कालीन दुर्लभ शैल चित्र मौजूद हैं। इनमें बुकरहन तथा बांके सिद्ध की दोनों गुफाएं पुरातत्व व इतिहास की दृष्टि से बहुत समृद्धशाली हैं। विशेष रुप से बुकरहन की गुफा प्राकृतिक दृष्टि से बहुत सुंदर है। यहां के दुर्लभ शैल चित्र, कल कल बहता हुआ झरना, सैकड़ों की तादाद में पत्थरों पर लगे हुए बड़े बड़े मधुमक्खियों के छत्ते, मधुमक्खियों के आवाज से गुंजायमान भयावह गुफा का वातावरण, प्रागैतिहासिक कालीन चट्टान पर मौजूद दो बड़े चरण चिन्ह, एक चट्टान पर मौजूद शिवलिंग के निशान और झरने का स्वास्थ्य वर्धक सुपाच्य जल मौजूद है। रास्ता जोखिम भरा, घनघोर, निर्जन व झरना मौजूद होने के कारण जंगली जानवरों का भय बना रहता है। निर्जन गुफाओं में जंगली जानवरों के भी आशियाने हैं।इतिहासकार शिक्षक डॉ संग्राम सिंह ने प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर बताया है कि बुकरहन की गुफाएं प्रागैतिहासिक कालीन सभ्यता व संस्कृति के गौरवगाथा की साक्षी हैं। यहां आदिम मानव इन्हीं गुफाओं में रहता था। यहां हेमेटाइट प्रकार का एक अयस्क मिलता था। उस समय का मानव पशुओं की चर्बी और प्राकृतिक गोंद से लाल रंग का गाढ़ा लेप तैयार करते थे तथा दातून की कूंची से इन्हीं गुफाओं की शिलाओं पर चित्र बनाते थे। इन चित्रों का वर्ण विषय तत्कालीन मानव के सामाजिक जीवन का निरुपण था। बुकरहन की मुख्य गुफा में एक बड़ी शिला में एक साथ एक बड़ी शिला पट्टिका में एक सैकड़ा से अधिक चित्र मौजूद हैं। जिसमें बड़े-बड़े मानवों की आकृतियां व शिकार का अंकन दिखाई देता है।



यह दुर्लभ शैल चित्र अरण्य तीर्थ चित्रकूट के अंचल में मिल रहे शैलाश्रयों से बहुत विशिष्ट है। चित्रों का इतना बड़ा विशिष्ट चित्रांकन पूरे चित्रकूट में कहीं नहीं दिखाई पड़ता है। डॉ संग्राम सिंह ने बताया कि पहाड़ की तलहटी में पाषाण कालीन लघुपाषाणोपकरणों के प्रमाण भी मिले हैं। इनमें हैण्डेक्स, क्लीवर, कुल्हाड़ी, चिमटी और लोंढे जैसे तमाम उपकरणों के साक्ष्य मिले हैं। मूलतः चित्रकूट के सिद्धपुर का बुकरहन और बांके सिद्ध प्रागैतिहासिक कालीन सभ्यता और संस्कृति के संवाहक स्थल हैं। इन स्थलों को संरक्षित कराने जाने की महती आवश्यकता है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

# लघु सेतु निर्माण के लिए भूमिपूजन कर मानिकपुर विधायक ने क्षेत्रवासियों को दी सौगात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊ, चित्रकूट**- ग्राम पंचायत मवई कला स्थित कौशिकी नदी के ऊपर लघु सेतु निर्माण के कार्य का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने भूमि पूजन कर किया। जिसके साथ ही निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया। मानिकपुर विधायक ने बताया कि उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया था। जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने इसके लिए दो करोड़ 40 लाख 57 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मऊ-मानिकपुर क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता जगदीश गौतम जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, समाजसेवी इंद्रेश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान मवई कला मनोरमा सिंह, पूर्व प्रधान मुन्नीलाल पांडेय समेत क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में सुचिता बनाए रखने हेतु केंद्र व्यवस्थापकों के साथ डीआईओएस ने की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी** । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बैठक बृहस्पतिवार को ओसा में स्थित श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज सभागार में हुई। इसमें जिले भर से आए परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक शामिल हुए। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही परीक्षा को शुचितापूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



जिला विद्यालय निरीक्षक डा सच्चिदानंद यादव ने कहा कि यूपी बोर्ड से जारी प्रत्येक बिन्दु का अक्षरशः पालन करना जरुरी है। नियमों की अनदेखी करने पर केंद्र व्यवस्थापकों पर कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने कहा कि बोर्ड परीक्षा हमारे विभाग की परीक्षा है। इसकी निगरानी करना और शुचितापूर्ण कराना हमारी जिम्मेदारी है। आप विचार करें परीक्षा में वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट हमारी निगरानी के लिए लगाए गए हैं। इसको गंभीरता से लें और अपनी जिम्मेदारी स्वयं पूरे मनोयोग से नियमपूर्वक निभाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा का सम्यक निर्वहन हमारा गौरव बढ़ाने वाला होगा। हम प्रतिक्षण इसके लिए प्रयासरत रहें। डीआईओएस ने कहा कि कटी फटी कापियों को रिकार्ड में रखें और इसके वापस उपलब्ध कराएं। कोई शंका हो तो हमसे अवश्य पूछ लें। आपकी सभी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहाकि बोर्ड परीक्षा के नियमों का हर हाल में अनुपालन करें। नियमावली को अच्छी तरह हर विंदुओं को पढ़ लें। उन्होंने कहाकि नियम पहले भी थे, पर अबकी बार इसका पूरी सख्ती से पालन किया जाएगा। किसी गलतफहमी में न रहें। अपने कर्त्तव्य व दायित्व को समझें।साथ ही डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापकों को स्ट्रांग रूम के रख रखाव, प्रश्न पत्रों के वितरण, अवशेष प्रश्न पत्रों का हिसाब किताब रखने के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहाकि उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा में क्रम से वितरित करें। अवशेष उत्तर पुस्तिकाओं को रजिस्टर में दर्ज करें। जरुरत पड़ने पर इसे अलग से अंत में प्रयोग करें। बैठक में प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्नत सिंह सहित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कर्मी मौजूद रहे ।

# अनुशासन कायम रखने के संकल्प के साथ हुआ रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर का समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था चित्रकूट के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त शिवप्रताप पाल, भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था चित्रकूट के जिला सचिव सुरेश प्रसाद सिंह की गरिमामई उपस्थिती में गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया कर्वी चित्रकूट में चल रहे पांच दिवसीय रोवर रेंजर प्रशिक्षण जांच शिविर का समापन गुरुवार को किया गया।समापन दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने कैम्प का निरीक्षण किया। रेंजर लीडर बिंतू देवी, रेंजर प्रभारी डॉ सीमा कुमारी, रोवर प्रभारी डॉ वंश गोपाल की उपस्थिति में नए प्रवेशित रोवर रेंजरों का दीक्षा संस्कार किया गया। प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार पाल ने बच्चों के द्वारा बनाए टेंट एवं गैजेट्स की प्रशंसा की। कैंप का संचालन रोवर लीडर ललित कुमार यादव ने किया। कैंप में ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास, नियम प्रतिज्ञा सिद्धांत, पेट्रोल सिस्टम, दल के खेल, मार्ग के खोज के चिन्ह, ट्रैफिक नियम, कलर पार्टी, प्राथमिक चिकित्सा, रोवर रेंजर की चट्टानें, दिशा ज्ञान, मार्च पास्ट, बिना बर्तन का भोजन बनाना, अनुमान लगाना, गांठ फांस बंधन, पायनियरिंग टेंट बनाना एवं हाइकिंग जैसी शिक्षा प्रशिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कृत रोवर लीडर रामदयाल, रोवर लीडर ललित कुमार, स्काउट मास्टर जानकीशरण, रेंजर लीडर बिंतू देवी, सीनियर रेंजर मेट आकांक्षा सैनी और दीक्षा देवी आदि के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में डॉ नीरज गुप्ता, डॉ अमित कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमंत कुमार बघेल, डॉ बलवंत सिंह राजौदिया, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ रचित जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# सीसीटीवी कैमरा से मेला की आरपीएफ कर रही निगरानी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - कुंभ मेला और माघी पूर्णिमा सहित विभिन्न विशेष स्नान पर्वों पर धार्मिक नगरी चित्रकूट में आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने के लिए रेल सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेल प्रशासन द्वारा भारी मात्रा में बाहरी फोर्स को भी चित्रकूट में तैनात किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पूरे रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे पर आरपीएफ के जवान मुस्तैद नजर आ रहे हैं।



माघी पूर्णिमा मेला व्यवस्थाओं के मद्देनजर चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन के कंट्रोल रूम में आरपीएफ के उप निरीक्षक ओमप्रकाश मौर्य सीसीटीवी स्क्रीन पर मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे है। जब तक महाकुंभ मेला पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता उनकी ड्यूटी यहां रहेगी। जो भी श्रद्धालु महाकुंभ प्रयागराज पहुंचते हैं वह चित्रकूट महा मंदाकिनी में डुबकी लगाने और कामदगिरि की परिक्रमा करने जरूर आते हैं यही वजह है कि प्रयागराज की तरह चित्रकूट में भी भारी भीड़ लगातार बनी हुई है यहां है कि वाहनों की अधिकता के कारण जाम की स्थिति रहती है वाहन रेंगते नजर आते हैं जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी अधिकारी मेला को नियंत्रित करने में रात दिन लगे हुए हैं यही वजह है कि जनपद में अभी कोई अपनी घटना घटित नहीं हुई है सबसे काबिले तारीफ तो रेलवे स्टेशन में है कि कोई भी घटना नहीं हुई यहां तक की कोई भी चोरी की घटना भी स्टेशन में घटित नहीं हुई यह सब आरपीएफ और जीआरपी के जवानों की मुस्तैदी का ही प्रतिफल है।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी (वित्त) महोदय कौशाम्बी
वाद सं0 1267/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मो0 युसुफ बनाम रफीक अहमद आदि
बनाम
1. परवेज अहमद 2. सरफराज अहमद पुत्रगण रफीक अहमद 3. अल्ताफुन बेगम पत्नी रफीक अहमद 4. सफीक अहमद पुत्र अब्दुल खालिद निवासीगण सयारा मीठेपुर पर0 कड़ा तह0 सिराथू जनपद कौशाम्बी
तारीख पेशी 17.02.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# महाकुंभ में शामिल होने के लिए साइकिल से निकले श्रद्धालु



**सिराथू** । अलीगढ़ के पिखलौनी से पांच श्रद्धालुओं का जत्था सैनी से साइकिल चलाकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में शामिल होने निकला। जिन्हें देख राहगीर दंग रह गये।गुरुवार को सैनी में पांच श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल चलाकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में शामिल होने के लिए निकला। साइकिल सवार सुरेन्द्र राजपूत, जीतेन्द्र, चरन सिंह, मुकेश और ओमबीर सिंह ने बताया की सभी लोग 10 जनवरी को सुबह 10 बजे अलीगढ़ के पिखलौनी गांव से प्रयागराज के महाकुंभ में शामिल होने के लिए निकले हैं। महाकुंभ मेला में शामिल होने के साथ ही वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करते हुए घर वापसी का कार्यक्रम है। बताया की सफर के दौरान मैनपुरी, कन्नौज, कानपुर और फतेहपुर में रुककर विश्राम किया। जहां स्थानीय प्रशासन के सहयोग की सराहना की।

# ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी** -सरसवां ब्लॉक के शाहपुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास उमाशंकर मणि त्रिपाठी ने ध्रुव और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। इस ध्रुव चरित्र सुनकर श्रद्धालु भाव विभाग हो गए।कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गई।



यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया।इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए।ध्रुव का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की।इस दौरान यजमान गनेश प्रसाद भार्गव,भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,सुनील तिवारी,भोले शंकर कुशवाहा,प्रमोद भार्गव सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# डॉ अरुण चौधरी के मार्गदर्शन में शोध छात्र की पीएचडी हुई पूर्ण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली ।** महराजगंज तहसील क्षेत्र के न्यू स्टैण्डर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन सलेथू में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ अरुण चौधरी के मार्गदर्शन में ग्लोकल यूनिवर्सिटी मिर्जापुर सहारनपुर के शोध छात्र भेष राज चौधरी ने पीएचडी की उपाधि हासिल की है। शोध छात्र भेष राज चौधरी ने नॉवेल स्टडी ऑफ जूप्लान्कटॉन्स ऑफ राप्ती रिवर इन मिड वेस्टर्न रीजन, नेपाल एंड इट्स पोटेंशियल अगेंस्ट सम हैवी मेटल टॉक्सिसिटी विषय पर अपना शोध पूरा किया। बीते दिन फाइनल प्रेजेंटेशन के बाद भेष राज चौधरी को उपाधि प्रदान की गई। जनपद के अग्रणी शिक्षण संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में बीते दो दशकों से अधिक समय से कार्यरत डॉ अरुण चौधरी के इस सुकृत्य व उपलब्धि पर संस्था में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि डा चौधरी एक निजी संस्था में कार्य करते हुए जनपद में जंतु विज्ञान के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखते हैं। बीते वर्ष उनके ही विषय में छात्र सर्वज्ञ को लखनऊ विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से नवाजा गया था।

इस मौके पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ शशिकांत शर्मा व सँयुक्त प्रबंधिका डॉ रश्मि शर्मा समेत महाविद्यालय से जुड़े सभी अध्यापकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

# कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के अधीन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के अप्रैल-2025 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में निःशुल्क एक वर्षीय ष्कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षणष् कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जातिध्जनजाति एवं पिछड़ी जाति के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इस प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (01.04.2025) को होनी चाहिए। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत आशुलिपि, टंकण, हिन्दी, अंग्रेजी भाषा, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, तर्कशक्ति सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग, एवं एकाउंटेंसी, कम्प्यूटर परिचालन आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्रमाणित फोटो एवं प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित विलम्बतम् 22 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं। इस वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु साक्षात्कार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिये 24 मार्च 2025 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 25 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से सेवायोजन कार्यालय प्रांगण में होगा। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली से सम्पर्क करें। प्रशिक्षण की अवधि में अभ्यर्थी को कहीं भी अध्ययनरत अथवा नियोजित नहीं होना चाहिए। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय न होगा।

# भारतीय डाक विभाग की तरफ से उपडाकघर सलोन में विशेष व्यवसाय मेले का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सलोन भारतीय डाक विभाग की तरफसे उपडाकघर सलोन में विशेष व्यवसाय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा डाक विभाग की तमाम योजना के बारे में उच्चाधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। डाक निरीक्षक पूर्वी रितुराज ने कहा कि सुकन्या समृधि योजना व डाक जीवन बीमा आदि केंद्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजनाये हैं। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अधिक बोनस मिलता हैं। इस योजना में सरकारी कर्मचारी, ग्रेजुए , किसान, व्यापारी, मजदूर आदि लोग इसका लाभ उठा सकते है है। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकारी विभाग में काम करते हैंऔर उनका पी एल आई (पोस्टल लाइफ इंश्योरेंश) होता हैं। तथा अन्य लोगो मे किसान, मजदूर, व्यापारियो के लिए आर पी एल आई (ग्रामीण डाक जीवन बीमा) होता हैं।



इंडिया के किसी भी डाक घर मे इसका प्रीमियम जमा कर सकते हैं। उपडाक घर व सभी शाखा के डाकघरों को आदेशित किया गय हैं। कि ग्रामीण अंचलों में अधिक से अधिक लोगों को भारतीय डाक विभाग की योजनाओं से जोड़कर उन्हें जागरूक कर लाभ दिलाया जा सके। वही इस मौके पर उपडाकघर सलोन के पोस्ट मास्टर दिनेश चंद्रा व ग्रामीण अंचलों के शाखा डाकघर मोहनगंज, रेवहारा, मटका समेत लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगो को अधिक व्यवसाय किये जाने पर उन्हें डाक अधीक्षक ने पुरुस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेल वर्सियर अबिरल श्रीवास्तव, राकेश कुमार मौजूद रहे।

# माँ शीतला शनि सरकार एवं खाटू श्याम समिति द्वारा कलश यात्रा का किया गया भव्य आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** बृहस्पतिवार को श्री श्री माँ शीतला शनि सरकार एवं खाटू श्याम समिति द्वारा कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया यात्रा चंपा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर खाटू श्याम मन्दिर तक गयी, यात्रा में आम जनमानस द्वारा श्रद्धालुओं पर भव्य रूप से पुष्प और इत्र वर्षा की गयी इस कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं एवं 100 पुरुषों ने सहभाग किया जिसमें सभी महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर और कलश उठा कर बाबा का गुणगान करते हुए पैदल चलकर यात्रा पूर्ण की मंदिर पहुंचने कार्यक्रम प्रभारी मोहित अग्रवाल द्वारा सभी का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद



वितरित किया गया कलश यात्रा उपरांत बाबा के पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसके मुख्य यजमान दिनेश खेतान रहे और उनके साथ शहर के अन्य 21 जोड़ो में अमिय शुक्ला, महेश नारायण अग्रवाल, राजेश गाडिया, राघव मुरारका, ऋषि अग्रवाल, राजकमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोविंद बंसल, अर्पित सिंघल, राघव सिकरिया, रोहित मित्तल, राकेश अग्रवाल फुरसतगंज, अनिल अग्रवाल लखनऊ, सौरभ अग्रवाल सुल्तानपुर, राकेश अग्रवाल, अशोक श्रीवास्तव, दीपक सिंह, माया शंकर शुक्ला, अनुपम अग्रवाल, ललित शुक्ला, आदि ने पूजा में सहभागिता दी, पूजन का पूरा कार्यक्रम नैमिषारण्य से आये आचार्य अरुण शास्त्री जी ने संपन कराया। इसके अलावा पूजन में मुख्य रूप से अभिषेक गोयल, मोहित अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल, रिषभ बिंदल, उमेश सिकरिया, पंकज मुरारका, अनुराग मुरारका, प्रतीक अग्रवाल, आशुतोष तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# डिग्री कॉलेज में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों सहित समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पुस्तक मेले में इतिहास, भूगोल, विज्ञान सहित साहित्यिक क्षेत्र की हजारों पुस्तकें मौजूद थी। पुस्तक मेले की उपयोगिता पर विद्यार्थियों ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरानी पुस्तकों के संदर्भ में मेले का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया गया है। निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें मील का पत्थर साबितहोगी। वही प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह और प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय परिवार छात्र-



छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। जब भी विद्यार्थियों को जिस भी तरह की जरूरत पड़ी है। विद्यालय परिवार ने बच्चों का सहयोग किया है। प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025 -26 हेतु रजिस्ट्रेशन प्रवेश प्रक्रिया निशुल्क प्रारंभ हो गई है। बैसवारा डिग्री कॉलेज में बीए, बीएससी और एमए की क्लासेस संचालित हैं। विद्यार्थी प्रवेश लेकर उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। बताते चले कि बैसवारा डिग्री कॉलेज में पर्याप्त शिक्षक स्टाफ है। डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स एवं एनसीसी की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्रवृत्ति सहित गरीब बच्चों को सहायता भी मिलती है।विद्यालय प्रबंधन बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का हर संभव प्रयास करताहै। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉक्टर निरंजन राय, डॉक्टर संजीव कुमार मिश्रा, डॉक्टर रमेश चंद्र यादव, सुरेश गुप्ता सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# प्रभुत्ववादियों ने सदैव किया बाबासाहब का अपमान-इं.वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र सलोन के काजीपुर तेलियानी एवं बनी गाँवों में पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने देश में संविधान देकर नकारात्मक एवं शोषणात्मक सोच के प्रभुत्ववादी लोगों पर कानून मानने पर बाध्य कर दिया इसलिए प्रभुत्ववादी सोच के लोग सदैव बाबा साहब के प्रति तिरस्कार पूर्ण अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। बाबसाहब ने आजीवन पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की भलाई उनके अधिकारों को दिलाने के लिए आजीवन कार्य



किया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि जब से बीजेपी सत्ता में आयी है सलोन विधानसभा क्षेत्र का विकास अवरुद्ध है क्षेत्र में गुंडाराज एवं अराजकता बढ़ी है।समाजवादी पार्टी सरकार में सलोन विधानसभा में बिजली, चिकित्सा, सड़क, शिक्षा क्षेत्र में विकास कि अनेकों कार्य हुए थे। वरिष्ठ नेता सुरेश निर्मल ने पीडीए चर्चा कार्यक्रमों में बोलते हुए कहा कि पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की एकजुटता ही सौहार्द विरोधी, विकास विरोधी बीजेपी सत्ता से बाहर होगी। कार्यक्रमों को वरिष्ठ नेता पुत्तन सिंह यादव, रामकिशोर पुजारी, डा.वसी, राजेश मौर्या, बबलू लोधी, राकेश यादव, जीतू सिंह, कल्लू चौधरी, आशुतोष यादव, लवकुश मौर्या, विनोद यादव, सत्तेश गौतम, रईस खान, अरुण यादव, दीपू शुक्ला, पिंटू दिनेश आदि ने संबोधित कर जातीय जनगणना, संख्या के अनुसार आरक्षण, बेरोजगारी एवं रायबरेली जनपद के बाधित विकास पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार द्वारा सलोन को जनपद रायबरेली से जोड़ने एवं उनके द्वारा किए जनकल्याणकारी कार्यो को याद किया गया। सभी ने पीडीए की एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।

# भव्यता के साथ मनाया गया ऊंचाहर परियोजना का स्थापना दिवस

**रायबरेली।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना का स्थापना दिवस परंपरागत रूप से भव्यता पूर्वक मनाया गया एनटीपीसी ध्वज फहराने तथा एनटीपीसी गीत की गूंज के साथ महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण ) रवि प्रकाश अग्रवाल ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये कहा की ऊंचाहार परियोजना को एनटीपीसी ने जब अधिग्रहित किया था तो या एक नया प्रयोग था । इसी के बाद एनटीपीसी कंपनी का यह विश्वास कायम हुआ की पुराने प्रोजेक्ट को लेकर उसे नवीनीकृत करके बेहतर परिणाम हाशिल किए जा सकते हैं । श्री अग्रवाल ने कहा की ऊंचाहार परियोजना का अधिग्रहण अप्रत्याशित रूप से सफल रहा । शुरू से ही ऊंचाहार परियोजना विद्युत उत्पादन



तथा कार्य निष्पादन के उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं । इस अवसर पर केक काटा गया जिसमें सभी विभागाध्यक्ष , यूनियन एवं एसोसिएसन के अध्यक्ष तथा महासचिव , स्कूलो के प्रधानाचार्य , प्रियदर्शनी लेडीज क्लब की महिलाएं डीसी, सीआईएसफ ने भी भाग लिया । समारोह में राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय हैं की आज ही के दिन 13 फरवरी 1992 को देश की अग्रणी विद्युत कंपनी एनटीपीसी ने ऊंचाहार परियोजना को उत्तर प्रदेश सरकार से अधिग्रहित किया था ।

# गैस एजेंसी के ट्रक से चोरी किए गए डीजल के अरोपीयों को पुलिस ने गिरफतार कर भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** महराजगंज बीते 48 घंटे पूर्व कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर खड़े गैस एजेंसी के ट्रक से चोरी किए गए डीजल व दो अभियुक्त तथा एक पिकअप को कड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली पुलिस में बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव कुसुढ़ी सागरपुर गांव निवासी कुंवर बहादुर सिंह पुत्र विश्राम सिंह में बीती 11 फरवरी को कोतवाली में बताया था कि गैस की गाड़ी चलाता है, दिनांक 8 फरवरी को गाड़ी लोड करके लखनऊ से पहाड़पुर स्थित रावत गैस एजेंसी के लिए निकाला था लेकिन रात अधिक हो जाने के कारण गाड़ी खाली नहीं हो पाई जिस पर वह गाड़ी को लेकर अपने गांव स्थित पेट्रोल पंप पर गाड़ी खड़ी कर घर चला गया था और जब सुबह वापस



आया तो देखा की गाड़ी के डीजल टैंक का ढक्कन खुला हुआ था जिसमें से डीजल गायब था इस पर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो उसमें दो आरोपी डीजल चुराकर पिकअप से ले जाते हुए दिखाई पड़े। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि बीती रात मुखबिर खास से सूचना मिली की ट्रक से डीजल चोरी करने वाले उक्त दोनों आरोपी दोनों आरोपी जमुरावा नहर पुलिया के पास मौजूद है।

इस पर कोतवाली से उपनिरीक्षक सुनील कुमार चौहान के नेतृत्व में सिपाही शुभम यादव, कुंदन यादव, शिव प्रताप सिंह को मौके पर भेजा गया और आरोपी पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गए गिरफ्तार कि गये आरोपियों में से एक आरोपी दिलशाद खान पुत्र मुंशी खान ऊकाउता थाना जनपद शाहजहांपुर मध्य प्रदेश तो वही दूसरा अभियुक्त नीरज कुमार जायसवाल पुत्र ललित प्रसाद जायसवाल प्रतापगढ़ जनपद थाना मानिकपुर के अंतर्गत बवनपुर गांव का रहने वाला है उक्त आरोपियों की निशानदेही पर चोरी में प्रयोग किया गया पिकअप व 35 लीटर डीजल इसके अलावा 16 अदद पिपिया खाली एक निकासी पाइप व 4500 रुपए नगद बरामद हुए हैं दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊँचाहार के गांवों में चौपाल, नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगो की सुनी समस्याएं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊँचाहार के रोहनिया ब्लॉक के भाभी का पुरवा, नरेंद नगर, निबावर, गाठी एव ऊँचाहार ब्लॉक के बहादुरपुर, पासिन का पुरवा, सेवक का पुरवा एव राम चंदरपुर आदि गांवों में चौपाल, नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगो की समस्याएं सुनी व कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर अतुल सिंह ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए एवं देश की एकता एवं अखंडता को बचाने के लिए जननायक राहुल गांधी जी लगातार संघर्ष कर रहे हैं, साथ ही पूरे देश की पदयात्रा की। आजाद भारत देश को संवारने और विकसित बनाने का काम सिर्फ और सिर्फ गांधी-नेहरू



परिवार एवं कांग्रेस ने किया है।अतुल सिंह ने कहा कि चाहे ब्लॉक स्तर पर प्राइमरी, जूनियर स्कूल खोलना हो या हॉस्पिटल यह सब कांग्रेस पार्टी की देन है।बड़ा दुर्भाग्य है कि आजादी के इतने साल बाद भी लाठी डंडों से अपनी फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए खेतों में जाना पड़ता है। सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है!श्री सिंह ने कहा ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है,बिजली,पानी और सड़क के लिए जनता परेशान है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, जिला सचिव अनुज सिंह, रामदत्त पांडे, आशु मौर्य, गोलू अग्रहरि, अनुराग मौर्य, अजय पटेल, पप्पू मिश्रा, रवि सिंह, दिनेश पाल, वीपी सिंह, दिनेश सिंह, उदय सिंह, सोनू रावत, आशू मौर्य, अनुराग मौर्य, सचिन रावत, रामदेव यादव, सुरेश जयसवाल, संदीप मौर्य, राकेश यादव, अजय पटेल, पप्पू मंसूरी, उदय लोधी, दया लोधी, घनश्याम सिंह, राम कुमार सरोज आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# डीएम ने निर्माणाधीन बैडमिंटन हॉल का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने खेलों इंडिया के तहत निर्माणाधीन बहुउद्देशीय बैडमिंटन हॉल जैतूपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुवे कहा कि निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में मानक के अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में सरोजिनी नायडू की मनायी गई जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में सरोजिनी नायडू जयंती (राष्ट्रीय महिला दिवस) पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नायडू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। सरोजिनी नायडू ने स्वतंत्रता आंदोलन में कई तरह से योगदान दिया, वे एक स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री और महिला अधिकारों की वकालत करने वाली आवाज थीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए कई देशों का दौरा भी किया। सरोजिनी नायडू को




भारत कोकिला भी कहा जाता है क्योंकि उनकी कविताओं में खूबसूरत शब्द थे जिन्हें गाया भी जा सकता था। उन्होंने भारत के विभिन्न हिस्सों में यात्रा कर महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा। अंत में प्रधानाचार्य जी ने अपने संबोधन में कहा कि सरोजिनी नायडू जानी-मानी कवयित्री होने के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिला थीं। देश की आजादी के बाद उनको पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव प्राप्त हुआ। नायडू जी ने महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने भारतीय समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनका मानना था कि यदि पुरुष देश की शान हैं तो महिला उस देश की नींव हैं। इसीलिए महिलाओं के अधिकारों के लिए उनकी भूमिका को देखते हुए 13 फरवरी को अपने देश में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है।

# डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित की गई प्रवर्तन कार्यवाही व सड़क दुर्घटनाओं के लिए की गई सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर अवैध रूप से निर्मित कटो को चिन्हित कर बंद किया जाए, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग की जाए, राष्ट्रीय राजमार्ग में स्पीड कैमरे लगाए जाए, तथा लोगों को जागरूक करने के लिए पर्याप्त स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगवाए जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत पोल एवं पेड़ो पर ट्री प्लेट,



थर्मोप्लास्टिक, रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण महिपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डामरीकरण की बाट जोह रहा है कैथवल के बैजला संपर्क मार्ग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** ग्राम सभा कैथवल मजरा बैजला गांव स्टेट राजमार्ग बैजला गांव संपर्क मार्ग आजादी के बाद आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । श्रीवास्तव और ब्राह्मण बस्ती संपर्क मार्ग दो किलोमीटर दूर तक आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने तथा बरसात के दिनों में जलभराव हो जाने हो पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है जिससे घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है।



बताया जाता है कि प्रधान गीता देवी ने बताया कि यह लपरी नदी होने से सड़क निर्माण कार्य कराना असंभव है । बस्ती तक जाने के लिए गड़री मार्ग से लोगों का आवागमन होता है । वहीं इस मार्ग से सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है । लेकिन इन दिनों जगह - जगह गड्ढ़े होने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। जबकि बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढ़े हो जाता है। और जलभराव हो जाता है । जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं ।

ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्ष 2022 - 23 में मनरेगा के तहत दो किलोमीटर दूर तक मनरेगा के तहत तीन लाख रुपए की लागत से मिट्टी, और गिट्टी डाला था । वजट पास नहीं होने से यह सड़क निर्माण कार्य अधूरा है। इस मार्ग से किसानों का ट्रेक्टर चलने से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । कैथवल स्टेट राजमार्ग से दो किलोमीटर दूर स्थित श्रीवास्तव और तिवारी बस्ती गांव है । ग्राम प्रधान ने बस्ती में सौ मीटर दूर तक इंटरलाकिंग का कार्य किया गया है । लेकिन डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।

कैथवल के बैजला बस्ती के बीच लपरी नदी स्थित है। चंद्र लाल श्रीवास्तव , रिंकू, शिव बहादुर बस्ती के लोगों का कहना है कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । बीस वर्ष पूर्व प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट्टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण तो हुआ है । कुछ गांव के अराजकत्वतों ने कूड़ा करकट डालकर पाट दिए जाने से गांव सभा द्वारा बनाई गई नालियां चोक लेने से जगह-जगह घरों का गंदा पानी नहीं बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । ग्रामीणों को किचन युक्त होकर गुज़रने से मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि कुछ दबंगों द्वारा अपनी काश्तकारी बताकर निर्माण कार्य में अवरूद्ध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसों दूर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से बीस वर्ष पूर्व चार लाख रुपए खर्च कर दो सौ मीटर मिट्टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग बीस वर्ष पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।

# महाकुम्भ अध्यात्म, ज्ञान और साधना की त्रिवेणी-ब्रह्मचारी गिरीश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** वेद विद्या मार्तण्ड ब्रम्हचारी गिरीश जी ने तीर्थराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं में आस्था तथा देवी देवताओं के प्रति भक्ति का सबसे बड़ा उत्सव निरूपित किया है। प्रयाग राज में महाकुंभ का आयोजन भारत की सनातन वैदिक परंपराओं के प्रति असंख्य तीर्थ यात्रियों की सामूहिक आस्था के व्यक्तीकरण का एक पवित्र अवसर है जिसमें श्रद्धालु पावन गंगा, यमुना एवं सरस्वती नदियों के पवित्र संगम पर स्नान कर अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए एकत्रित होते हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम है। शास्त्रों के अनुसार महाकुम्भ अपनी बुराइयां छोड़कर एवं अच्छाइयां लेकर जाने का शुभ अवसर है। वैमनस्यता, लालच, ईर्ष्या, द्वेष, छल, कपट, दुराभाव, माया, मोह, लोभ जैसे अनेक नकारात्मकता पक्ष तो पहले किसी आदर्श मनुष्य में होने ही नहीं चाहिए, उसका जीवन पथ तो मित्रता, स्नेह, संवेदनशीलता, दानशीलता, सरलता, सहजता, क्षमाशीलता जैसे सकारात्मकता पक्षों से परिपूर्ण होना चाहिए। यदि फिर भी कोई बुराई हो तो उसे यही छोड़कर और समस्त अच्छाइयों को लेकर जाने का अवसर प्रदान करता है महाकुंभ। पूर्ण विश्वास है कि प्रयागराज आने वाले सभी तीर्थयात्री जन इसी ज्ञान को धारण कर रहे होंगे।यहां यह विचारणीय है कि जो ज्ञान हम सब को प्राप्त हो रहा है, पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद जो सद्भावना जागृत हो रही है, वह कितनी स्थाई है, क्या यह जीवनभर हमारे साथ रहेगी, क्या कोई ऐसी विधि है जो इस भावना को स्थायित्व प्रदान कर सके। श्रीमद् भगवद गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है ÷योगस्थ्कुरुकर्माणि÷ अर्थात योग में स्थित होकर कर्म करो। वर्तमान में जनसामान्य योगासनों को ही योग समझ रहे हैं, तब सामान्य व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन है कि योगासन करते हुए कर्म कैसे करें। इस संदर्भ में भारत के महान सपूत एवं विश्व के महानतम चेतना वैज्ञानिक परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी ने विश्व को भावातीत ध्यान के रूप में वैदिक ज्ञान के व्यवहारिक पक्ष की सरल, सहज, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक पद्धति प्रदान की है जिसके प्रतिदिन प्रातः संध्या मात्र बीस मिनट के अभ्यास से अभ्यासकर्ता को भावातीत चेतना का अनुभव होने लगता है इससे अभ्यासकर्ता को अत्यधिक शारीरिक एवं मानसिक लाभ प्राप्त होते हैं, जिससे सकारात्मकता, एकाग्रता, निश्चयात्मकता में वृद्धि एवं अजेयता की प्राप्ति सम्मिलित हैंढ्ढ भावातीत ध्यान की निरन्तर साधना से निश्चयात्मकता के गुण में हुई वृद्धि ही इस महाकुंभ में प्राप्त ज्ञान एवं भावना को स्थायित्व देने में अत्यंत सहायक होगी। यही सच्चा आनन्द है ढ्ढ परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी ने सदैव वेदों से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान भावातीत ध्यान को सर्वोच्च स्थान दिया। अब हम सभी को भी प्रकृति से उत्पन्न इस समस्त ज्ञान एवं इस ज्ञान से प्राप्त वैभव व आनन्द को समस्त प्राणियों में समान रूप से वितरित करते हुए अध्यात्म, ज्ञान एवं साधना की इस त्रिवेणी में डुबकी लगाते रहना है ढ्ढ तभी इस महाकुंभ की सार्थकता पूर्णता को प्राप्त होगी और जीवन धन्य होगा ।



# प्रॉपर्टी और रुपयों के लिये बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट, आरोपी फरार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को बेटे ने अपनी मां को मकान के लालच में फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घर में महिला का लहूलुहान शव देखकर पड़ोसियों ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है। शहर कोतवाली इलाके के पूर्णागिरि मोहल्ला निवासी स्व. जगन्नाथ की पत्नी उषा देवी (51) का बेटा कपिल मकान को अपने नाम करवाना चाहता था। इसको लेकर आए दिन उसका मां से विवाद होता रहता था।

गुरुवार के दिन भी वह मकान को लेकर मां से झगड़ा करने लगा। मां के मना करने पर कपिल गुस्से में आकर उसने ऊषा देवी की फावड़े से काटकर निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि आरोपी नशे का भी आदी बताया जा रहा है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए।

# परमार्थ निकेतन शिविर में प्रसिद्ध अभिनेता विवेक ओबेराय का सपरिवार आगमन

## पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और पूज्य साध्वी भगवती सरस्वती जी से हुई भेंटवार्ता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** प्रयागराज के पवित्र संगम में स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में अभिनेता विवेक ओबेराय का सपरिवार आगमन हुआ। पूरे ओबेराय परिवार का परमार्थ निकेतन में वेदमंत्रों, पुष्प वर्षा व शंखध्वनि से अभिनन्दन किया।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी के साथ विवेक ओबेराय जी और पूरे ओबेराय परिवार ने दिव्य भेंटवार्ता की जो आध्यात्मिक शांति और सकारात्मकता से ओत-प्रोत थी।

अभिनेता विवेक ओबेराय ने पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और इस अवसर पर अपने आध्यात्मिक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर आकर उन्हें अत्यधिक शांति और दिव्यता का अनुभव हो रहा है।



इस अवसर पर स्वामी जी और साध्वी भगवती जी ने ओबेराय परिवार को आशीर्वाद देते हुए कहा कि महाकुम्भ व्यक्तिगत जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के साथ पूरे समाज और राष्ट्र की चेतना जागृत करने का उपयुक्त अवसर है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि महाकुम्भ एक ऐसा पवित्र आयोजन है जो व्यक्तिगत जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ पूरे समाज और राष्ट्र की चेतना जागृत करने का अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह एक दिव्य संगम है, जहाँ लाखों लोग अपनी आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक शांति के लिए एकत्र होते हैं।

महाकुम्भ में आस्था और विश्वास की जो लहर उठती है, वह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बदल देती है, बल्कि समाज और राष्ट्र की चेतना को भी जागृत करती है। यहाँ, लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं, सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देते हैं और परस्पर सहयोग की भावना का अहसास करते हैं। इस प्रकार, महाकुम्भ सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का एक प्रेरणास्त्रोत है, जो हमें अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और मानवता के मूल्यों की याद दिलाता है।

स्वामी जी ने इस अवसर पर सभी से आह्वान किया कि हम अपने दिलों में भारत की एकता, अखंडता और विविधता को बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे संगम में तीन नदियाँ मिलती हैं, वैसे ही हमें अपने विभिन्न मत, पंथ और संस्कृतियों को मिलाकर एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र की नींव रखे। स्वामी जी ने इस अवसर पर एक डुबकी राष्ट्र के नाम का संदेश दिया।

श्री विवेक ओबेराय जी ने महाकुम्भ के अनुभव को अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताते हुये कहा कि इस पुण्य भूमि पर आकर उन्हें एक नई ऊर्जा और शक्ति मिली है, जो उनके जीवन और दृष्टिकोण को और अधिक सकारात्मक बनाएगी।

साध्वी जी ने कहा कि महाकुम्भ, आध्यात्मिकता को अपने जीवन में स्थान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। इससे हम न केवल अपनी आत्मा की शांति प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अरैल घाट पर आयोजित गंगा आरती में श्री विवेक ओबेराय, उनकी माता जी यशोधरा ओबेराय, धर्मपत्नी प्रियंका, बेटे विवान, बेटी अमेया और परिवार के अन्य सदस्यों ने सहभाग किया। स्वामी जी ने रूद्राक्ष का दिव्य पौधा भेंट कर श्री विवेक ओबेराय और पूरे परिवार का अभिनन्दन किया।

# पूर्व प्रमुख उरुवा के प्रतिनिधि को मातृ शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** पूर्व प्रमुख उरुवा प्रतिनिधि सुरेश मिश्र की माता स्व. कमला देवी का बुधवार को निधन हो गया। वह 105 वर्ष की थीं। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. कमला देवी सरल स्वभाव और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं।

उनका अंतिम संस्कार कोठरी गंगा घाट पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में गुरुवार को हुआ। इस दौरान परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि उनके पुत्र सुरेश मिश्र ने दी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में कई सामाजिक और राजनीतिक लोग शामिल रहे।



सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# बलीपुर मंडल अध्यक्ष की तरफ से श्रद्धालुओं को बांटा गया प्रसाद

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** बलीपुर मण्डल की तरफ से सहसों टोल प्लाजा के पास नर सेवा,नारायण सेवा के तहत शिविर लगाकर महाकुंभ में आए हुए श्रद्धालुओं को प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर तहरी(प्रसाद) वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश मौर्य, मण्डल के पदाधिकारी विपिन सिंह प्रधान, श्याम सुंदर गुप्ता सरायवशी, बैजनाथ यादव, तरुण दुबे, गुप्ता प्रसाद गुप्ता, राम लाल गौतम, सुरेंद्र मिश्रा, जंगबहादुर पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बलीपुर कमलेश मौर्य ने कहा कि प्रयागराज वासियों का सौभाग्य है कि उनके यहां पूरी दुनिया के लोग आ रहे हैं। इसलिए उनकी सेवा करना हम लोगों का कर्तव्य बनता है।



# सेन समाज कमेटी जटा शंकर धाम में हुआ कांवर पूजन कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** छतरपुर सेन समाज कमेटी जटा शंकर धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काँवर पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला (बब्लू भैया ) विधायक विजावर के प्रति निधि विधायक जी के सुपुत्र . धनंजय शुक्ला और बड़ा मलेहरा विधायक प्रदुम सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि सेन समाज विकास संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजा राम सेन रहे विशिष्ट आमंत्रित सदस्य सेन समाज विकास सगठन के बरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष के. एल. नापित सेन समाज विकास संगठन जिला प्रभारी जगदीश सेन सेन गनेश प्रसाद सेन गोपाल पुरा पूर्व सरपंच नत्थू लाल सेन खेरो सचिव मान पूरन लाल सेन बड़ा मलेहरा विधानसभा विभावरी स्वामी प्रसाद सेन रहे और संगीत कलाकार पप्पू सेन कटारा प्रमोद सेन गंज कंछेड़ी लाल सेन गंज अध्यक्ष आयोजक मण्डल में हरदयाल सेन सड़वा आनंदी लाल सेन सरपंच हरि सेन अमरपुरा नत्थू सेन वीरखेरी सेतुः सेन माते गोवेन्द्र सेन छान स्वामी प्रसाद सेन बड़ा मलेहरा काशी राम सेन सतई मोहन सेन बंदनी आदि समस्त समस्त सेन समाज कमेटी जटा शंकर धाम और आसपास के समस्त क्षेत्रीय सेन समाज बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विजावर के द्वारा जटा शंकर धर्म शाला जीर्णोद्धार के लिए 300000 तीन लाख राशि की घोषणा की गई समस्त सेन समाज ने विधायक प्रतिनिधि का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रभारी जगदीश सेन ने किया।



# एडवेंचर कैंप में सिंघानिया एजुकेशनल स्कूल के बच्चों ने की मस्ती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में एडवेंचर कैंप का आयोजन गुरूवार को किया गया। विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने खूब मस्ती की। इसमें कक्षा 01 से 8 तक के विद्यार्थियों भाग लिया। इस कैंप में विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा और रोमांचक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की रोमांचक गतिविधियां शामिल रही। स्कूली बच्चों ने फ्लाइंग फॉक्स, डबल रोप ब्रिज, ट्रैम्पलिन, डांसिंग बैम्बू में खूब उछलकूद की। इसके साथ ही रोप क्लाइंबिंग , हॉप -स्कॉच , कमांडो नेट , जॉर्बिंग रोलर, टेंट पिचिंग , वॉल क्लाइंबिंग, आइस ब्रेकर्स, लेजर बीम, कमांडो क्रॉल, मोगली वॉक, हुला हूप, टग ऑफ वार, रोप लैडर, सॉफ्ट आर्चरी, बैलून कलेक्शन, मैजिक शो, एस्ट्रो एडवेंचर में बच्चों ने तारामंडल के विषय में जानकारियां हासिल की। इन गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थी अत्यधिक उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। विद्यालय

प्रबंधन समिति द्वारा एडवेंचर कैंप के आयोजन का उद्देश्य प्रतियोगिता से भरे वर्तमान युग में विद्यार्थियों में शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ उन्हें साहसी बनाना है।

# सेक्रेट हार्ट में राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का हुआ सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर के सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज के वूमेन फोरम द्वारा रामपुरवा गांव में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महिला से संबंधित कानून की जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही सेक्रेड हार्ट की छात्राओं ने महिला दिवस के अवसर पर डांस प्रस्तुति से सामाजिक संदेश दिया। इसके बाद ग्रुप सॉन्ग और सोलो सोंग भी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया। गांव की महिलाओं को सैनिटरी पैड्स बांटे गए। सामाजिक कार्य में अग्रणी रहने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम पर संस्थान के प्राचार्य फादर सजी ने सामाजिक मैसेज दिया। फादर ने कहा कि हम महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीमा शर्मा, रश्मि मिश्रा एवं सोनाली श्रीवास्तव एवं शोभित टंडन , सुष्मिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। छात्राओं जिन्होंने प्रतिभा किया। प्रगति शर्मा, वैष्णवी मनीषा एश्ले मुस्कान स्वस्तिका ईशा इशिता गुरप्रीत रिया एवं कृषआ आदि छात्राओं ने प्रतिभा किया।




# मानव जीवन में हमेसा चलता रहता है देवासुर संग्राम और समुद्र मंथन

**नैनी ( प्रयागराज )।** देवासुर संग्राम और समुद्र मंथन लाखों वर्ष पहले हुए थे, लेकिन मनुष्य जीवन में यह सदैव होता रहता है। मानव इसे समझ नहीं पाता है। वह सांसारिक मोहमाया में फंसा रहता है। यह बातें सेक्टर 24 अरैल में स्थित संतमत सत्संग समिति हरिद्वार के शिविर में स्वामी व्यासानंद जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा, कि जहां प्रसन्नता होती है, वही स्वर्ग होता है, जहां सत्य है वही स्वर्ग है, जहां चोरी ना हो वहां स्वर्ग है। समस्त पापों को नाश करने वाली मां गंगा भारद्वाज मुनि के आश्रम में पहुंचकर ही पवित्र होती है। तीर्थ में मानव के आने से सुख-दुख दोनों मिलता हैमां गंगा में स्नान करने से मन को शांति मिलती है। समिति के प्रबंधक दिनेश कुमार ने बताया, कि 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी व्यासानंद महाराज पांच सौ स्वच्छता कर्मियों को भोजन कराने के बाद उनका सम्मान करेंगे।

# चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**थरवंई ।** थाना क्षेत्र के मुर्दहिया पुलिया नई बस्ती निवासी धीरज कुमार तिवारी का 10 दिन पूर्व सबमर्सिबल पंप चोरी हो जाने पर पीड़ित धीरज कुमार तिवारी ने गुरुवार को राजा भारतीया निवासी बहमलपुर थाना फरवरी को नामजद करते हुए चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है

# सोमेश्वर घाट पर पत्रकारों ने लगाई डुबकी

**नैनी ( प्रयागराज )।** महाकुंभ प्रयागराज माघ मेला के पांचवें प्रमुख अमृत स्नान पर्व पर बुधवार को ÷दि÷ वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स क्लब से जुड़े स्थानीय पत्रकारों ने सोमेश्वर घाट पहुंचकर गंगा जी में आस्था एवं पुण्य की डुबकी लगाई ।

तत्पश्चात मां गंगा को नमन करते हुए विश्व कल्याण की कामना की।इस मौके पर नरेंद्र श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, शिव मूरत केसरवानी, राजीव जायसवाल, हजारी लाल कुशवाहा, गौरव केसरवानी, अखिलेश शुक्ला, राहुल जायसवाल, देवाशीष श्रीवास्तव, नसीम अहमद, रमेश पटेल मौजूद रहे।

# सिराथू पहुंचे आयुष मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू कौशांबी।** प्रदेश सरकार में आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाधन राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्रा उर्फ दयालू का बृहस्पतिवार को सिराथू कस्बा आगमन हुआ जहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ पार्टी नेता माधुरी केसरी के घर पर थोड़ी देर रुकने के बाद हाईवे के सैनी के गुरुकुल विद्यालय के पास भाजपा द्वारा श्रद्धालुओं के भोजन शिविर में पहुंचकर कुंभ से लौट रहे यात्रियों को भोजन वितरित किया। बृहस्पतिवार को प्रयागराज कुंभ से लौट रहे खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशाधन राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्रा सिराथू कस्बे पहुंचे । इस दौरान पार्टी नेता प्रशांत केसरी सहित अन्य समर्थकों ने माला पहनकर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद मंत्री माधुरी केसरी के घर पहुंचे और जलपान कर परिवार का हाल-चाल लेकर सैनी गुरुकुल विद्यालय के पास नगर पंचायत सिराथू द्वारा लगाए गए श्रद्धालुओं के भोजन शिविर पहुंचकर कुंभ से लौट रहे यात्रियों को भोजन वितरित किया। इस दौरान आयुष मंत्री ने चेयरमैन भोला यादव की ओर से श्रद्धालुओं को वितरित किए जा रहे भोजन वितरण कार्य की सराहना की है। मंत्री ने कहा आज आवश्यक कार्य से लखनऊ पहुंचना है। दोबारा समय मिलने पर सिराथू के 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, विपिन यादव, भानु प्रताप पाल मौजूद रहे।



# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विकास खण्ड मूरतगंज के परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा आज विकास खण्ड मूरतगंज के कुल-07 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया जिसमें प्रधानाध्यापक-01, सहायक अध्यापक-02, शिक्षामित्र-02 एवं अनुदेशक 01 अनुपस्थित पाये गयें। निरीक्षण के समय कम्पोजिट विद्यालय लोहरा वि0ख0 मूरतगंज में शिक्षा मित्र, शबीना महफूज, उ0प्रा0वि0 कशिया पूर्व प्रथम वि0ख0 मूरतगंज में अनुदेशक, शशि यादव, प्रा0वि0 कशिया पूर्व द्वितीय वि0ख0 मूरतगंज में प्र0अ0, मोहम्मदुन निशा, स0अ0, रीतू सिंह, प्रा0वि0 जलालपुर बोरियों वि0ख0 मूरतगंज में स0अ0, अमन सिंह व शिक्षा मित्र, वन्दना यादव अनुपस्थित पायी गयी। निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये उक्त प्र0अ0, स0अ0, शिक्षा मित्र व अनुदेशक का निरीक्षण तिथि का वेतन अवरुद्ध किया गया। कम्पोजिट विद्यालय लोहरा मूरतगंज का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि शिक्षा मित्र, शबीना महफूज दो दिनों से अनुपस्थित पायी गयी जिसका अंकन प्रधानाध्यापक श्रीमती किरन देवी द्वारा न तो अध्यापक उपस्थित रजिस्टर पर और न ही विद्यालय की लॉग बुक में किया गया था। विद्यालय में कुल नामांकन 129 के सापेक्ष मात्र 62 छात्र उपस्थित पाये गये। उ0प्रा0वि0 कशिया पूर्व प्रथम मूरतगंज में निरीक्षण के समय पाया गया कि कोई भी अध्यापक टाइम एंड मोशन के अनुरुप कार्य नहीं कर रहें थे। इसी प्रकार प्रा0वि0 कशिया पूर्व प्रथम मूरतगंज में कोई अध्यापक टाइम एंड मोशन के अनुरुप कार्य करते नहीं पाये गयें। उ0प्रा0वि0 कशिया पूर्व द्वितीय-मूरतगंज में प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यालय की लॉग बुक 31 जनवरी 2025 के बाद नहीं भरा गया। उ0प्रा0वि0 जलालपुर बोरियों में रनिंग वाटर बन्द स्थिति में पाया गया। प्रा0वि0 जलालपुर बोरियों मूरतगंज में स0अ0 अमन सिंह व शि0मि0 वन्दना यादव हस्ताक्षर बनाकर गायब मिले। प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि अमन सिंह को बी0ई0ओ0 ने बी0आर0सी0 पर बुला लिया है किन्तु इसका अंकन लॉग बुक में नहीं किया गया है और शिक्षा मित्र वन्दना यादव को आवश्यक कार्य पड जाने के कारण घर जाना पड़ा जिसका अंकन लॉग बुक में किया गया है। निरीक्षण में पायी गयी उक्त कमियों पर प्रधानाध्यापकों / प्रभारी प्रधानाध्यापकों को नोटिस निर्गत करते हुए निर्देशित किया गया कि निरीक्षण में पायी गयी कमियों को तत्काल सुधारते हुए अपना स्पष्टीकरण 02 कार्य दिवस मेंजिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा को उपलब्ध करायें।

# महाकुम्भ में दिख रहा श्रद्धा और सेवा का अनूठा मेल

- योग, भजन और संगम स्नान से बुजुर्गों को नई मिल रही नई ऊर्जा
- निराश्रित बुजुर्गों को महाकुम्भ में स्नान कर रही योगी सरकार
- अब तक प्रदेश भर से 600 से अधिक निराश्रित बुजुर्गों ने किया महाकुम्भ स्नान
- प्रदेश के वृद्धाश्रमों में रह रहे बुजुर्गों के लिए महाकुम्भ में विशेष शिविर का हो रहा संचालन



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का ध्यान रख रही है। विशेष रूप से समाज के उन वर्गों के लिए जो अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं। इसी दिशा में योगी सरकार एक अनूठी पहल करते हुए महाकुम्भ में 2000 निराश्रित वृद्धजनों को संगम स्नान कराने की व्यवस्था की है। इसमें अबतक 600 से अधिक बुजुर्गों को संगम स्नान कराया जा चुका है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल न केवल बुजुर्गों के सम्मान और सुविधा को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में सेवा और समरसता की मिसाल भी पेश करती है।समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर बीते दो दिन में देवरिया, बहराइच, अमरोहा और बिजनौर जनपद के वृद्धाश्रमों में रहने वाले 100 से अधिक वरिष्ठजनों को विभागीय अधिकारियों द्वारा बसों से प्रयागराज लाया गया। कुंभ क्षेत्र में पहली बार समाज कल्याण विभाग द्वारा एक विशेष कैंप स्थापित किया गया, जहां 100 बेड की क्षमता वाला आश्रम तैयार किया गया है। यहां बुजुर्गों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

योगी सरकार ने हमेशा से बुजुर्गों, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुम्भ के दौरान पहली बार यह विशेष पहल की गई है। इस कैंप में वरिष्ठजनों की दिनचर्या को न केवल सुविधाजनक बनाया गया है, बल्कि उनके मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां हर दिन की शुरुआत योग और ध्यान से होती है, जिससे बुजुर्गों को मानसिक शांति और स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिससे आध्यात्मिक माहौल बना रहता है और बुजुर्ग अपने अकेलेपन को महसूस नहीं करते। यह पहल समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और देखभाल की भावना को मजबूत करती है।महाकुम्भ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है, जहां करोड़ों श्रद्धालु स्नान करने और पुण्य अर्जित करने पहुंच रहे हैं। लेकिन निराश्रित वृद्धजनों के लिए यह अनुभव केवल एक सपना बनकर रह जाता था। समाज कल्याण विभाग की इस पहल ने इस सपने को हकीकत में बदल दिया। योगी सरकार द्वारा बुजुर्गों के सम्मान और कल्याण के लिए उठाए गए कदमों में यह एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। कुंभ क्षेत्र में बनाए गए इस आश्रम में चिकित्सा सुविधाओं की भी विशेष व्यवस्था की गई है। डॉक्टरों की एक टीम हमेशा मौजूद रहती है ताकि किसी भी बुजुर्ग को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या न हो।उत्तर प्रदेश सरकार निराश्रितों, गरीबों और बुजुर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने वृद्धाश्रमों की स्थिति सुधारने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने और बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। महाकुम्भ में बुजुर्गों के लिए की गई यह विशेष पहल न केवल उनकी श्रद्धा को सम्मान देती है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि सरकार केवल विकास ही नहीं, बल्कि सेवा और सम्मान की भावना से भी काम कर रही है।

## प्रयागराज में ट्रैफिक सुचारू, बिना किसी बाधा के यात्री कर रहे संगम स्नान



**मेला पुलिस के मुताबिक सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था हुई सुगम**

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वे सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं।मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर), फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुम्भ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करें और अनावश्यक रूप से किसी भी मार्ग पर रुकने से बचें। प्रयागराज में उमड़ी भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन की कुशल व्यवस्था के चलते यातायात नियंत्रण में है। श्रद्धालु आसानी से संगम तक पहुंचकर पुण्य स्नान कर रहे हैं।

## नन्दी इकावो एग्रो ने चलाया संगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान

**अभियान में शामिल कर्मचारियों के लिए घोषित किया दो दिन का विशेष अवकाश**



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ में भाग लेने के लिए देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। सभी माँ गंगा-यमुना-सरस्वती की पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।इस बीच संगम क्षेत्र में स्थित घाटों को स्वच्छ-सुन्दर बनाए रखने के लिए नन्दी एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अभिषेक गुप्ता ने क्लीनलीनेस ड्राइव की पहल की है। उन्होंने बताया कि संगम क्षेत्र में विभिन्न घाटों पर प्रतिदिन करोड़ों श्रद्धालु देश के कोने-कोने से स्नान के लिए आ रहे हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकार ने स्वच्छ ÷कुंभ-सुरक्षित कुंभ÷ का आवाहन किया है। लाखों स्वच्छता कर्मी इस संकल्प को पूरा करने में दिन-रात जुटे हुए हैं।

ऐसे में हमने भी एक जिम्मेदार उद्योग समूह के रूप में अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन का प्रयास किया है। हमने अपने सभी कर्मचारियों के लिए दो दिन का विशेष अवकाश भी घोषित किया है और उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनने को कहा है।स्वच्छता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी सम्मिलित हुए। उन्होंने इकावो के कर्मचारियों एवं वॉलेंटियर्स के साथ संगम घाटों की सफाई में हाथ बटाया। इस दौरान नन्दी ने कहा कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव प्रत्येक भारतवासी में स्वच्छता को जीवन का मिशन बनाने का आग्रह किया है। आज उन्हीं की प्रेरणा से स्वच्छता एक जन अभियान का रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महाकुम्भ के आयोजन ने स्वच्छता और सुविधा के अनेक मानक स्थापित किये हैं। इकावो एग्रो का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। प्रत्येक संस्था और व्यक्ति को अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सजग होना चाहिए। इकावो की यह पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दो जगह लगी आग, कोई हताहत नहीं



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र में गुरुवार को फिर आग की दो घटनाएं हो गईं। पहली घटना नागवासुकी, बिंदू माधव मंदिर मार्ग पर स्थित पुलिस लाइन कैंप में हुई। यहां जब तक अग्निशमन की गाड़ी पहुंचती दो कॉटेज जलकर खाक हो गए।दूसरी घटना हरिश्चंद्र मार्ग के सेक्टर 18 में बाबा सीताराम पंडाल के बगल में गणेश धाम उज्जैन आश्रम के पंडाल में लगी। यहां बाबा त्रिलोचन दास की झोपड़ी जलकर खाक हो गई, हालांकि अग्निशमन विभाग की तत्परता से आग ज्यादा विकराल रूप नहीं धारण कर सकी। कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। शॉर्ट सर्किट से लगी है या चिंगारी से हालांकि कोई भारी नुकसान नहीं हुआ है।

## माघ पूर्णिमा स्नान के बाद सफाई अभियान ने बदली तस्वीर, श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान की हुई अनुभूति

- स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए ठोस अपशिष्ट को प्रशासन ने तुरंत निस्तारित किया
- विशेष सफाई वाहनों की मदद से घाटों और मेला क्षेत्र से कचरा उठाया गया
- सभी शौचालयों में सेसपूल ऑपरेशन चलाकर स्वच्छता को किया गया सुनिश्चित



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 के तहत माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के बाद संगम घाटों की सफाई को लेकर मेला प्रशासन ने एक बार फिर अपनी तत्परता साबित की। स्नान पर्व समाप्त होने के बाद शाम को ही सफाईकर्मियों की टीम ने व्यापक सफाई अभियान शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप रातों-रात संगम घाट फिर से स्वच्छ और सुंदर नजर आने लगे। उल्लेखनीय है कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने फूल, माला, कपड़े, खाना घाट पर ही छोड़ दिया। साथ ही बड़ी संख्या में शौचालयों का भी उपयोग किया गया। मेला प्रशासन ने घाटों पर भीड़ घटने के बाद सफाई अभियान चलाया और सुबह तक एक बार फिर घाटों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफलता प्राप्त की।मेला प्रशासन की ओर से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए थे कि भीड़ खत्म होते ही वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए। निर्देशों के क्रम में भीड़ कम होते ही अभियान की शुरुआत की गई।

स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए ठोस अपशिष्ट को प्रशासन ने तुरंत निस्तारित किया। विशेष सफाई वाहनों की मदद से घाटों और मेला क्षेत्र से कचरा उठाया गया। इसके अलावा, सभी शौचालयों में सेसपूल ऑपरेशन चलाया गया, जिससे स्वच्छता सुनिश्चित हो सके। मेला के सैनिटेशन प्रभारी आनद कुमार सिंह ने बताया कि सफाई अभियान के तहत स्वच्छताकर्मियों के द्वारा सभी सड़कों पर झाड़ू लगाकर उन्हें साफ-सुथरा किया गया। मेला क्षेत्र में लगे डस्टबिन और लाइनर बैग्स को टीपर और कॉम्पैक्टर की मदद से खाली कराया गया। प्रशासन का कहना है कि स्वच्छ महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए रोजाना इसी तरह सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, स्नान पर्व पर इसे अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है, ताकि अगले दिन स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान की अनुभूति हो सके।मेला प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से श्रद्धालु और स्थानीय लोग काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने इसके लिए मिला प्रशासन और योगी सरकार का आभार जताया। एक श्रद्धालु ने कहा कि स्वच्छता को लेकर प्रशासन की प्रतिबद्धता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि महाकुम्भ 2025 को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

## अभिनेता के साथ सनातनी भी हूँ - विद्युत जामवाल



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल ने गुरुवार को संगम में अपनी मां के साथ आस्था की डुबकी लगाई।उन्होंने कहा कि मां का सपना था कि महाकुम्भ में संगम में डुबकी लगाएं। वैसे तो पेशे से एक्टर होने के नाते बहुत रोल अदा करता हूं, लेकिन अंत में मैं एक सनातनी भी हूं।

उन्होंने कहा कि कुंभ में करोड़ों की तादाद में लोगों के आने के बावजूद भी जिस तरीके से सरकार ने व्यवस्था की है, इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। देश दुनिया से लोग यहां आकर अपने आप को बहुत खुश महशुस कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अखाड़े में कोई भेदभाव नहीं है। कोई जाति-पांति, ऊंच-नीच नहीं है, सब एकनिष्ठ व समरस हैं। कहा कि कुंभ आने का एक ही मकसद मां के सपनों को साकार कर यहां पर शंखनाद करना था।महाकुम्भ में प्राणायाम होती है, लेकिन शंखनाद भी प्राणायाम है, जो हर तरह की प्राणायाम को करवाती है। आपकी सांसों को संयम में रखती है, आजकल लोगों में सांसों की बीमारियां ज्यादा हो रही है। साथ में मेंटल स्ट्रेस बहुत ज्यादा देखा जा रहा है। शंखनाद एक ऐसी चीज है जो सारा प्राणायाम करवा देती है।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में समुद्र मंथन के दौरान भी शंखों की बात की जाती है तो यहां नहीं शंखों की बात होगी तो कहां होगी। विज्ञान में भी बताया है कि हृदय की धड़कन और सांसों को संयम में लाने के लिए शंखनाद करना चाहिए।अखाड़े को योद्धाओं के बारे में कहा कि इन लोगों की जो तपस्या है वह सिर्फ सांसों को संयम में रखने के साथ-साथ इच्छा शक्ति प्रबल होती है। पेशे से अभिनेता होने के साथ सनातनी भी हूं। देश के युवाओं के लिए यही संदेश है कि वह अपनी मां, देश तथा धर्म के लिए हमेशा तत्पर रहे। उन सभी सभी के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी है। कहा कि योग हिंदुस्थानी परंपरा का ही अंग है। 1850 में जब अंग्रेज आए थे तब उन लोगों को लगा कि भारतीय आलसी हैं लेकिन अब समय आ गया है जब विवेकानंद जी ने योग को पूरा दुनिया तक पहुंचा। अब समय आ गया है कि अपनी जिम्मेदारियां को पूरा करें।

## फाल्गुन मास में होगा संस्कृति, पर्यावरण व बर्ड फेस्टिवल का संगम

- माघ पूर्णिमा तक के स्नान संपन्न, अब पुनः प्रारंभ होंगी सांस्कृतिक गतिविधियां
- 14 फरवरी से यमुना, सरस्वती व त्रिवेणी पंडाल पर अनवरत होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम
- 16 फरवरी से प्रारंभ होगा त्रिदिवसीय बर्ड फेस्टिवल
- 16 फरवरी को होगा जलवायु सम्मेलन
- कैलाश खेर, मोहित चौहान, नवदीप वडाली, कविता सेठ सरीखे कलाकारों की प्रस्तुतियों से दो-चार होंगे श्रोता




लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** योगी सरकार ने महाकुम्भ-2025 को अद्वितीय, अविस्मरणीय व अभूतपूर्व बना दिया है। इसमें माघ पूर्णिमा तक के स्नान संपन्न हो चुका है। इसके उपरांत फाल्गुन मास में भी त्रिवेणी तट पर संस्कृति, पर्यावरण व बर्ड फेस्टिवल का %संगम% होगा। एक तरफ यहां त्रिवेणी, सरस्वती व यमुना पंडाल पर शुक्रवार से सांस्कृतिक गतिविधियां प्रारंभ होंगी तो वहीं 16 फरवरी को जलवायु सम्मेलन होगा। इस दिन से ही त्रिदिवसीय बर्ड फेस्टिवल भी आयोजित किया जाएगा।गंगा पंडाल पर गुरुवार से सांस्कृतिक आयोजन प्रारंभ हो गए। महाकुम्भ के मुख्य पंडाल %गंगा% में अभी बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर, मोहित चौहान, कविता सेठ, नवदीप वडाली सरीखे कलाकारों के सुगम संगीत से श्रोता दो-चार होंगे।

माघ पूर्णिमा स्नान के उपरांत फाल्गुन मास में भी सुरमयी सांझ में श्रोता-दर्शक भारतीय संस्कृति का दीदार करेंगे। गंगा पंडाल पर गुरुवार से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए, जबकि शुक्रवार से त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल पर कार्यक्रम शुरू होंगे।महाकुम्भ की अवधि के दौरान कैलाश खेर, मोहित चौहान, सुचेता भिड़े, कविता सेठ, नितिन मुकेश सरीखे नामचीन कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इस दौरान शास्त्रीय संगीत, वायलिन, तबला, बांसुरी वादन, ध्रुपद गायन, भरतनाट्यम, कुचुपुड़ी, कथक, ओडिसी नृत्य आदि विधा के कलाकार महाकुम्भ में अपनी प्रतिभा बिखरेंगे।आस्था के साथ ही महाकुम्भ प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण होगा। सीएम योगी के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए ईको टूरिज्म का विशेष प्लान भी बनाया गया है। 16 से 18 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल भी होगा, जिसमें लगभग 200 प्रजातियों के पक्षियों का महाकुम्भ भी होगा।

इसमें लुप्तप्राय इंडियन स्कीमर, फ्लेमिंगो और साइबेरियन क्रेन आदि का दीदार कर सकेंगे। यहां साइबेरिया, मंगोलिया, अफगानिस्तान समेत लगभग एक दर्जन से अधिक देशों से साइबेरियन पक्षी का भी दीदार होगा।

फेस्टिवल के दौरान फोटोग्राफी, पेंटिंग, नारा लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी समेत अनेक प्रतियोगिताएं होंगी, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल भारतीय संस्कृति, प्रकृति प्रेम व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अनूठा मिश्रण होगा।

यूपी के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से महाकुम्भ में %कुम्भ की आस्था व जलवायु परिवर्तन% पर जलवायु सम्मेलन भी होगा। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटना और जलवायु सुधार को लेकर प्रेरित करना है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। साथ ही धर्मगुरु, पर्यावरणविद, अनेक सामाजिक संगठन, उद्योग व व्यापारिक जगत के साथ ही गणमान्य नागरिक भी हिस्सा लेंगे।

## महाकुंभ स्वयं से संवाद का सुअवसर - अमरजीत मिश्र



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व फिल्मसिटी के पूर्व उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने कहा कि संगम की भूमि पर उतरने और दर्शन करने मात्र से भी संगम स्नान का लाभ होता है। महाकुम्भ संगम नगरी में दूर दूर से आये ऋषि-मुनियों का सानिध्य प्राप्त कर स्वयं से संवाद स्थापित करने का सौभाग्यशाली अवसर देता है। महाकुम्भ एक स्नान पर्व मात्र नहीं है, यह हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन के लिए मंथन महोत्सव भी है। यह बात उन्होंने महाकुम्भ में डुबकी लगाने के बाद कही। इस दौरान भाजपा नेता ने जूना अखाड़ा के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज का आशीष भी प्राप्त किया।मुंबई भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ में स्नान करने भर से अंतर का भाव अध्यात्म के रंग में भर जाता है। प्रयागराज का महाकुंभ भारत की एकता का अमृत-कलश है।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत की जीवंत झांकी है, साथ ही हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का प्राणवान स्मारक है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की सरकार की व्यवस्थापकीय क्षमता की प्रशंसा की।

कहा कि सनातन के सौंदर्य, आस्था के आह्वान, मानवता के महोत्सव, भारतीयता के स्पंदन और संस्कृतियों के समागम के महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता को देखकर विश्व हतप्रभ है। उन्होंने सीएम योगी का लगातार अधिकारियों के साथ संवाद और धर्माचार्यों से परस्पर मंत्रणा को उनकी कर्मठता और महाकुंभ के प्रति समर्पण भाव का परिचायक बताया।

## डॉ राधा गिरि को जूना अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** गीता मनीषी डॉ राधा गिरि महाराज को जूना अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया है। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गनिर्देशन में हुए समारोह में उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया। जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने उनका अभिषेक कर उनको विधिवत रूप से महामंडलेश्वर



बनाया।

श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती महाराज, श्रीमहंत विद्यानंद गिरि पटियाला, सचिव श्रीमहंत गणपत गिरि महाराज, सचिव ओम भारती समेत सैकडों संतों की मौजूदगी में डॉ राधा गिरि महाराज को आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने विधिवत रूप से महामंडलेश्वर घोषित किया।श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि डॉ राधा गिरि महाराज ब्रहमलीन श्रीमहंत विनोद गिरि महाराज की शिष्या हैं और उनके हरिद्वार में श्री अमीर गिरि धाम व रोहतक में श्री भगवत धाम के नाम से आश्रम हैं।

## महाकुम्भ में लिया जायेगा अस्पृश्यता मुक्त समरसता युक्त भारत बनाने का संकल्प

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-18 स्थित विश्व हिन्दू परिषद के महाशिविर में बने महर्षि वेद व्यास सभागार में 15 फरवरी से दो दिवसीय सामाजिक समरसता की अखिल भारतीय बैठक शुरू होगी। इस बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के सामाजिक समरसता आयाम से जुड़े हुए देश के सभी प्रान्तों के प्रान्त स्तर के पदाधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में वर्तमान कार्य की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्य योजना बनेगी। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता एवं सामाजिक समरसता आयाम के प्रमुख देवजी भाई रावत ने दी।विहिप के प्रवक्ता देवजी भाई रावत ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीति को दूर करने और सामाजिक समरसता के निर्माण के लिए विश्व हिन्दू परिषद ने अनेक कार्यक्रम शुरू किये हैं।



प्रयागराज की पवित्र भूमि पर सामाजिक समरसता अभियान से जुड़े देशभर के कार्यकर्ताओं के साथ आने वाले समय में सम्पूर्ण भारत को अस्पृश्यता मुक्त करने का एक बड़ा संकल्प लेकर आगामी योजना बनायेंगे। बैठक में अस्पृश्यता मुक्त भारत समरसता युक्त भारत का संकल्प होगा। आने वाले समय में प्रत्येक गांव में छुआछूत नाम का यह रोग नेस्तानाबूद हो जाय और हिन्दू समाज में समरसता निर्माण हो जाये इसके लिए काम करेंगे। इसकी पूर्ति के लिए अनेक प्रकार के समरसता यज्ञ, समरसता गोष्ठियां, छोटे-छोटे रोजगार सिखाकर समर्थ व स्वावलंबी बनाने का भी कार्य हो रहा है।उन्होंने बताया कि समाज की कमजोर कड़ी जो आर्थिक रूप से कमजोर है। शिक्षा की कमी है। इसका लाभ ईसाई मिशनरी उठा रहे हैं। हमारे भोले-भाले समाज को हिन्दू धर्म से विमुख कर उनको मतांतरित करने का काम करते हैं। ईसाईकरण व मतांतरण रुके, इसके लिए भी बैठक में योजना बनाई जायेगी।

बंजारा समाज ज्यादातर एक स्थान पर नहीं रहता। हमारे कार्यकर्ता प्रत्येक जिले में ऐसे समाज का अध्ययन कर संपर्क करते हैं । उनके बच्चों को संस्कारित व पढ़ाई कराने का काम कराते हैं। सेवा का यज्ञ करते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए अनेक प्रकल्प चलाते हैं।

# एक्टर चिरंजीवी का केवल बेटा होने का बयान गलत

यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव बोलीं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार और राजनेता चिरंजीवी अपने हालिया बयान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने अपने बेटे रामचरण के संतान को लेकर ऐसी टिप्पणी कर दी, जिससे कई लोग नाराज हो गए हैं। इस बयान पर अब उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अपर्णा यादव ने कहा इस तरह के बयान समाज के लिए अच्छा उदाहरण नहीं है। आज के समय में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाएं तेजी से प्रगति कर रही हैं। चाहे सेना हो या पुलिस, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। ऐसे बयान समाज पर गलत प्रभाव डाल सकते हैं। चिरंजीवी को इस पर माफी मांगनी चाहिए। ये बातें उन्हें अपने घर में अकेले कहनी चाहिए थी, न कि सार्वजनिक मंच पर। चिरंजीवी ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कहा जब मैं घर पर होता हूं, तो मुझे लगता है कि मैं हॉस्टल वार्डन हूं, जो कई महिलाओं से घिरा हुआ है। मैं रामचरण से कहता हूं कि कम से कम एक बेटा हो, जो हमारी विरासत को आगे बढ़ाए। उन्होंने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा रामचरण की बेटी मेरी आंखों का तारा है, लेकिन कभी-कभी डर लगता है कि कहीं दोबारा लड़की न हो जाए। चिरंजीवी के इस बयान से कई लोग निराश हैं। सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है और फैंस ने भी इस बयान को महिला विरोधी बताया है। कई लोग इसे पितृ सत्तात्मक सोच का उदाहरण मान रहे हैं और उनकी आलोचना कर रहे हैं। चिरंजीवी की दो बेटियां हैं श्रीजा कोनिडेला और सुष्मिता कोनिडेला। उनके चार पोतियां भी हैं- नविष्का, निवराती, समारा और समित। वहीं, उनके बेटे रामचरण की बेटी क्लिन कारा का जन्म 20 जून 2023 को हुआ था।अब देखना होगा कि बढ़ते विरोध के बीच चिरंजीवी अपने बयान पर सफाई देते हैं या नहीं।

# फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे गरीबों के मांगलिक कार्यक्रम

- कुल 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का किया लोकार्पण
- सफाई कर्मचारियों के लिए मात्र 11 हजार रुपये में कल्याण मंडपम की बुकिंग के निर्देश दिए सीएम ने
- 103 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी मुख्यमंत्री ने
- शहर के पहले कल्याण मंडपम का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

लोकमित्र ब्यूरो

**गोरखपुर/ लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब गरीबों और आर्थिक दृष्टि से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के कार्यक्रम भी फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे और कल्याण मंडपम इसका माध्यम बनेगा। गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम का आज उद्घाटन हो रहा है और अगले कुछ माह में सात नए कल्याण मंडपम भी बनकर तैयार हो जाएंगे। इनमें से पांच कल्याण मंडपम के लिए धनराशि उन्होंने अपनी विधायक निधि से दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए कल्याण मंडपम की बुकिंग मात्र 11 हजार रुपये में करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं।

सीएम योगी गुरुवार को करीब 103 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने के लिए खोराबार टाउनशिप में नगर निगम की तरफ से आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के साथ ही 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महादेवपुरम से रामगढ़ताल में फेज 2 (पम्पिंग स्टेशन) तक 2.46 करोड़ रुपये से नाला निर्माण कार्य, एकला बांध से पशु शवदाह गृह (कारकस प्लांट) तक 0.68 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 0.97 करोड़ रुपये से शेड निर्माण का लोकार्पण किया। कुल 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा उन्होंने 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण मंडपम का उद्घाटन नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है। किसी भी मांगलिक या सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि जिनके पास साधन हैं वे होटलों या बड़े लॉन में कार्यक्रम कर सकते हैं लेकिन जिनके पास पैसा नहीं है, जो गरीब हैं वे कहां जाएंगे। इसे लेकर नगर निगम और विकास प्राधिकरण से कहा था कि कल्याण मंडपम के रूप में ऐसा स्थान हो जहां गरीब, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के वैवाहिक आयोजन, मांगलिक कार्यक्रम सुविधापूर्ण तरीके से हो सकें। इस कल्याण मंडपम में सभागार, डॉरमेट्री, 6 रूम, किचन और लॉन भी है। सीएम योगी ने कहा कि कल्याण मंडपम गरीबों, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए स्थायी संपदा हैं जहां फाइव स्टार सुविधाएं हैं।

सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर नगर निगम और नगर निकायों को विकास की अन्य अनेक योजनाओं की सौगात मिल रही है। इसमें एक महत्वपूर्ण परियोजना पशु शवदाह गृह की है। इससे जानवरों के शव के अंतिम संस्कार की समस्या का समाधान होगा और लोगों को बदबू से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में गोरखपुर की पहचान को सुरक्षित रखते हुए घंटाघर का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। घंटाघर के बगल में स्थित शहीद बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण युद्धस्तर पर हो रहा है। पार्कों के विकास, सड़कों के चौड़ीकरण व जलनिकासी की परियोजनाओं पर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोड़धोइया नाला परियोजना के पूर्ण होते ही शहर को जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देसी विधि से राप्ती नदी में गिरने वाले लिक्विड वेस्ट, दूषित जल का शोधन किया जा रहा है जिसका इस्तेमाल खेती में होगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से विकास यात्रा में सहभागी बनने और स्वच्छता के प्रति आग्रही बनने की अपील की। इसके लिए आज विमोचित स्वच्छता कॉमिक का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 40 वर्ष में गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश ने गंदगी के कारण होने वाली मौतों को देखा है। गंदगी, कूड़ा, तालाबों को पाटने और नालियों के चोक होने के परिणामस्वरूप इंसेफेलाइटिस से बड़े पैमाने पर मौतें होती थीं।



# शादी समारोह में घुसा तेंदुआ तो अखिलेश ने बोला हमला

## तेंदुआ नहीं 'ओवरसाइज बिल्ला' था, कहकर घटना पर पर्दा डाल देगी सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर इलाके में स्थित एमएम मैरेज लॉन में एक शादी समारोह के दौरान रात करीब 10रू30 बजे तेंदुआ घुसने के बाद हड़कंप मच गया। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को कड़ी मशक्कत के बाद देर रात करीब 3 बजे तेंदुआ पकड़ने में सफलता मिली। इस दौरान तेंदुए के हमले से वन विभाग के दरोगा समेत कई लोग घायल भी हो गए। अब इस मामले पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने आवारा पशुओं से लेकर अब जंगली जानवरों के शहर में घूमने पर तंज कसा। साथ ही, तेंदुए का नाम बदलने का भी सुझाव दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि यूपी की 'जुमलाजीवी' भाजपा सरकार अभी छुट्टा पशुओं की समस्या का ही समाधान ढूंढ़ नहीं पाई थी। अब उसके सामने एक और चुनौती आ गई है और वह है प्रदेश की राजधानी में 'तेंदुए' का हमला। अखिलेश ने कहा कि लखनऊ में एक शादी समारोह में तेंदुए के प्रवेश का समाचार चिंताजनक है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का एक रूप ये भी है कि जंगलों में इंसानों का अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में हिंसक जंगली जानवर भोजन की तलाश में जंगलों से निकलकर शहरों की तरफ आने को मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकार के मामले से आम जनमानस का जीवन खतरे में पड़ गया है। उन्होंने सवाल किया कि इस मामले में कोई कार्रवाई होगी? या सरकार यह कहकर इस घटना पर पर्दा डाल देगी कि वो तेंदुआ नहीं 'ओवरसाइज बिल्ला' था। तंज भरे अंदाज में अखिलेश ने कहा कि यह भी हो सकता है तेंदुए का नाम बदलकर 'बड़ा बिल्ला' रख दिया जाए और मामला रफा-दफा कर दिया जाए।



# विधानसभा में आने वाले सवालों का तथ्यपरक जवाब ही भेजें अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सरकार ने अधिकारियों से कहा है कि विधानसभा व विधान परिषद में आने वाले सवालों के जवाब पूरी तरह तथ्यपरक होने चाहिए। जवाब की गुणवत्ता संशय रहित होनी चाहिए।

विधानमंडल के आगामी सत्र के मद्देनजर सत्र के दौरान सदस्यों द्वारा प्रश्नकाल व अन्य नियमों में उठाये गए प्रकरणों इत्यादि पर उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी सही होनी चाहिए। इस सम्बन्ध में सूचना संबंधित जिलाधिकारी के हस्ताक्षर से ही शासन को उपलब्ध करायी जाए।

इस संबंध में प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह (द्वितीय) ने गुरुवार को सभी जिलाधिकारियों व मंडलायुक्तों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि बीते सत्रों में यह अनुभव किया गया है कि कई बार उक्त आदेशों का पूरी तरह से पालन नहीं हो रहा है। विधान मण्डल का वर्ष 2025 का प्रथम सत्र 18 फरवरी, 2025 से होगा।

प्रमुख सचिव संसदीय कार्य ने एक अन्य आदेश में कहा कि जिन विधायकों को मंडल व जिला स्तर कमेटियों में बैठक में भाग लेना होता है, उन बैठकों का आयोजन विधानसभा सत्र के दौरान न किया जाए। विधानमंडल सत्र का अधिवेशन तीन दिन लगातार स्थगित होने की दशा में ऐसी बैठकों का आयोजन हो सकता है।



# एलडीए मुख्यालय में मंडलायुक्त ने जनसुनवाई की

## ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखंडों की जांच रिपोर्ट, जमीन फ्री होल्ड करने की डिमांड

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गोमतीनगर में स्थित एलडीए मुख्यालय में मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने जनसुनवाई की है। इस दौरान 25 से अधिक लोगों ने प्लॉट पर कब्जे, सोसाइटी की समस्या सहित कई अन्य शिकायत की है। ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन से पहुंचे हरप्रीत सिंह ने कहा- 3 साल बाद ट्रांसपोर्ट नगर में भूखंड की जांच शुरू हुई। इसमें 13 प्लॉट पर कब्जा फर्जी पाया गया। जबकि 292 के कागजात नहीं मिले। भूखंडों की जांच के लिए लोगों को तय समय पर कागजात जमा करने को कहा गया। मामले में हरप्रीत ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और जमीन को फ्री होल्ड करने की मांग की है। ट्रांसपोर्ट नगर में कुल भूखंडों की संख्या 1,900 है। टीएस अनेजा ने कहा जमीन को फ्री होल्ड करने के लिए 33 महीने पहले एलडीए वीसी ने निर्देश जारी किया था। बावजूद इसके प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। भारतीय किसान यूनियन भानू के महामंत्री राधेश्याम ने कहा कि चबूतरा आवंटन की प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 24 जनवरी से 15 फरवरी तक पंजीकरण की सूचना दी गई थी, लेकिन यूको बैंक से मिले फॉर्म में 25 फरवरी से पंजीकरण होने की जानकारी मिली।

इससे भ्रम की स्थिति है। चबूतरे का साइज 10.8 मीटर से 10 मीटर करने पर नाराजगी व्यक्त की है। इसके साथ ही पूर्व में आवेदन करने के बाद भी चबूतरा आवंटन नहीं होने वाले लोगों को सहूलियत देने की मांग की है। सीतापुर रोड और रेल लाइन में एक साथ चबूतरों का आवंटन करने की मांग की गई। ओमेक्स रेसीडेंसी 1 सोसाइटी के लोगों मंडलायुक्त से शिकायत करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोसाइटी में 1 हजार परिवार रहता है। 4 हजार हर महीना मेंटिनेंस दे रहे हैं। 7 साल से चुनाव नहीं हो रहे हैं। लगातार शिकायत कर रहे हैं। एलडीए से शिकायत की थी कि हमारी शिकायत सुनिए, लेकिन कोई शिकायत नहीं सुन नहीं रहा है। नेपियर रोड कॉलोनी की जमीन पर रहने वाले शमीम खान का कहना है कि उन्होंने भोला नाम के व्यक्ति की सेवा की थी।



# वक्फ संपत्तियां अल्लाह की अमानत, इस तरह का संशोधन मंजूर नहीं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** संसद में पेश हुई वक्फ संशोधन बिल से जुड़ी जेपीसी रिपोर्ट को लेकर लखनऊ के मुस्लिम धर्मगुरु नाराज हैं। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव और शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने इस पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि इस बिल में वक्फ संपत्तियों से जुड़े अधिकारों में कटौती की गई है, जबकि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के अधिकार बढ़ा दिए गए हैं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा, वक्फ माले-ए-खुदा और माले-ए-रसूल है। जिस तरह वक्फ संपत्तियों के अधिकारों में कटौती की जा रही है, वह चिंता का विषय है। पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में वक्फ से जुड़ी संपत्तियों पर असर पड़ेगा। मौलाना यासूब अब्बास ने आगे कहा कि इस बिल के कानूनी पहलुओं की समीक्षा के लिए वे लीगल सेल और वक्फ के जानकारों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने संकेत दिए कि अगर जरूरी हुआ तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।



# हर बच्चे की शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः संदीप सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने और दिव्यांग बच्चों (ष्ट्ङ्घस्ह्) को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार अब प्रदेशभर के 1.33 लाख परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोडल टीचर्स के रूप में प्रशिक्षित करा रही है। इनमें से पहले चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 66000 से अधिक प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और शेष को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

बता दें कि नोडल टीचर के रूप में अब सभी प्रधानाध्यापक, परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं को समझकर उन्हें उचित शैक्षिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। प्रधानाध्यापकों की इस नई भूमिका से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत होगा, जिससे दिव्यांग बच्चों को समान अवसर मिलने के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इससे उत्तर प्रदेश समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में एक नई मिसाल कायम करने की ओर अग्रसर होगा।

प्रदेश में लगभग 03 लाख विशेष आवश्यकता वाले बच्चे परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, जिनके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर 10 दिवसीय (05-05 दिवसीय दो बैच) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकों को दिव्यांग बच्चों की देखभाल, उनकी जरूरतों को समझने, शिक्षण तकनीकों, सरकारी योजनाओं की जानकारी और अभिभावकों से संवाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो। परिषदीय विद्यालयों में लगभग 03 लाख विशेष आवश्यकता वाले बच्चे पढ़ रहे हैं, जिन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रधानाध्यापक न केवल इन बच्चों की जरूरतों को समझ पाएंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार समावेशी शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित कर रही है कि दिव्यांग बच्चे भी समान अवसरों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।



**प्रशिक्षण की यह हैं मुख्य विशेषताएं**

- प्रधानाध्यापकों को नोडल टीचर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपने विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ सकें।
- सीडब्लूएसएन बच्चों की उपस्थिति को समर्थ पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया भी सिखाई जायेगी, जिससे सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा।
- अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों की समस्याओं के समाधान और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उपायों पर चर्चा की जाएगी।
- समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# शबे बरात रहमत व बरकत की रातः खालिद रशीद

दारूल उलूम फरंगी महल में महफिले कुरान का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** शबे बरात के मौके पर दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल ईदगाह ऐशबाग, लखनऊ में इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया के अर्न्तगत 17वॉं अजीमुश्शान मुजाहिरा किरात हुआ। जलसे की अध्यक्षता इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली नाजिम दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल ने किया। मौलाना मो0 मुश्ताक अध्यक्ष ऑल इण्डिया सुन्नी बोर्ड और मौलाना मो0 सुफ्यान निजामी ने सम्बोधित किया। दारूल उलूम के प्रधानाचार्य मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने दारूल उलूम की तारीख, खिदमात और मौजूदा तालीमी सरगरमियों पर आधारित रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई। मौलाना हारून निजामी ने जलसे का संचालन किया। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि शबे बरात बहुत फजीलत वाली रात है। इस रात में बन्दों की उम्र, रोजी, सेहत और जिन्दगी का निर्धारित किया जाता है। इस में खुदा पाक के वह बन्दे जो उससे अपने गुनाहों की मॉफी मॉगते हैं, गलत कामों से तौबा करते है, अपने लिए खैर व बरकत, मगफिरत व रहमत की दुआयें मॉगते हैं उनका रहीम व करीम आका व मालिक उनकी दुआओं को कुबूल करता है। मौलाना ने कहा कि हजरत मआज बिन जबल रजि0 से रिवायत है कि रसूल पाक सल्ल0 का इरशाद है कि खुदा पाक पन्द्रहवीं रात में तमाम लोगों को सिर्फ शिर्क करने वालों और बुग्ज (हसद) रखने वालों के सबकी मगफिरत फरमाता है। मौलाना ने कहा कि पन्द्रहवीं शब को नमाज़ पढ़ना और दिन को रोजा रखना मसनून है।

# राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा किया तो पाकिस्तान से धमकी आने लगीः उदय शंकर

भारतीय सेना पर विवादित बयान देकर फंसे राहुल गांधी, लखनऊ कोर्ट ने किया तलब

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के यूपी प्रेस क्लब में वार्ता करते हुए बीआरओ से रिटायर्ड डायरेक्टर उदय शंकर श्रीवास्तव ने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया है जिसके चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने तलब कर लिया है। भूतपूर्व डायरेक्टर बीआरओ उदय शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि 16 दिसम्बर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच हुई झड़प को लेकर विवादास्पद बयान दिया था जिससे भारत और भारतीय सेना का अपमान हुआ। राहुल गांधी ने हंसते हुए कहा था कि लोग चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की पिटाई के बारे में सवाल नहीं पूछेंगे। जबकि भारतीय सेना ने 12 दिसम्बर को ही आधिकारिक बयान जारी करके बता दिया था कि चीनी सेना भारत में अतिक्रमण कर रही थी जिसका हमारी सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया था। भूतपूर्व डायरेक्टर बीआरओ उदय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि एक तरफ तो भारतीय सेना ने अपने दमखम से चीनी सेना को खदेड़ा दूसरी तरफराहुल गांधी जैसे नेता अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने की जगह उसकी जग हंसाई करवा रहे हैं। राहुल गांधी के इस शर्मनाक बयान ने श्री श्रीवास्तव को सार्वजनिक रूप से आहत किया और उन्होंने अगस्त 2023 में राहुल गांधी पर वाद प्रस्तुत किया था। भूतपूर्व डायरेक्टर बीआरओ उदय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था जिसमें अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय (एमपी एमएलए कोर्ट) आलोक वर्मा ने कांग्रेसी सांसद तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपना पक्ष रखने के लिए लखनऊ तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को है जिसमें राहुल गांधी को आना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में देशद्रोही इकोसिस्टम बनाम गवर्नमेंट सिस्टम बनाम राष्ट्रवादी लोग चल रहा है। राहुल गांधी चीनी सेना का मनोबल बढ़ाते हैं और भारतीय सेना को हतोत्साहित करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि जब वह इस केस को लेकर कोर्ट जाते थे तब उन्हें डराने का भरपूर प्रयास किया जाता था। एक बार कोर्ट में अंदर जाते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनसे कहा कि इस मामले को आगे ना बढ़ाओं क्योंकि उनके कनेक्शन पाकिस्तान तक में है और इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी नम्बर से फोन आने लगे। श्री श्रीवास्तव ने इस स्थिति के बारे में अपने परिवार को भी नहीं बताया और अकेले सामना करते रहे।

# बसपा में गुटबाजी खत्म करने के लिए औरो पर गिर सकती है गाज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अंदरूनी कलह धीरे-धीरे सहत पर आती हुई दिखाई देने लगी है। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बैठक में देशभर से आए नेताओं ने बसपा सुप्रीमो मायावती से अलग-अलग मिलकर यह शिकायत की है कि टीम भावना से काम न कर बड़े नेता अपना एजेंडा चला रहे हैं। पुराने नेताओं को कम तरजीह दी जा रही है। नए और चाटुकारों की सुनी जा रही है व उनके कहने पर ही टिकट के साथ पद बांटे जा रहे हैं। इससे माना जा रहा है कि बसपा में अभी और भी नेताओं पर कार्रवाई हो सकती है।

मायावती इन दिनों दिल्ली में रहकर अलग-अलग नेताओं व प्रभारियों से मुलाकात कर रिपोर्ट ले रही हैं। बसपा मौजूदा समय अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। उसका जनाधार लगातार गिरता जा रहा है। मायावती ने दिल्ली में 29 जनवरी को देश के सभी राज्य के नेताओं की बैठक बुलाई थी। इसमें राज्यवार बसपा संगठन को मजबूत करने और ताकत बढ़ाने को लेकर चर्चा की थी।

बताया जा रहा है कि इसी बैठक में देश के कई राज्य के नेताओं ने प्रदेश प्रभारियों पर उंगली उठाई थीं। उनकी कार्यशैली और व्यवहार को लेकर सवाल उठाए गए। बसपा के गिरते जनाधार के लिए इन्हें ही दोषी ठहराया गया। इसके साथ ही यह भी बात सामने आई कि पार्टी के कई बड़े नेता अपना-अपना एजेंडा चला रहे हैं। इसीलिए पार्टी आर्थिक और जमीनी स्तर पर मजबूत नहीं हो पा रही है।



# एलटी ग्रेड शिक्षकों का प्रदर्शन

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय का किया घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गवर्नमेंट इंटर कॉलेज (जीआईसी) में एलटी ग्रेड पर चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों ने एक बार फिर जोरदार प्रदर्शन किया। इन अभ्यर्थियों का आरोप है कि रिजल्ट जारी हुए करीब 2 साल होने को है पर अभी तक सेलेक्टेड अभ्यर्थियों को तैनाती नही मिल सकी है। ऐसे में इनके पास अब आर पार के आंदोलन के अलावा कोई अन्य रास्ता नही बचा है। गुरुवार को कई जनपदों से आए इन अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी हुई। प्रदर्शन में चयनित महिला अभ्यर्थी भी मौजूद रही। अभ्यर्थियों का कहना हैं कि एलटी ग्रेड 2018 का परिणाम 28 जून 2023 को घोषित किया था। लोकसेवा आयोग ने चयनित सभी अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 17 जुलाई से 24 जुलाई 2023 के बीच किया। रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय प्रयागराज को भी भेजी गई, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं मिली। अभ्यर्थी निशि सिंह का कहना है कि 2 साल हो गए रिजल्ट निकले हुए, पर अभी तक सेलेक्टेड अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नही जारी किया गया। विभाग की तरफसे अभी तक कुछ नहीं किया गया है। जब जाते हैं तो दो दिन, चार दिन, 15 दिन कहकर टाल दिया जाता है। अब बिना जॉइनिंग लेटर लिए यहां से नही जाएंगे। अभ्यर्थी जय सिंह ने बताया कि जीआईसी- एलटी के रिजल्ट में चयनित होने के बाद भी नियुक्ति नहीं दी जा रही हैं।चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी कई बार अपनी गुहार लगा चुके है। पर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में अब सिर्फ धरना और प्रदर्शन भी हमारे पास है।



## संक्षिप्त खबरें

### सीएम योगी की डीपफेक वीडियो बनाने पर एफआईआर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डीपफेक फोटो वायरल हो रही है। मामले में हजरत गंज पुलिस ने पियारा इस्लाम एक्स हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कार्रवाई की मांग हिंदुत्व नाइट एक्स अकाउंट हैंडल द्वारा की गई थी। पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपी के विषय में जानकारी जुटा रही है। हजरत गंज एसपी विकास जायसवाल का कहना है कि इस अकाउंट पर सीएम का एक वीडियो शेयर किया गया है। जिसमें यूपी पुलिस, लखनऊ पुलिस और गोरखपुर पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में हजरत गंज नरही निवासी राजकुमार तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह वीडियो प्यारा इस्लाम नाम से यू-ट्यूब और एक्स समेत सोशल मीडिया पर अकाउंट चलाने वाले युवक ने जारी किया है। जिसके विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

### संदिग्ध हालात में घर में चौकीदार की मौत

**लखनऊ।** इन्दिरानगर के समुद्रीपुर स्थित घर में बुधवार को चौकीदार की मौत हो गई। इंदिरानगर के समुद्रीपुर निवासी संतोष कुमार (41) गोमतीनगर स्थित भारतेन्दु नाट्य अकादमी में आउटसोर्सिंग पर चौकीदार थे। भाई आशीष ने बताया कि बुधवार शाम को संतोष ड्यूटी कर आए थे। थोड़ी देर बाद उनकी तबियत खराब हो गई। आनन- फानन में उन्हें ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। परिवार में पत्नी आशा व चार बेटियां हैं।

### डीआरएम ने प्रमोटी अधिकारी संघ कार्यालय का उद्घाटन किया

**लखनऊ।**पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल मुख्यालय पर गुरुवार को डीआरएम आदित्य कुमार ने अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा भुवनेश सिंह की मौजूदगी में पूर्वोत्तर रेलवे प्रमोटी अधिकारी संघ के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्वोत्तर रेलवे प्रमोटी अधिकारी संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सुमन, सचिव दीपक कुमार, उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, संगठन मंत्री दया राम, सहायक सचिव आशीष शुक्ला और मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर रवींद्र सिंह समेत मुख्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### खेत में पड़े मिले किसान की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** बिजनौर के माती स्थित खेत में बेहोशी की हालत में मिले किसान मनोज कुमार (40) की दो दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। माती निवासी वंश ने बताया कि पिता मनोज कुमार नशे के आदी थे। मंगलवार सुबह पिता खेत गए थे। दोपहर में भाई प्रमोद खेत पर पहुंचा तो देखा कि पिता मनोज बेसुध पड़े थे। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी आरती व तीन बच्चे हैं। इंस्पेक्टर बिजनौर के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्राइमरी के बच्चों को कापी और स्टेशनरी दी

**लखनऊ।** सरोजीनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय अलीनगर खुर्द ने गुरुवार को नवग्रह ज्ञान नामक लघु नाटक की प्रस्तुति दी। बच्चों ने नाटक के माध्यम से बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस, और नेपच्यून ग्रह की जानकारी दी। बच्चों को पृथ्वी की संरचना सूर्य, पृथ्वी के उपग्रह चंद्रमा के बारे में बताया गया। सेवानिवृत्त शिक्षिका रमा शर्मा ने बच्चों को कॉपी और स्टेशनरी देकर किया सम्मानित। स्कूल की शिक्षिका रीना त्रिपाठी, नसीम सेहर ,सरिता देवी और सतीश कुमार के साथ ही अभिभावक मौजूद रहे।

### कैफे में चल रहा था हुक्का बार, एक गिरफ्तार

**लखनऊ।** आईटी चौराहे पर गार्डन कैफे में रेस्टोरेंट की आड़ में महीनों से हुक्का बार चल रहा था। बुधवार रात पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक को धर दबोचा, जबकि अन्य लोग भाग निकले। पुलिस ने मौके से 12 हुक्का भी बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित अनुज कुमार है। वह सीतापुर जनपद के थानगांव देवरिया का रहने वाला है। कैफे में हुक्का लगाने का काम करता था। छापेमारी के दौरान कैफे संचालक दीपक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर कैफे में पहुंची। वहां हुक्का परोसा जा रहा था। संचालक से लाइसेंस मांगा गया। वह दे नहीं सका और भाग निकला। पुलिस टीम ने हुक्का परोस रहे अनुज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि संचालक की तलाश की जा रही है।

### आईटीआई अलीगंज में स्टूडेंट्स को बाटें गए टेबलेट

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को आईटीआई अलीगंज कैंपस में साल 2022 बैच के पास आउट स्टूडेंट्स को टेबलेट बांटे गए।इस दौरान लखनऊ उत्तरी विधान सभा क्षेत्र में विधायक नीरज बोरा मौजूद रहे। आईटीआई अलीगंज के प्रिंसिपल राज कुमार यादव ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुल 396 स्टूडेंट्स को टेबलेट मिले। टेबलेट पाकर स्टूडेंट्स बेहद खुश नजर आए। मौके पर सुनीत कुमार सिंह, ओम कुमार तिवारी, मुकेश मिश्रा, निर्भय कुमार सिंह, गणेश कुमार अवस्थी समेत संस्थान के कई स्टाफ मौजूद रहे।

### किसान न्याय पद यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में किसान पद यात्रा में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को यात्रा की शुरुआत मोहनलाल गंज ब्लॉक से हुई और दोपहर लगभग दो बजे कल्ली पश्चिम बाजार पहुंची। यहां प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोनिस खान ने व्यापारियों और कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की दस दिवसीय गरीब किसान न्याय पद यात्रा ने तीसरे दिन 52 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा और लखनऊ जिलाध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार अन्नू का पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। यात्रा का अगला पड़ाव कल्ली, सभा खेड़ा, पीजीआई, मवैया और उतरठिया में होगा। यहां व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सक्सेना और चंदन गुप्ता अपनी टीम के साथ स्वागत करेंगे। इसके बाद यात्रा बिजनौर होते हुए सरोजनी नगर तहसील पहुंचेगी, जहां बीस किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद रात्रि विश्राम किया जाएगा। यात्रा में फइम, अनस, जफर, आदिल, पोलु यादव (जिला सचिव), अमित कुमार, राकेश, दानिश सहित सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों के साथ शामिल रहे। यह पद यात्रा किसानों की न्याय की मांग को लेकर आयोजित की जा रही है।

### 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भूमिगत जलाशय का विधायक और महापौर ने किया भूमिपूजन



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 4 करोड़ रुपए की लागत से भूमिगत जलाशय बन रहा है। गुरुवार को इसका भूमिपूजन विधायक नीरज बोरा और महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया है। 660 किलोलीटर क्षमता का यह जलाशय बनाया जा रहा है। अलीगंज सेक्टर-बी पानी की टंकी परिसर के पास से पानी की आपूर्ति होगी। इस अवसर पर जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस परियोजना के जरिए शहरवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा और जल संकट से राहत मिलेगी। निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जाएगा, जिससे अलीगंज और अन्य क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि जलाशय निर्माण में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। इस परियोजना की लागत करीब 4 करोड़ रुपए होगी। इसे 4 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। अलीगंज सहित अन्य क्षेत्रों में इस जलाशय से पानी की आपूर्ति होगी। महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि निर्धारित समय में जलाशय का काम पूरा कर लिया जाएगा। इससे शहर के लोगों को सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसका भूमि पूजन किया जा रहा है।

# पर्यटन के विकास के लिए यूपी के साथ मिलकर काम करेंगे: उपराज्यपाल

## पर्यटन मंत्री ने जापानी प्रतिनिधि मंडल का किया स्वागत एवं अभिनन्दन

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल ओसादा के नेतृत्व में राजधानी पधारे जापानी प्रतिनिधि मंडल का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश भगवान बुद्ध की कर्म भूमि रही है। भगवान बुद्ध से जुड़े अधिकांश धर्मस्थल उत्तर प्रदेश में ही स्थित हैं। जहां पर लाखों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आते रहते हैं।

राज्य सरकार इन धर्मस्थलों की महत्ता को देखते हुए पर्यटन विकास संबंधी योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। जयवीर सिंह आज यहां गोमती नगर के एक स्थानीय होटल में जापानी प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे थे। उन्होंने जापानी प्रतिनिधि मंडल से बौद्ध पर्यटन स्थलों के विकास एवं पूंजी निवेश सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की उत्पत्ति यूपी की धरती पर हुई। भगवान बुद्ध से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश एक प्रमुख गन्तव्य स्थल है पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। बौद्ध पर्यटकों के वर्ष पर्यन्त यूपी आने से रोजगार के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिल रहा है।

बौद्ध धर्म से जुड़े पवित्र स्थलों को सम्मिलित करके पर्यटन विकास की कई योजनायें संचालित की जा रही हैं। 12 टूरिज्म सेक्टरों में से 01 योजना बुद्धिष्ट सर्किट भी शामिल है। इसका विकास केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। रेल, जल, हवाई और सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है।यूपी में सुरक्षा की गारण्टी होने के कारण विदेश से आने वाला हर पर्यटक उत्तर प्रदेश में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों को देख सकता है। भगवान बुद्ध के अनुयायी जापान के साथ भारत में भी हैं। जो दोनों देशों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं। वैचारिक और दार्शनिक अध्यात्मिकता के साथ विकास के क्षेत्र में भी खासतौर से यूपी और जापान आर्थिक रूप से जुड़े हुए हैं। भारत का जापान से सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक संबंध है। यह प्रतिनिधि मंडल दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने तथा भगवान बुद्ध से जुड़ने का एक खास मौका देता है।यूपी में बौद्ध धर्म को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए सभी परिस्थितियॉ अनुकूल हैं। जापान से रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे। यामानासी प्रांत के सलाहकार नीरेन्द्र उपाध्याय हैं, जो यूपी के रहने वाले हैं। उनकी इस दिशा में बड़ी भूमिका है।जापान के यामानाशी प्रांत के उपराज्यपाल को ओसादा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पावन स्थलों और यहां संभावनाओं को जानकार काफी प्रभावित हूं। जापान में टूरिज्म का मतलब 'ज्ञान का प्रकाश फैलाना' होता है जो जगह के महत्व को बताता है। हम लोग पर्यटन के विकास के लिए उत्तर प्रदेश के साथ काम करेंगे। निवेश अवसर की तलाश में जापान से एक बड़ा डेलिगेशन उत्तर प्रदेश आएगा। उन्होंने पर्यटन विभाग की ओर से दिए गए प्रस्तावों के लिए आभार जताया।प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने राज्य में पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# एकेटीयू में 120 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एकेटीयू में 120 करोड़ की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ठगी के रुपयों से लखनऊ में कार खरीदने के बाद पुणे चला गया। फिर वहां से विदेश निकल गया था। उसके पास से ग्रैंड विटारा कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मड़ियांव के रहने वाले मोहम्मद चाँद उर्फसनी जॉनसन के रूप में हुई है।

यूनियन बैंक के मैनेजर अनुज कुमार सक्सेना ने 12 जून 2024 को एकेटीयू की एफडी के नाम पर 120 करोड़ की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जालसाज ने एफडी के लिए बैंक से ऑफर लेटर लेकर एकेटीयू से सम्पर्क करके एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ धोखाधड़ी की थी। पूरा फर्जीवाड़ा बैंक और एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी बनाकर मेल भेजने एवं एकेटीयू का फर्जी अथारिटी लेटर से किया गया था। इंस्पेक्टर साइबर थाना बृजेश कुमार यादव ने बताया कि साइबर अपराधियों ने यूनियन बैंक के ब्रांच मैनेजर का फर्जी विजिटिंग कार्ड और मेल आईडी (/नदपवदइंदो.बव.पद) बनाई। इसके बाद अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की मेल आईडी (नइपद0803448/नदपवदइंदो.बव.पद वि/ाजन.ब.पद) और ।ज्ञज्न् की (वि/ाजनपिदंदबम.पद) मेल आईडी बनाकर बैंक की मेल आईडी (नइपद0803448/नदपवदइंदावपिद कपं.इंदा) पर मेल भेजकर रुपए ट्रांसफर कराए। एकेटीयू जानकीपुरम लखनऊ के सरकारी फंड की एफडी कराने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार करके यूनियन बैंक ब्रांच विधानसभा मार्ग हजरतगंज लखनऊ में एफडी एकाउंट ओपन कराकर 120 करोड़ के फंड को ट्रांसफर करा लिया था। जिसमें से पकड़े गए अभियुक्त द्वारा ठगी गयी धनराशि में से एक ग्रांड विटारा कार खरीदी गई। जिसे पुणे एयरपोर्ट से बरामद कर थाना साइबर क्राइम लखनऊ लाया गया था। आरोपी चाँद फ्लाइट से विदेश फरार हो गया था। मामले में पहले भी 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### ललित कला अकादमी की 64वें स्थापना दिवस मनाया

**लखनऊ।** लखनऊ के कैसरबाग स्थित राज्य ललित कला अकादमी ने अपने 64वें स्थापना दिवस पर एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया है। लाल बारादारी भवन में आयोजित इस प्रदर्शनी में अकादमी के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित पद्मश्री श्याम शर्मा की छापाकला कृतियों को विशेष स्थान दिया गया है। प्रदर्शनी में देश के प्रतिष्ठित कलाकारों की कलाकृतियां शामिल की गई हैं। इनमें एम.एफ हुसैन, मदनलाल नागर, बद्रीनाथ आर्य, अजीत सिंह पंवार, के.एस कुलकर्णी, सुधीर रंजन खास्तगीर, मो. सलीम, अरशद अमीन और योगेंद्र नाथ योगी जैसे दिग्गज कलाकारों की रचनाएं प्रमुख हैं। अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य युवा और नवोदित कलाकारों को महान कलाकारों की कृतियों से परिचित कराकर उन्हें प्रेरित करना है। इसी कड़ी में अकादमी के बी.वी.ए (चित्रकला) प्रथम वर्ष के छात्रों को भी अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया है।

# अभय सिंह की विधायकी पर सुनवाई 20 फरवरी को

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अभय सिंह के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ ने सरकारी वकील को मामले से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने के आदेश दिए। वहीं अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ के समक्ष लगातार दूसरे दिन सुनवाई जारी रही। बुधवार को पीड़ित पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली थी, लेकिन समय की कमी के कारण अभियुक्त पक्ष की ओर से बहस अधूरी रह गई थी। यह मामला 2010 का है, जब अयोध्या के महाराजगंज थाने में विकास सिंह ने अभय सिंह और उनके साथियों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया था। मामला बाद में अंबेडकर नगर कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। 2023 में अंबेडकर नगर एमपी,एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद अभय सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। इसके बाद विकास सिंह ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। मामला हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में पहुंचा, जहां 20 दिसंबर 2024 को दो अलग-अलग फैसले सामने आए। जस्टिस एआर मसूदी ने अभय सिंह समेत पांच आरोपियों को तीन साल की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। वहीं, जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें बरी कर दिया। इन विरोधाभासी फैसलों के कारण यह मामला न्यायिक उलझन में पड़ गया और इसे चीफ जस्टिस अरुण भंसाली की बेंच को सौंपा गया।

# तेलीबाग चौराहे की रोटरी हटेगी

## दिसंबर तक बन जाएगा मरी माता फ्लाईओवर

लोकमित्र ब्यूरो

**उतरेठिया चौराहे के चारों ओर फ्री लेफ्ट टर्न होगा**

उतरेठिया चौराहे पर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने डीएम को बताया कि चौराहे के दोनों तरफ शहीद पथ की सर्विस लेन पर ब्लैक टॉप का काम चल रहा है। इसे एक हफ्ते में पूरा कर लेंगे। चौराहे के चारों तरफ फ्री लेफ्ट टर्न का भी निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए पोल शिफ्टिंग की जा रही है। उतरेठिया चौराहे की सर्विस रोड पर ऑटो स्टैंड पाया गया। डीएम ने एसडीएम सरोजनीनगर को निर्देश दिया कि ऑटो स्टैंड को आगे शिफ्ट करा दिया जाए।

**लखनऊ।** यातायात को सुगम बनाने व सड़क सुरक्षा बाधाओं को दूर करने के लिए गुरुवार को फिर डीएम विशाख जी चौराहों को देखने निकले। तेलीबाग शनिदेव मंदिर, उतरेठिया तथा अर्जुनगंज में लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे कामों को देखा। मरी माता मंदिर स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर की प्रगति भी जानी। तेलीबाग के दो आईलैंड छोटे किए गए तेलीबाग स्थित शनि देव मंदिर पहुंचे डीएम को पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सत्येंद्र नाथ ने बताया कि यहां जाम से निपटने के इंतजाम किए जा रहे हैं। चौराहे के दोनों आईलैंड दो-दो मीटर छोटे कर दिए गए हैं। बस स्टॉप को भी आगे शिप्ट कर दिया गया है। चौराहे पर स्थित रोटरी भी हटाई जानी है। इसे एक सप्ताह में हटा दियाजाएगा। यहां दो फ्री लेफ्ट टर्न बनाए जा रहे हैं। डीएम ने एक सप्ताह में सभी काम पूरे कर ट्रैफिक सिग्नल चालू करने के आदेश दिए। एसडीएम सरोजनीनगर डॉ सचिन वर्मा को आदेश दिया कि पीडब्ल्यूडी सभी कार्य पूरे हो जाने के बाद चौराहे के संचालन के लिए एआरएम रोडवेज व नगर निगम के जोनल अधिकारी के साथ अभियान चलाएं। चौराहे के चारों तरफ 15 मीटर के दायरे में कोई बस, सवारी वाहन, ई रिक्शा, टेंपो, ठेला न रुकने पाए।

**दिसंबर में पूरा होगा मरी माता मंदिर फ्लाईओवर:** मरी माता मंदिर फ्लाईओवर का निर्माण भी डीएम ने देखा। सेतु निगम के परियोजना अधिकारी अमित वर्मा ने बताया कि इसका निर्माण दिसंबर 2025 में पूरा होगा। लखनऊ सुलतानपुर मार्ग पर मरी माता मंदिर के संकरे सेतु के स्थान पर आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट बनाया जा रहा है। पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण 1592.66 लाख की लागत से कराया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिया कि तय समय सीमा के अंदर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा कर लिया जाए।

अर्जुनगंज में साइनेज लगाने के आदेश डीएम ने बताया कि शहीद पथ पर कट (स्लिप रोड) है। उन सभी के 100 मीटर पहले डायरेक्शन के साइनेज लगवाए जाएं। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने बताया कि उक्त रोड का चौड़ीकरण एवं डीबीएम का कार्य चल रहा है।

# कब्रिस्तान में रोशनी कर पूर्वजों के लिए दुआ की

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुस्लिम समाज ने गुरूवार् को शब-ए-बरात पर पूर्वजों को याद किया। दिन और रात में खुदा की इबादत की। देर रात तक पूर्वज और मरहूमों की मगफरत की दुआ मांगी। नफील नमाज पढ़ी। लोगों ने कब्रिस्तान में मरहूम के लिए दुआ की। अपने गुनाहों की माफी मांग कर शहर में अमन-चौन की दुआ मांगी। रोजा भी रखा।

मस्जिदों में रात भर इबादत की। इस मौके पर मस्जिदों में विशेष नमाज भी हुई। धार्मिक मान्यता अनुसार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूमों की कब्र पर पहुंचकर इसाल-ए-सबाब के लिए कुरान की तिलावत की। साल भर में तीन रातों को इबादत के लिए विशेष माना गया है। यह है शब-ए-मेहराज, शब-ए-बरात और शब-ए-कद्र है। शब-ए-बरात की रात में आने वाले साल का लेखा-जोखा तैयार होता है। मसलन साल भर में किसे क्या मिलेगा ये शब-ए-बरात के दिन तय होता है। इस रात की सुबह में गुनाहों की बख्शीस और बलाओं से महफूज होने की दुआ की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि शब-ए-बरात की सुबह फज्र की नमाज के वक्त जो दुआएं मांगी जाती है वह कबूल होती है्। मौलाना खालिद रशीद् ने बताया शब-ए-बरात के दिन घरों एवं मस्जिदों में पाक कुरान शरीफ के आयतों की तिलावत की। रात में कब्रिस्तान एवं पीर फकीरों की मजारों पर अगरबत्ती लगाकर फातेहा पढ़ी। ऐसा माना जाता है कि अल्लाह इस रात को फरियाद करने वालों के सारे गुनाह माफ कर देता है।

# किसान ने रची खुद के अपहरण की साजिश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** हेल्लो चाचा... मुझे नहीं पता मैं कहां हूं, ये लोग मुझे बाहर निकलने नहीं दे रहे हैं। मुझे मारते-पीटते और 30 हजार रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। जल्दी से बदमाशों को रुपया देकर मुझे बचाई....लापता किसान दुर्गेश रावत ने परिजनों से सम्पर्क कर खुद के अपहरण की बात बताई तब उनके पैरों से जमीं खिसक गई।

हालांकि, 24 घंटे के भीतर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से किसान को सीतापुर के महमूदाबाद से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हालांकि, पूछताछ के दौरान पता चला कि रुपया उधार लेकर जब उसे दवाईयां खरीदनी पड़ी तब उसने खुद के अपहरण की साजिश रच डाली। इस दौरान पुलिस ने किसान को सख्त हिदायत भी दी है।दरअसल, बीकेटी थाना अंतर्गत मंझोरियां गांव निवासी किसान दुर्गेश रावत मनोरोगी है। बुधवार सुबह वह कस्बे में लगने वाली सब्जी मंडी गया था। इसके बाद वह दोबारा घर नहीं लौटा। जिसके बाद परिजन रातभर उसकी खोजबीन करते है। बावजूद इसके दुर्गेश का कहीं सुराग नहीं मिला। इस बीच किसान पथ पर शिवखर गांव के समीप दुर्गेश की साइकिल परिजनों को मिली। फिर किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर परिजनों ने बीकेटी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। गुरुवार सुबह दुर्गेश ने चाचा को कॉल किया और कहाकि कुछ बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया है। उसे नहीं पता वह कहां है।

बदमाश उसे बाहर भी निकलने नहीं दे रहे हैं। वह उसे मारते-पीटते है और उसे छोड़ने के लिए 30 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। रुपये न देने पर बदमाश उसकी हत्या करने की भी धमकी दे रहे है। दुर्गेश की बात सुनकर घबराये परिजनों से पुलिस से मदद मांगी। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने दुर्गेश की लास्ट लोकेशन खंगाली। इसके आधार पर पुलिस ने दुर्गेश को सीतापुर जनपद के महमूदाबाद इलाके से सुरक्षित बरामद किया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे ने बताया कि सीतापुर पहुंची पुलिस टीम को दुर्गेश सड़क किनारे घूमता मिला था।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि कई वर्षो से उसका इलाज चल रहा है। उसने वह बड़े भाई राजेश और भाभी से इलाज के लिए रुपये मांगे थे, लेकिन दम्पति ने उसे रुपये देने से मना कर दिया था। जिसके बाद उसे पांच हजार रुपये उधार मांगने पड़े थे। इन रुपयों से उसने अपने लिए दवाईया खरीदी थी। कर्ज को चुकाने और बड़े भाई को सबक सीखने के लिए दुर्गेश ने खुद के अपहरण की कहानी रच डाली थी। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किसान दुर्गेश को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### व्यापारियों ने मासिक बैठक नियमित करने की मांग की, डीएम से भेंट की

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में नवनियुक्त जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने बताया कि व्यापार मंडल की परंपरा रही है कि वह नए अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन करता है इसी के तहत यह मुलाकात हुई है। बैठक के दौरान मासिक वाणिज्य बंधु बैठक आयोजित करने की मांग रखी गई। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि शीघ्र ही 400 इकाइयों के अध्यक्ष व महामंत्रियों के साथ विस्तृत परिचय बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें बाजार की मूलभूत आवश्यकताओं पर सुझाव एवं संवाद किया जाएगा। इसके अलावा स्वागत समारोह भी आयोजित होगा। बैठक में वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने आए हुए पदाधिकारियों का परिचय कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, एवं अजीत वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खतौनी में कमी से नही हो रही फार्मर रजिस्ट्री

## भटक रहे हैं किसान,योजनाओं के लाभ से भी महरूम

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खतौनी में दर्ज गलत नामों, विवरणों के कारण किसानों को भूमि रजिस्ट्री कराने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह मुद्दा खासतौर पर तब गंभीर हो जाता है जब वरासत या भूमि संबंधित दस्तावेजों में त्रुटियां होती हैं। इसस रजिस्ट्री प्रक्रिया में देरी होती है और भूमि के स्वामित्व में भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। खतौनी में नाम सुधार खातिर सबसे पहले खतौनी की पूरी जांच करनी होगी। यदि किसी भी प्रकार की गलतियों का पता चलता है, तो आपको उन्हें सुधारने के लिए कार्रवाई शुरू करनी चाहिए। विशेष रूप से, नाम, वंशावली या अन्य व्यक्तिगत जानकारी में किसी भी प्रकार की गलती की पहचान करें।जब गलती का पता चल जाए तो संबंधित अधिकारी से संपर्क करना होगा। अधिकारी तहसीलदार हो सकते हैं,उन्हें समस्या बताकर दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे ताकि वे गलत नाम को सुधार सकें। नाम सुधार के लिए नियत शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र में नाम, भूमि विवरण और सुधार की इच्छा जताई जाती है। शुल्क की राशि और आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।आवेदन स्वीकार होने के बाद संबंधित अधिकारी तहसीलदार या एसडीएम राजस्व अभिलेख में नाम सुधारने का आदेश देंगे। सुधार के बाद नए दस्तावेज प्राप्त होंगे, जिनमें सही नाम दर्ज होगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद भूमि रजिस्ट्री और अन्य संबंधित कार्य कर सकते हैं।अगर नाम ठीक किया जाता है, तो अन्य दस्तावेजों के लिए भी प्रमाणित विवरण की आवश्यकता हो सकती है। भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, शैक्षिक रिकॉर्ड और परिवार रजिस्टर, पैन कार्ड और आधार कार्ड आदि देने होंगे।

### लखनऊ में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए माता-पिता को करें जागरूक: मंडलायुक्त

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगराम, फैजुल्लागंज और बसंत कुंज बस्ती में कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडलायुक्त को अधिकारियों ने बताया कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों और बच्चों के लिए जरूरी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और बैंक खाते, प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराए जा रहे हैं। इस पर उन्होंने निर्देश दिया कि स्कूल जाने वाले बच्चों से संवाद कर उनका विद्यालय में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, माता-पिता को भी जागरूक किया जाए ताकि वे बच्चों को स्कूल भेजें। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की बाल सेवा योजना के तहत बच्चों को मुफ्त शिक्षा, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

# एलयू के छात्रों ने प्रशासनिक भवन को घेरा, स्कॉलरशिप को लेकर धरने पर बैठे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के स्टूडेंट सुबह से प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों का एक गुट प्रशासनिक भवन को घेर कर बैठा है। छात्रों का हनन हुआ तो...खून बहेगा सड़कों पे..। जैसे स्लोगन की जमकर नारेबाजी की जा रही है। इनका का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्कॉलरशिप को लेकर तुगलकी आदेश जारी किया जा रहा। इससे साफ पता चल रहा है कि छात्रों का शोषण करना ही इनका मकसद है। प्रदर्शन के दौरान जुटे छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही नही चलेगी-नही चलेगी को लेकर नारेबाजी होती रही। सुबह 11 बजे के करीब शुरू हुए इस प्रदर्शन में लाल टोपी लगाए समाजवादी गुट से जुड़े छात्रों ने जमीन पर बैठकर कर धरना दिया। एक घंटे तक प्रदर्शन के बाद मौके पर रजिस्ट्रार पहुंचे। छात्रों ने उन्हें अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा और विश्वविद्यालय प्रशासन से पूर्व के जारी आदेश को निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का दावा है कि मौके पर रजिस्ट्रार ने आदेश वापस लेने की बात कही और शासन से अनुमति लेकर स्कॉलरशिप की डेट बढ़ाना का भी भरोसा दिया। छात्रों द्वारा फॉर्म सही करके जमा करने पर भी स्टेटस गलत दिखाना। रिनुवल और न्यू दोनों मामलों को लेकर छात्रों में आक्रोश है। आय प्रमाण पत्र, बोर्ड का रोल नंबर, इनरोलमेंट गलत दिखाना जैसी समस्या। 75: अटेंडेंस अनिवार्य करने को लेकर भी स्टूडेंट्स नाराज हैं।

# चिकित्सा अधीक्षक ने सत्र वीएचएसएचडी का गाँवो में जाकर किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज//एटा।** अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शिवकुमार सिंह ने नियमित टीकाकरण को लेकर सत्र निरीक्षण किया. गुरुवार को अलीगंज स्थति दो गाँवो में स्वयं जाकर नियमित टीकाकरण को लेकर निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कुछ दिशा निर्देश भी दिये. उन्होंने ढीवेया अख्तियार पुर व कंचन पुर में सत्र टीकाकरण का निरीक्षण किया. जो सुविधा स्वास्थ्य केंद्र से दी गयी वह ठीक पायी गयी सभी स्टाप मौजूद था. बताया गया कि छाया सत्र निरीक्षण में मरीजों को दी जाने वाली दवाये मौजूद मिली एएन एम गीता यादव आशा व आँगन बाड़ी मौजूद रही उन्होंने दिशा निर्देश दिये कि 0-से 5वर्ष के बच्चों का नियमित टीकाकरण होना चाहिए कोई भी बच्चा न छूटे साथ ही गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण होना चाहिए कोई भी लापरवाही न वरती जाये शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो।

# भारत टेक्स 2025, 12 से 15 फरवरी इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा

▸▸ श्री गिरिराज सिंह, माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार ने दीप प्रज्वलित कर भारत टेक्स 2025 के द्वितीय संस्करण का उद्घाटन किया, कार्यक्रम के पैमाने और क्षेत्र के विकास और क्षमता की सराहना की

▸▸ कार्यक्रम की शोभा केंद्रीय विदेश और वस्त्र राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा और गौतम बुद्ध नगर से माननीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बढ़ाई

देव मणि शुक्ल




**नोएडा।** भारत-टेक्स 2025 का दूसरा संस्करण 12 से 15 फरवरी 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में और 14 से 17 फरवरी 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है, इंडिया एक्सपो एंड मार्ट लिमिटेड में मेले की शुरुआत आज भारत सरकार के माननीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह द्वारा की गई। दीप प्रज्वलन और रिबन काटने के समारोह में केंद्रीय विदेश और वस्त्र राज्य मंत्री श्री पाबित्रा मार्गेरिटा; गौतम बुद्ध नगर से माननीय सांसद डॉ. महेश शर्मा; कपड़ा सचिव श्रीमती नीलम शमी राव, वस्त्र मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव श्री रोहित कंसल, वस्त्र मंत्रालय में व्यापार सलाहकार श्रीमती शुभ्रा, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) श्रीमती अमृत राज, वस्त्र मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार श्रीमती मनीषा सेनशर्मा तथा भारत सरकार के अन्य गणमान्य अतिथियो की भी गरिमामयी उपस्तिथि रही ।

कार्यक्रम के अवसर पर श्री दिलीप बैद, अध्यक्ष, ईपीसीएच; श्री नरेन गोयनका, अध्यक्ष, भारत टेक्स 2025; बीटीटीएफ के सह-अध्यक्ष श्री भद्रेश ढोडिया; श्री सुधीर सेखरी, अध्यक्ष, एईपीसी~ श्री विजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, टेक्सप्रोसिल; डॉ. राकेश कुमार, महासचिव, भारत टेक्स 2025, अध्यक्ष, आईईएमएल और मुख्य संरक्षक की भूमिका में महानिदेशक, ईपीसीएच; श्री नीरज खन्ना, श्री सागर मेहता, उपाध्यक्ष-ईपीसीएच; ईपीसीएच के प्रशासन समिति सदस्य - श्री ओ. पी. प्रहलादका, श्री रवि के पासी, श्री के एन तुलसी राव; श्री अवधेश अग्रवाल, श्री गिरीश कुमार अग्रवाल, श्री प्रदीप मुछाला, श्रीमती जेस्मिना जेलियांग; श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच एवं भारत-टेक्स व्यापार महासंघ के आयोजक सदस्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें। सभा को संबोधित करते हुए, श्री गिरिराज सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को दोहराया तथा 'अतिथि देवो भव' की भावना को मूर्त रूप देते हुए मेले में आए सभी खरीदारों का सम्मानीय अतिथियों के रूप में गर्मजोशी से स्वागत किया। माननीय मंत्री जी ने भारत-टेक्स 2025 के आयोजकों को इस प्रथम वर्षगांठ समारोह को विश्व के सबसे बड़े वस्त्र व्यापार मेले में परिवर्तित करने के सफल प्रयास जिससे दुनिया भर से खरीदार आकर्षित हुए, की सराहना की । इस क्षेत्र से जुड़े उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने उद्योग जगत के प्रमुखों से विकास और निर्यात के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया।

माननीय मंत्री जी ने प्रदर्शकों के साथ-साथ शिल्पकारों से भी बातचीत की, जिन्होंने लकड़ी की नक्काशी, टोकरी बनाने, धुरी बनाने आदि जैसे विभिन्न शिल्प कौशल का लाइव प्रदर्शन किया। उनकी विशेषज्ञता और प्रदर्शित उत्पादों की सराहना करते हुए, श्री गिरिराज सिंह जी ने लोकल फॉर ग्लोबल और इन उत्पादों की बाजार क्षमता पर जोर दिया। केंद्रीय विदेश और वस्त्र राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा कि अपने प्रथम संस्करण की सफलता के बाद, यह संस्करण महत्वपूर्णता से बढ़ा है, जिसमें अधिक समावेशिता और स्थिरता के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता शामिल है। यह भारत की समृद्ध कारीगर विरासत का जश्न मनाते हुए पर्यावरण के अनुकूल वस्त्र और सम्बंधित उत्पादों और सेवाओं को प्रकाशित करता हैं। नवाचार, स्थिरता और वैश्विक सहयोग पर ध्यान देते हुए, यह भविष्य-संचालित वस्त्र उद्योग के लिए मंच स्थापित करता है। गौतम बुद्ध नगर से माननीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने इस क्षेत्र की दूरदर्शी वृद्धि और गतिशीलता की प्रशंसा की, जहाँ 'भव्यता नवाचार से मिलती है।' उन्होंने तीन दशक पहले ही इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट की संकल्पना करने के लिए डॉ. राकेश कुमार की भी सराहना की, जो वैश्विक आयोजनों को संभव बनाने में एक मील का पत्थर बनता है। उन्होंने न केवल व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला, बल्कि इस से इस क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए माहौल तैयार होने को भी प्रकाशित किया, जो खासकर एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डे के साथ होगा जो यूपी के जेवर में खुलने वाला है।

श्रीमती नीलम शमी राव, वस्त्र सचिव, भारत सरकार ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रदर्शकों और खरीदारों का स्वागत करते हुए भारत टेक्स 2025 के माध्यम से संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला की छाया के उपलक्ष्य में उपस्थिति पर प्रमुखता से रोशनी डाली - जो दिल्ली एनसीआर में दो भव्य स्थलों पर आयोजित हो रही हैं 7 उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों से प्रभावी प्रतिक्रिया के माध्यम से कार्यक्रम निश्चित रूप से तेज़-उच्च-प्रबल बनेगा।

श्री रोहित कंसल, अतिरिक्त सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार ने बताया कि भारत टेक्स का यह द्वितीय संस्करण किस तरह उल्लेखनीय था क्योंकि इसने उद्योग की तीन प्रमुख शाखाओं - गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो 2025 (जीटीई), डाईकेम वर्ल्ड 2025 और इंडिया सोर्सिंग कॉन्क्लेव 2025 को अपने छाया के नीचे लाया। उन्होंने कहा कि अब वैश्विक स्तर पर भारत टेक्स वस्त्रों के लिए एक गो टू प्लेस, वन स्टॉप शॉप बन जाएगा।

# दिव्यांग जनों के मध्य ट्राई साइकिल का वितरण कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में दिव्यांग एवं सशक्तिकरण विभाग द्वारा गुरुवार को जनपद में दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग जनों के मध्य ट्राई साइकिल का वितरण जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार के प्रांगण में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 नागेंद्र नारायण मिश्र की गरिमामय उपस्थिति में किया गया उन्होंने 50 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित की उन्होंने कहा कि समस्त पात्र दिव्यांगजन शासन द्वारा जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं उनके हितार्थ चलाई जा रही है उनमें लगातार आवेदन कर लाभ प्राप्त करें,दिव्यांगजन अपने आप को कमजोर न समझे,सरकार उनको मुख्य धारा में शामिल होने के लिए समान अवसर प्रदान कर रही है।समस्त दिव्यांगजन किसी न किसी विधा में पारंगत होकर अपने आप को स्वरोजगार से जोड़ें जो भी पात्र दिव्यांगजन आवास, शौचालय, पेंशन,दुकान निर्माण योजना आदि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित है वह अपना आवेदन संबंधित विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराए ताकि उनको सरकार की जनकल्याणकारी लाभार्थी परक योजनाओं से आच्छादित किया जा सकेगा। इस अवसर पर जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार ने विभागीय योजनाओ के संबंध में विस्तार से अवगत कराया कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) मनोज कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी यश वर्मा, सहित अन्य कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# कार्य अपूर्ण पाए जाने पर बीडीओ नें लगाई फटकार



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** कार्य अपूर्ण पाए जाने पर बीडीओ नें लगाई फटकार विकासखंड अलीगंज में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी ने रोजगार सेवक व कर्मचारियों के साथ बैठक कर मनरेगा के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा की। मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यो में लापरवाही बरतने वालों की फटकार लगाई अलीगंज ब्लॉक सभागार में मनरेगा को लेकर बीडीओ गोपाल गोयल द्वारा समीक्षा बैठक की गई।

बैठक के दौरान बीडीओ गोपाल गोयल ने रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी योजना के प्रति लापरवाही न बरती जाए साथ ही मनरेगा में हर मजदूर को काम दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को 90 दिन का वेरिफिकेशन किया जाये अगर नियमित समय में कार्य प्रारंभ न किया गया तो कार्रवाई की जाएगी साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने व लंबित योजना फॉर्म में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में 93 ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे।

# सपा नोएडा महानगर ने संत रविदास जयंती के साथ-साथ किया पीडीए पंचायत का आयोजन



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में आज सेक्टर 123 अंबेडकर सिटी में रविदास जयंती मनाई गई साथ ही साथ वहां पी डी ए पंचायत का भी आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि संत रविदास ना केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे , बल्कि समाज में समानता और प्रेम का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज में बिना भेदभाव के प्रेम और एकता की सीख दी। जिसके कारण वह भक्ति मार्ग के प्रमुख संतों में गिने जाते हैं।

प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि संत रविदास के बताएं मार्ग पर चलकर ही देश और समाज की दशा- दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। महानगर महासचिव विकास यादव ने कहा कि देश की खुशहाली व संविधान की रक्षा के लिए पीडीए का मजबूत होना जरूरी है पीडीए की मजबूती से हर वर्ग सुरक्षित रहेंगे।कार्यक्रम का संचालन गौरव यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में.....रामवीर यादव, अनुराग यादव , बबली शर्मा, राम सहेली,मिन्टू यादव उर्फ योगेश प्रधान, विनीता यादव, पूजा पटेल ,उषा देवी, यासमीन, रजनी गुप्ता ,सिल्पी ,अनिता, लता,अरुण ,देवपाल ,गौरव मोनू, प्रिंस ,मकसूद , आबिद, सोहिल ,यादराम ,तेजी , जितेंद्र ,पप्पू पंडित ,प्रेम, नसीम ,अननू ,संजू ,सचिन, रामनिवास ,राकेश, आकाश ,बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी नगर को जन्मदिन की दी हार्दिक शुभकामनाएं



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन भारत सभी कदम शिक्षा की ओर के संस्थापक एवं प्रेरणा स्रोत व मार्ग दर्शक गम्भीर सिंह (पी0सी0एस) अपर जिला अधिकारी नगर गाजियाबाद को मोहित सूद वाल्मीकि जिला सचिव नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन भारत व महानगर अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी काशीराम गाजियाबाद ने जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और ईश्वर से कामना की कि आप अपने जीवन में बहुत तरक्की करें और देश की सेवा ऐसे ही करते रहे। गाजियाबाद के अनेकों स्कूलों में शगंभीर सिंह का शिक्षकों ने अपने-अपने स्कूलों में जन्मदिन मनाया जिसमें गम्भीर सिंह ने अपने जन्मदिन पर सभी शुभचिंतकों का, मित्रों का,स्कूल अध्यापकों का और नया विचार नहीं ऊर्जा फाउंडेशन भारत सभी कदम शिक्षा की ओर के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# चटख धूप, 26 रहा अधिकतम तापमान हवा ने कम किया गर्मी का अहसास

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** कल अधिकतम तापमान दो डिग्री नीचे आकर 26 व न्यूनतम तापमान बिना किसी बदलाव के 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही चटख धूप निकली, लेकिन 11 बजे के बाद हवा की गति पांच से बढ़कर 22 किलोमीटर प्रति घंटे हो गई। इससे लोगों को गर्मी का अहसास नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि बृहस्पतिवार को भी अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। पश्चिमी विक्षोभ का हल्का असर मैदानी इलाकों में दिखेगा। इससे शुक्रवार को आसमान में बादल छाएंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान बढ़कर 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। हालांकि, हवा की रफ्तार बढ़कर 30 किलोमीटर प्रति घंटा रहने से गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

वायु गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक 15 फरवरी के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में और इजाफा होने का दावा कर रहे हैं। बदल रहे मौसम के मिजाज को देखकर किसानों की चिंता बढ़ रही है। गेहूं किसान उत्पादन को लेकर परेशान हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि पश्चिमी यूपी के अधिकांश किसान गेहूं की बुआई दिसंबर के अंत तक भी करते हैं।

जो तापमान इस वक्त चल रहा है, उससे इसका बेहतर विकास होना मुश्किल है। निश्चित ही इसका असर उत्पादन पर पड़ेगा।

# मेड के विवाद में चले लाठी डंडे फाबड़ा युवक गंभीर घायल



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम में दिन में दो पक्ष आपस में मेड के बिवाद में भिड़ गए. विवाद में लाठी डंडे व फाबड़ा तक चल गए जिसमें एक पक्ष का युवक फाबड़ा लगने से घायल हो गया व दूसरे पक्ष की महिला को चोट लगी. घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक केंद्र अलीगंज लाया गया गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हृदयपुर थाना अलीगज खेत के मेड को लेकर आपस में विवाद हो गया. विवाद में दोनों पक्ष में लाठी डंडे व फाबड़ा चल गए बताया गया कि ग्राम हृदयपुर निवासी प्रदीप पुत्र रामविलास व नेकसे पुत्र सोनेलाल अर्जेश पुत्र कमलेश में विवाद हो गया विवाद में लाठी डंडे चल गए यहाँ तक कि फावड़ा से भी मारपीट कर दी जिसमें प्रदीप पुत्र रामविलास को फाबड़ा लग गया फावड़ा लगने से वह गिर गया और घायल हो गया वीच वचाव में माँ वेटी के भी चोट आयी है वही दूसरे पक्ष से एक महिला क्लावटी भी चोटिल है. स्थानीय पुलिस ने सभी चोटिल व घायल को अलीगंज सीएचसी पर लाये वहाँ उनका प्रथम उपचार किया गया।

# मैनेजर के फ्लैट से 15 लाख के गहने व नकदी चोरी

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी कॉलोनी में चोरों ने बंद पड़े फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अलमारी से 15 लाख के गहने, नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़िता ने घरेलू सहायिका पर गहने और हजारों रुपये की नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़त ने गहने की सूची भी पुलिस को सौंप दी है। मुंबई के तौवई स्थित एसएमएफआई इंडिया क्रेडिट कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात राजन धनकड़ ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी सोसाइटी में उनका 11वीं मंजिल पर फ्लैट संख्या एच 1111 है। दोपहर करीब एक बजे घरेलू सहायिका हलीमा ने उन्हें सूचना दी कि फ्लैट का ताला टूटा है।

नोएडा के सेक्टर-107 में आईटी क्षेत्र में नौकरी पर तैनात उनकी पत्नी राधिका ने पुलिस को सूचना दी और खुद भी मौके पर पहुंचीं। बताया कि फ्लैट और अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 15 लाख रुपये के गहने और 40 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोर कुछ कीमती सामान भी साथ गए।

मौके पर पहुंचे नंदग्राम थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। राधिका ने पुलिस को घरेलू सहायिका हलीमा निवासी अज्ञात पर गहने और नकदी चोरी करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। चोरी के सोने और चांदी के गहनों की सूची पुलिस को दे दी गई है। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गई है।

पीड़ित राजन धनकड़ ने बताया कि वह मुंबई के तौवई क्षेत्र में रहते हैं और उनकी पत्नी जॉब के कारण नोएडा में ही किराए के मकान में रहती हैं। राधिका हर सप्ताह तो वह 15-20 दिनों में एक-दो दिन के लिए ही फ्लैट पर रुकते हैं। घरेलू सहायिका हलीमा पर उन्हें नकदी और जेवर चोरी करने का शक है।

# आगामी त्यौहारों को लेकर अलीगंज कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक




लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/अलीगंज।** अलीगंज कोतवाली के गुरुवार की शाम करीब पीस कमेटी की बैठक हुई।जिसमें आगामी महा शिव रात्रि ओर शब्बे रात को लेकर चर्चा हुई,कोतवाली प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने आए हुए सभी गणमान्य लोगों से चर्चा की,जिसमें त्यौहारों पर बाइक सवारों द्वारा हुड़दंग के बारे में चेतावनी दी।साथ ही व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य ने व्यापारियों की तरफ आई हुई समस्या के बारे में अवगत कराया,जिसमें व्यापारियों द्वारा बाजार में जाम की समस्या के बारे में बताया गया।इस पर अलीगंज पुलिस ने कहा,जल्द ही इस समस्या को दूर कराया जाएगा।प्रभारी निरीक्षक ने कहा, कि त्यौहारों को आपसी समन्वय के साथ मनाए,कानून को हाथ में लेने पर सख्ती से पेश आया जाएगा।

# मार्ग दर्शन स्पोर्टस अकैडमी ने दीवान क्रिकेट अकैडमी को 7 विकेट से हराया

▸▸ मैन ऑफ द मैच सौरव कुमार सिंह के नाबाद शतक की मदद से 3 विकेट खोकर ही प्राप्त कर लिया। मैच में टॉस दीवान क्रिकेट अकैडमी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** मार्ग दर्शन स्पोर्टस अकैडमी ने एके क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे गोल्ड कप अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में दीवान क्रिकेट अकैडमी को आसानी से हरा दिया। म 240 रन के टारगेट को टीम ने मैन ऑफ द मैच सौरव कुमार सिंह के नाबाद शतक की मदद से 3 विकेट खोकर ही प्राप्त कर लिया। मैच में टॉस दीवान क्रिकेट अकैडमी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम 38.4 ओवर में 239 रन बनाकर आउट हो गई।

देव राजोरा ने सबसे अधिक 73 रन बनाए। राजा व स्वरित शर्मा ने 33-33 रन का योगदान दिया। मार्ग दर्शन स्पोर्टस अकैडमी की तरफ से मोनू कुमार, शुभांकर व रेहान ने 3-3 विकेट लिए। 240 रन का लक्ष्य प्राप्त करने में मार्ग दर्शन क्रिकेट अकैडमी को कोई परेशानी नहीं हुई। टीम ने 28.1 ओवर में 3 विकेट पर 241 रन बनाकर मैच में 7 विकेट से जीत दर्ज की।

सौरव कुमार सिंह ने 103 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली। 71 गेंद की पारी में उन्होंने 11 चौके व 6 छक्के लगाए। कुणाल शर्मा ने 48 गेंद में 9 चौकों व एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की पारी खेली। तुषार राजपूत ने 39 रन का योगदान दिया।

संक्षिप्त खबरें

## आदर्श नगर पंचायत में लूट, नेता अधिकारी भ्रष्टाचार में ब्यस्त



**अमेठी।** केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर लगातार निरंतर प्रयास कर रही है,लेकिन नगर पंचायत अमेठी के सार्वजनिक शौचालय,यूरनिल बूथ गन्दगी से पटे पडे है। जगह-जगह गन्दगी का आलम है। आने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। समाज सेवी हौसिला प्रसाद मिश्र का कहना है कि पेशाब घर मे मक्खी भिनभिना रही है। चूना भी नही डालते है। ब्लीचिंग पाउडर तो कभी डालते नही है। पेशाब घर की सफाई कभी नही होती है। सफाई अभियान कागज पर चल रहा है। शहर वासी भोलानाथ,रमाकांत,उमा कान्त,शिव कुमार,घनश्याम,हिमांशु,बिजय कुमार,राम जी आदि ने जिलाधिकारी निशा अनन्त,मण्डल आयुक्त गौरव दयाल सेमिडिया के माध्यम से कार्यवाही की मांग किया है। क्या बोले,अधिशासी अधिकारी ,सफाई ना होने की शिकायत नही मिली है। जांच पड़ताल के बाद ही कह पाऊगा। एसडीएम अमेठी आशीष सिंह उन्होंने बताया कि नगर पंचायत नियमित रूप से सार्वजनिक शौचालय और स्नानागार के साथ पेशाब घर की सफाई करे। ताकि बीमारी ना फैले। शिकायत लगातार मिल रही है,जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## मार्ग दुर्घटना मे बाइक सवार दो महिलाओं सहित तीन लोग गम्भीर घायल,जिला अस्पताल रिफर

**बांगरमऊ,उन्नाव।** जिला हरदोई के कस्बा मल्लावां निवासी वसीम 28 वर्ष पुत्र एजाज अपनी परिवार की महिला समा 35 वर्ष पत्नी लईक अहमद और साबरीन 22 वर्ष पुत्री अब्दुल वाजिद को बाइक पर बैठा कर बांगरमऊ से मल्लावां जा रहा था। तभी रास्ते में आज गुरुवार की दोपहर उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडर पास के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे करीबी रिश्तेदार तीनों घायलों को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विद्युत विभाग की विजलेंस टीम ने नगर में की छापेमारी,11 पर मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को विद्युत विभाग और विजलेंस की समवेत टीम ने नगर में बड़ा अभियान चला कर बिजली चोरी और बकायेदारों पर शिकंजा कसा। विशेष अभियान के तहत गुरुवार को विजलेंस टीम के साथ जे ई अभियंता चंद्रबाबू,शिवम, टी जी टू समेत अन्य कई कर्मचारियों ने प्रेम नगर, ब्रह्म नगर, सुभाष नगर,परमसुख खेड़ा आदि क्षेत्र में छापेमारी कर बिजली चोरी कर रहे 11 लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 और 138 बी के तहत मुकदमा दर्ज करवाया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यवाही विद्युत चोरी रोकने और बकाया वसूली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। बताया कि इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। ओटीएस के मात्र तीन दिन बकाया होने के चलते राजस्व की वसूली सुनिश्चित करने के लिए और बिजली चोरी रोकने के लिए यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उपभोक्ताओं को तीन दिन के बाद बिजली के बिल पर छूट नहीं मिल सकेगी।

## किशोर ने 4 साल की मासूम से किया रेप,नानी के घर आई थी पीड़िता

**हरदोई।** जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र में एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ 14 वर्षीय किशोर ने दुष्कर्म किया। पीड़िता अपने ननिहाल में आई हुई थी। घटना बुधवार की है। आरोपी ने बच्ची को गोड़े में ले जाकर उसके साथ यह अपराध किया। वारदात के बाद पीड़िता के परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और उसके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच की जाएगी।

## मेड़ विवाद में दबंगों ने महिलाओं को पीटा,नाबालिग समेत तीन महिलाएं घायल

**हरदोई।** सांडी थाना क्षेत्र के नेकपुर गांव में खेत की मेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने तीन महिलाओं को लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना में एक 17 वर्षीय किशोरी भी घायल हुई है। पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेकपुर गांव में ध्रुव कुमार और गिरीश के खेत एक-दूसरे के पड़ोस में हैं। गिरीश ने ध्रुव कुमार के खेत की मेड़ काटकर टेवा गाड़ दिया। इस पर ध्रुव कुमार की पत्नी रामदेवी ने विरोध किया। विवाद इतना बढ़ गया कि गिरीश, गिरिन्द्र, जगपाल, अनूप, सोनू और अनुराग ने रामदेवी, वसंती (प्रमोद की पत्नी) और ध्रुव कुमार की 17 वर्षीय बेटी सीता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि घायल महिलाओं को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सपा जिलाध्यक्ष ने की ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा

**रायबरेली।** काजीपुर तेलियानी गांव में गुरुवार शाम 5 बजे आयोजित पीडीए जन पंचायत में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह और सगीर अहमद सहित अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को जिलाध्यक्ष के समक्ष रखा, जिन पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रायबरेली।** जिले के डलमऊ ब्लॉक सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय आंगनबाड़ी सेविका प्रशिक्षण का बृहस्पतिवार को समापन हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार और सीडीपीओ सुरेंद्र कुमार की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार ने कहा कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम जिले के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषण पर भी विशेष जोर देता है। सीडीपीओ सुरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण में 0-3 वर्ष और 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए नव चेतना और आधारशिला कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित करना है, जहां बच्चों की प्रारंभिक देखभाल, शिक्षा और पोषण पर समान रूप से ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में संध्या श्रीवास्तव, राजकुमारी, गीता शुक्ला, वेदराज सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने, किया अस्पताल, वृद्धा आश्रम विद्यालय का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव अपने एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची। निरीक्षण भवन के बाद वृद्धा आश्रम पहुंचकर वहां पर वृद्धजनों का हाल जाना।इसके साथ ही उन्होंने वृद्धजनो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना। और उसके बाद उन्होंने एमएनसीयू वार्ड के साथ अन्य वार्डो का निरीक्षण कर मरीजो से मुलाकात की। साथ ही उन्हें दवाइयो की किट भी सौपी।

जिला अस्पताल के बाद महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गौरीगंज का निरीक्षण किया।सभी स्थानों का निरीक्षण कर उन्होंने सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए।

गौर करने वाली बात यह है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है जिले में भ्रष्टाचार भरमार है कोई बोलने वाला नहीं है चाहे, ग्राम विकास हो चाहे समाज कल्याण हो या पीडब्ल्यूडी विभाग, स्वास्थ्य विभाग का तो खेल ही निराला है, भ्रष्टाचार चरम पर है, मासूम जनता परेशान है, पुलिस किसी की सुनने को तैयार नहीं है ऐसे में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं कैसे साकार होगी, सिर्फ कागज पर फर्जी आंकड़ों को पेश कर अधिकारी कर्मचारी शासन प्रशासन एवं सरकार को गुमराह कर रहे हैं ,,

**क्या बोली अपर्णा:** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुँची। उन्होंने अपने निरीक्षण को लेकर कहा कि यह मेरा दूसरा निरीक्षण है। अभी मैं वृद्धा आश्रम गई थी।वहां पर मुझे यह जानकर खुशी हुई की वृद्धजनों को पेंशन मिल रही है। सरकार लगातार अपना काम कर रही है।यहां का एक रास्ता खराब है उसके लिए मैं सरकार से बात कर उस रास्ते को सही कराऊंगी जिससे आने वाले मरीजों को दिक्कतें न हो। अखिलेश यादव के आंकड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सवाल उन्हीं से पूछा जाए तो बेहतर होगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग खुद ही कुंभ नहा रहे हैं। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी बहुत ही अच्छी व्यवस्था कर रहे हैं।देश नहीं विदेशों के लोग महाकुंभ नहा रहे हैं ।मुझे लगता है सबको स्नान करना चाहिए और पुण्य कमाना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग की समस्या पर सवाल उठाया गया तो मरीजों को लिखी जा रही बाहरी दावों के विषय में उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सभी को जेनेरिक दवाई लिखनी चाहिए और जेनेरिक दवाई ही देनी चाहिए।

# सीओ के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर में किया पैदल मार्च



▸▸ लोगो से की हर्षोल्लास एवं शान्ति के साथ त्यौहार मनाने की अपील

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** शिवरात्रि, होली एवं शव ए बारात आदि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक नीतीश गर्ग के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में भी शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल मार्च किया गया। नगर के आगरा चौराहा से शुरू किया गया पैदल मार्च नई तहसील, कटरा चुंगी, बड़ा बाजार, नाला बाजार, मण्डी जवाहरगंज, ब्लॉक कॉलोनी, महावीरगंज होते हुए निधौली चौराहा तक किया गया। इस दौरान सीओ नीतीश गर्ग द्वारा लोगो से शिवरात्रि, होली, शव ए बारात आदि सभी त्यौहार हर्षोल्लास एवं आपसी शौहार्द के साथ मनाये जाने की अपील की गई। इस दौरान- कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर राघव, अपराध निरीक्षक चमन गोस्वामी, सिटी इंचार्ज चन्द्र शेखर त्रिपाठी, जयवीर सिंह,सत्यराम कुमार, गीता कुमारी, कपिल कुमार, संजय सिंह सहित भारी तादाद में कोतवाली पुलिस फ़ोर्स मौजूद था।


## इकलौते बेटे ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**बीघापुर,उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। टेढ़ा निवासी कल्याणी प्रसाद के 35 वर्षीय इकलौते बेटे अरविंद ने बुधवार शाम लगभग 4 बजे गांव के ही बन खंडेश्वर मंदिर के समीप जहरीला पदार्थ निकल लिया और वहीं पर बेहोश हो गए ग्रामीणों की सूचना पर परिजन प्राथमिक उपचार के लिए सौ सैया हॉस्पिटल बीघापुर ले गए जहां डॉक्टरों ने स्थिति चिंताजनक देख कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक के दो बेटी श्रेया 5 वर्ष व आराध्या डेढ़ वर्ष है। मृतक अरविंद कानपुर में प्राइवेट नौकरी करके जीविकोपार्जन करता था। अरविंद का पिता कल्याणी प्रसाद फूल माला बेच कर परिवार का भरण पोषण करता है। मृतक की पत्नी पूजा बदहवास हो गयी, परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक अरविंद का अंतिम संस्कार गुरुवार को गंगानगर घाट पर किया गया।

# बिजली विभाग की कार्रवाई, 40 बकायेदारों के कनेक्शन काटे

▸▸ 10 लोगों ने जमा किए 50 हजार रूपये

लोकमित्र ब्यूरो



**हरदोई।** पाली विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता सुखपाल सिंह के निर्देश पर बिजली विभाग ने हरनखुदा गांव में बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने गांव में कैंप लगाकर बकाया बिल जमा करने का आह्वान किया। गांव में कुल 55 कनेक्शनधारकों में से केवल 10 उपभोक्ताओं ने करीब 50 हजार रुपये का बकाया बिल जमा किया, जबकि 40 बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए गए। इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया। जेई सुखपाल सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि जिन लोगों के कनेक्शन काटे गए हैं, अगर वे अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते पाए गए तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इस अभियान में फैजान अंसारी, सुशील, एजाज, मसूद और अजीत बाजपेई सहित अन्य बिजलीकर्मी मौजूद रहे। बिजली विभाग के इस कड़े कदम से स्पष्ट है कि विभाग बकाया वसूली को लेकर गंभीर है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रह सकती है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करें और अवैध कनेक्शन से बचें।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस गौरीगंज में

▸▸ जनता का उठता जा रहा है विश्वास समाधान दिवसों से,

▸▸ नेतृत्व विहीन नजर आती है अमेठी

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जनपद में प्रदेश सरकार कितना भी प्रयास कर ले की सरकार की योजनाओं एवं महत्वाकांक्षा को महत्व दी जाए परंतु ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है,अमेठी में, जिले के डीएम, एसपी लाख कोशिश कर ले परंतु उनके कर्मचारी सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं अधिकारी कर्मचारी द्वारा सरकार को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है जनता परेशान है उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

संपूर्ण समाधान दिवस एवं संपूर्ण समाधान थाना दिवस से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है सिर्फ कागजों पर ही समाधान दिवस जिले में चल रहा हैं , समाधान दिवस पर कितनी शिकायत आई उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हुआ या नहीं, इसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। सिर्फ कागजों में ही अधिकारी अपनी नौकरी करते नजर आ रहे हैं, फिर हाल जनपद स्तरीय ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में दिनांक 15 फरवरी, 2025 को गौरीगंज तहसील में आयोजित होगा एवं अमेठी तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, मुसाफिरखाना तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा तिलोई तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। अमेठी के साहित्यकार प्रोफेसर अर्जुन पांडे से इस विषय पर बात की गई तो उन्होंने कहा वर्तमान समय में आलाधिकारी कर्मचारी अपनी गरिमा भूल चुके हैं।

उन्हें जनहित और जनता की समस्याएं नजर नहीं आ रही है यह दुखद बात है और चिंता का विषय भी है कि लोग नौकरी करते हुए भी जनहित और जनता की समस्याओं को दरकिनार कर रहे हैं

# दारोगा पर मारपीट के आरोप जांच में निराधार

▸▸ भीम आर्मी समेत हजारों ग्रामीण कोतवाली घेराव को तैयार, प्रशासन अलर्ट

लोकमित्र ब्यूरो



**हरदोई।** जिले में पिहानी के वाजिद नगर में एक विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने कोतवाली के एक दारोगा पर मारपीट और चप्पलों से पीटने का गंभीर आरोप लगाया था। प्रधान की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने सर्किल ऑफिसर को जांच सौंपी, लेकिन जांच में सभी आरोप निराधार पाए गए। जांच के नतीजों से नाराज प्रधान राजेश कुमार अब न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने कोतवाली का घेराव करने का ऐलान किया है, जिसके लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण और भीम आर्मी के कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क में जमा हो गए हैं। प्रधान और उनके समर्थकों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है। बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने से कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# पति सहित सात लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

▸▸ पति पर चार माह की गर्भवती पत्नी को जहरीली दवा पिलाने का आरोप

लोकमित्र संवाद



**बांगरमऊ,उन्नाव।** एक झोला छाप डॉक्टर अपनी पत्नी पर दहेज में मायके से पांच लाख रुपए लाने का दबाव बना रहा था। इंकार करने पर डाक्टर ने अपनी चार महीने की गर्भवती पत्नी के गर्भपात के लिए जबरन जहरीली दवा खिला दी। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। बीती रात लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत होने की सूचना पर मां ने कोतवाली में पति सहित सात ससुराली जनों के खिलाफ दहेज की मांग के चलते जहरीली दवा खिला कर हत्या कर देने के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मौत की खबर पर मायके के लोगों में चीख-पुकार मची हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहलोल पुर निवासिनी सीमा पत्नी स्वर्गीय शरीफ द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने अपनी बेटी जूही की शादी बीते मई 2019 में कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम आसत मोहीउद्दीन पुर निवासी झोला छाप डॉक्टर जाने आलम पुत्र रहीस के साथ किया था। विवाह के बाद से ही दहेज में मायके से पांच लाख रुपए लाने को लेकर पति सहित देवर तालिब, ननदोई यामिन निवासी ग्राम मऊ तथा ननद शहनाज़, मेहनाज, खुशनुमा व गुलफ्शा उसकी बेटी को प्रताड़ित कर दबाव बनाने लगे। इंकार करने पर पति ने बीते 5 जनवरी को उसकी चार माह की गर्भवती बेटी को जबरन गर्भपात की दवा खिला दी। तब बेटी ने फोन पर अपनी जान बचाने की गुहार लगाई थी। इसपर उसने बीते 8 जनवरी को दामाद के खिलाफ कोतवाली में तहरीर भी दी थी। किंतु तीन दिनों बाद पति ने जूही को जान से मार डालने की नीयत से दोबारा जहरीली दवा पिलाई। जिससे उसकी हालत मरणासन्न हो गई। सूचना पर मायके पक्ष के लोग बेटी की ससुराल पहुंचे और उसे लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। किंतु पति जाने आलम ने उसकी बेटी का मोबाइल आदि छीन लिया और जान से मार डालने की धमकी दी। आज गुरुवार को पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसकी बेटी जूही की बीते बुधवार को देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर घटना की जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, महिला ने कमरे में साड़ी से फांसी लगाई

**रायबरेली।** जिले के हरचंदपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। डिंडौली गांव निवासी 45 वर्षीय अंजू सिंह ने रात में अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतका रंग बहादुर सिंह की पत्नी थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि मृतका का किसी से कोई विवाद नहीं था और न ही किसी तरह की पारिवारिक समस्या थी।

हरचंदपुर थाना प्रभारी आदर्श सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कोई विवाद सामने नहीं आया है। पुलिस ने नियमानुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर विचार कर रही है।

# शब-ए-बराअत का पर्व धूमधाम से सम्पन्न, मस्जिदों व दरगाहों में की गयी रोशनी

लोकमित्र संवाद



**बांगरमऊ ,उन्नाव।** शब - ए - बराअत का त्यौहार अक़ीदत के साथ मनाया गया । कब्रिस्तानो की साफ सफाई कर रोशनी की गई । मस्जिदों और दरगाहो को सजाया गया । इस पर्व पर दिन में हलवा बनाया गया और फातिहा की गई । तत्पश्चात सारी रात इबादत करने और गुनाहों से माफी मांगने के बाद दूसरे दिन रोजा रखा गया ।

शब-ए-बराअत, मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, यह चंद्र वर्ष के आठवें महीने शाबान की 15वीं रात को मनाया जाता है। इसे इबादत की रात या दुआ की रात भी कहा जाता है। यह अल्लाह से दया, आशीर्वाद और अपने गुनाहों की माफी मांगने का दिन माना जाता है। शब-ए-बराअत को इस्लाम धर्म में प्रायश्चित की रात भी माना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि यह वह रात है जब अल्लाह आने वाले वर्ष के लिए व्यक्तियों की नियति निर्धारित करते हैं और ईमानदारी से पश्चाताप करने वालों के पापों को माफ कर देते हैं। शब-ए-बराअत पर्व पर रात मे लोग मस्जिदों में नमाज पढ़ने , कुरान पाक की तिलावत करने और अल्लाह से माफी मांगने के लिए इकट्ठा हुए । इसके पूर्व लोगो ने अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाकर अल्लाह से उनके लिए दुआ-ए मगफिरत की। इसके पूर्व घरों में हलवा जैसी पारंपरिक मिठाइयां बनाई गई और फातिहा की गई।

# अपात्रों को पीएम आवास देने वालो के विरुद्ध होगी कार्रवाई: पीडी

▸▸ बैठक में परियोजना निदेशक ने अधिकारियों-कर्मचारियों के कसे पेंच

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** गुरुवार को विकास खण्ड सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस सर्वे के अंतर्गत ग्राम प्रधानों,पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं समूह की महिला सदस्यों की एक बैठक हुई। डीआरडीए के परियोजना निदेशक सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में पीएम आवासों को पात्रों को ही आवंटित किये जाने की सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ी हिदायत दी गयी। परियोजना निदेशक सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सभी बेघर एवं आवास विभिन्न परिवारों को पक्की छत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना 2024 का कार्य चल रहा है। इसमें पात्र व्यक्तियों को ही लाभान्वित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

सर्वे करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ईमानदारी से सर्वे कर पात्र गरीब वर्ग को ही लाभान्वित कर पात्रता सूची बनाये। जांच के दौरान यदि कोई लाभार्थी अपात्र पाया जाता है तो सर्वे में पात्र दर्शाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को बख्शा नही जायेगा। इस दौरान- बीडीओ पीएस आनंद, एडीओ पंचायत बीगेश कौशिक, एडीओ कृषि राकेश कुमार यादव, एडीओ समाज कल्याण मोहम्मद जुनेद, शैलेन्द्र सिंह राजपूत प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि भोली शर्मा, शंकर यादव प्रधान, विजय कुमार, सुप्रिया सिंह, ग्राम प्रधान कैलाश चंद्र भास्कर सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## ब्रज संभाग प्रभारी विश्व हिंदू महासंघ भारत ने की वेलेंटाइन डे न मनाने की अपील



**एटा।** विश्व हिंदू महासंघ के ब्रज संभाग प्रभारी दिलीप पचौरी बिट्टू ने कहा कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति एवं सनातन संस्कृति हिस्सा नहीं है वैलेंटाइन डे पश्चिमी सभ्यता का एक बेहद फूहड़ कार्यक्रम है वैलेंटाइन डे की आड़ में लव जिहाद जैसी घटनाएं भी होती रही है इसलिए मैं समस्त भारत की युवा पीढ़ी से यह अनुरोध करता हूं कि वैलेंटाइन डे को मातृ पितृ दिवस के रूप में मनाए विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता कल जगह-जगह वैलेंटाइन डे का विरोध करेंगे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 1050 में से 72 महिला अभ्यर्थी रहीं अनुपस्थित



**गाजियाबाद।** बुधवार को 1050 महिला अभ्यर्थियों में से 72 अनुपस्थित रहीं। जबकि 213 असफल रही। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को 1050 में से 978 महिला अभ्यर्थियों ने दौड़ में भाग लिया। बृहस्पतिवार को 150 महिला अभ्यर्थियों की दौड़ होगी। बताया कि शारीरिक मापतौल और शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जांच के बाद कुल 2458 महिला अभ्यर्थियों को दौड़ के लिए चयनित किया गया है। शुक्रवार से पुरुष अभ्यर्थियों की दौड़ भी पीएसी की 44वीं वाहिनी परिसर में होगी। इसमें करीब 11, 442 पुरुष अभ्यर्थी भाग लेंगे।


## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज

**एटा।** प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत शुक्रवार को पूर्वाह्न 9ः00 बजे से जीआईसी ग्राउंड सकीट रोड एटा के परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा,जिसमें लगभग 200 से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा सुरक्षा, शांति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, विवाह मंडप, वीआईपी के स्वागत सत्कार, जलपान की व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस की व्यवस्था,अग्निशमन की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, वीडियोग्राफी सहित सामूहिक विवाह को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां के संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रभारी नामित करते हुए दिशा-निर्देश दे दिये गये है,सभी सम्बन्धित अधिकारी दिए गए दायित्व का निर्वाहन पूरी सजगता एवं तन्मयता के साथ करेंगे।

# कानपुर में आर्मी कमांडिंग ऑफिसर समेत की मौत की वजह बनी तेज रफ्तार

▸ दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना घाटमपुर थाना क्षेत्र में धरमंगदपुर गांव के पास स्थित बंबा पुल पर हुई

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** तेज रफ्तार यहां कार सवार दो युवकों की मौत का कारण बन गई। उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बम्बे में गिर गई, जिसके फल स्वरुप दो युवकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना घाटमपुर थाना क्षेत्र में धरमंगदपुर गांव के पास स्थित बंबा पुल पर हुई।

मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतकों में बैंगलोर में तैनात आर्मी कमांडिंग ऑफिसर राहुल सिंह (28) और इस्माइलपुर गांव निवासी राजमिस्त्री रामू कुशवाहा उर्फ वीरेंद्र (28) शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिवम (25) और रूपेश (28) को हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी दोस्त अकबरपुर से पतारा कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। मृतक राहुल सिंह अपने दोस्त आशीष की शादी में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर आए थे। इस हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंचे घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय व पतारा चौकी इंचार्ज अनुज राजपूत ने बंबा से कार सवार घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सेना के जवान समेत दो को मृत घोषित कर दिया। वही दो गंभीर हालत में हैलट अस्पताल मैं भर्ती कराए गए हैं ,जहां उनकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अगली कार्रवाई के लिए तहरीर का इंतजार कर रही है।

# प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का सफलतापूर्वक किया गया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** चौधरी अजीत सिंह के के जन्मदिवस पर प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत एक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ जिसमे संगठन के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। आपको बताते चलें कि जनपद लखीमपुर खीरी मे राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव तराई जोन पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में परम श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जन्मदिन पर आयोजित प्रदेश व्यापी अभियान चलो गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सभा के तेतारपुर गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे 12 फरवरी को केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह के जन्मदिन को मनाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इन लोगों की रही उपस्थिति- आयोजित किये गये कार्यक्रम मे पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हरनाम वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शब्बीर हुसैन, विधानसभा श्रीनगर अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, जिला सचिव अजय श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम लोगो की उपस्थित रही।

## स्कूल जा रही छात्रा की मौत, वैन ने साइकिल को मारी टक्कर

**हरदोई।** जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों को झकझोर कर रख दिया। विशाला देवी इंटर कॉलेज जा रही दो छात्राओं की साइकिल को एक इको वैन ने टक्कर मार दी, जिसमें 14 वर्षीय नेहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी 13 वर्षीय सहेली शालिनी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना कोइली गांव से इटौंजा के बीच माधव नगर के पास की है। दोनों छात्राएं अपनी साइकिल से स्कूल जा रही थीं, तभी सामने से आ रही इको वैन ने पहले शालिनी को टक्कर मारी और फिर नेहा को बरगद के पेड़ से कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नेहा की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल शालिनी को उसके परिजन तत्काल सीएचसी भरावन ले गए। चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सर्किल ऑफिसर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# ताला तोड़कर हुई चोरी प्रकरण में पुलिस खामोश

▸ वादी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से की गुहार

लोकमित्र ब्यूरो




**धौरहरा-खीरी।** नगर पंचायत द्वारा मेन बाजार में बीते सन 2017-18 में 91 पक्की दुकानों का निर्माण कराया गया था जिसके बाद उन दुकानों के आवंटन में किए गए खेल का खामियाजा मौजूदा दुकान दार स्वयं झेल रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अतीक पुत्र जैनुल आबदीन निवासी पठान वार्ड नगर पंचायत धौरहरा ने बुधवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि नगर पंचायत धौरहरा द्वारा निर्मित पक्की दुकान नंबर 13 मेन बाजार स्थित में बीते 7/8.02.25 की रात में तीन नामजद लोगों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर उसमें रक्खा सामान,फर्नीचर व काउन्टर आदि गायब कर अपना सामान भर दिया था।जिसकी सूचना धौरहरा पुलिस को दी गई थी लेकिन धौरहरा पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी कर रही है।

इस मामले में जानकारी देते हुए कस्बा चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह ने बताया कि ताला तोड़कर कब्जेदारी का विवाद हुआ ।जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जांच में सामान चोरी जैसी कोई बात नहीं है।वादी के आरोप निराधार हैं।

# नीलगाय के मांस सहित चार महिलाएं हिरासत में



▸ बाइक सहित भारी मात्रा में अन्य उपकरण बरामद

▸ मुखबिर की सूचना पर वन पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** गुरुवार सुबह वन विभाग व पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में एक टीम ने कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छापा मारकर जंगली नीलगाय के मांस,बाईक व अन्य उपकरणों के साथ चार महिलाओं को हिरासत में लिया गया। समाचार प्रेषण तक पुलिस व वन विभाग के जिम्मेदारो द्वारा ठीक जानकारी उपलब्ध कराने में असमर्थ दिखे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लज्जा पुरवा निवासी मंजूर व खटीफ के घर से मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली पुलिस व वन विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी में एक घर से जंगली नीलगाय का लगभग 25 किलों गौमांस,एक बाईक 12 बोर,एक पंखा,एक मशीन असलहा बनाने वाली सहित अन्य उपकरण बरामद होने के चलते चार महिलाओं को हिरासत में लिया गया था। जबकि छापेमारी की सूचना पाकर घर के पुरुष फरार होने में सफल रहे।समाचार प्रेषण तक वन विभाग व पुलिस विभाग किसी भी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी। इस मामले में कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी के घर से बारहसिंगा की सींग आदि बरामद हुए हैं।पूरी कार्यवाही वन विभाग करेगा। वही दूसरी तरफ वन क्षेत्राधिकारी धौरहरा नृपेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वाइल्ड लाइफ का मामला है उच्चाधिकारियो से आवश्यक सलाह मशविरा कर लिखा-पढ़ी जारी है।

# गायत्री परिवार के नि:शुल्क ढपली संगीत प्रशिक्षण शिविर का समापन

▸ भगवानदीन आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में नि:शुल्क ढपली संगीत प्रशिक्षण शिविर का पहला बैच संपन्न।

▸ संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण शिविर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित नौ दिवसीय ढपली संगीत प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ टीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें संगीत प्रशिक्षण में शामिल छात्राओं ने ढपली के साथ हमने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे भगवान प्रज्ञा गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ गायत्री परिजन मनीराम वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा ने कहा आदमी सिगरेट, शराब आदि नशों से उतना अधिक पतित नहीं हुआ है जितना साहित्य, कला और संगीत की विकृति से हुआ है। गायत्री परिवार का संगीत से संस्कार अभियान संगीत प्रतिभा और संगीत कला को सृजन और लोकमंगल की ओर ले जाने का अभियान है। विद्यालय प्राचार्या प्रो0 गीता शुक्ला ने स्मृति चिह्न भेंट कर शिविर हेतु गायत्री परिवार का आभार व्यक्त किया स्वागत किया।

उन्होंने कहा संगीत से संस्कार अभियान की अभिनव थीम ने मुझे व्यक्तिगत रूप से भी प्रभावित किया है। उन्होंने विद्यालय में होली के बाद दूसरा संगीत प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाने की इच्छा व्यक्त की जिससे अन्य छात्राएं भी ढपली बजाना सीख सकें। शिविर संचालक अनुराग मौर्य ने बताया शिविर की ढपली संगीत छात्राओं का अभ्यास गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अर्चना सिंह ने किया।

इस दौरान डॉ0 सुशीला सिंह, डॉ0 रेखा पाण्डेय, जसविंदर कौर, बीन चौरसिया डॉ0 राखी चौहान, सरिता यादव संगीत छात्रा अनुष्का भारद्वाज, लविशा तिवारी, कीर्ति कश्यप,राधिका साहू, अंशिका मिश्रा,महक श्रीवास्तव, अनामिका शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# एक साल में भी नहीं बन पाया जिला पंचायत से बनने वाला शौचालय

लोकमित्र ब्यूरो




**तिकुनियां-खीरी।** कस्बे के सुथना देवी मंदिर पर जिलापंचायत से बनने वाला सार्वजनिक शौचालय एक साल बाद भी चालू होने की स्थिति में नहीं हो सका है जिसके चलते मंदिर के महंत ब्रजेश गिरी ने इतनी सुस्त कार्यशैली से कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है।

मंदिर के महंत ब्रजेश गिरी ने बताया कि मंदिर परिसर में जिला पंचायत खीरी द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था परन्तु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक उक्त शौचालय चालू होने की स्थिति में नहीं है। जिसके संबंध में कई बार जिलापंचायत के जे ई लक्ष्मीकांत व लालता कश्यप को अवगत कराया जा चुका है मगर नतीजा शून्य ही रहा। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग बनकर तैयार है परंतु कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते अभी तक बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं की गई और न ही टैंक की सफाई करके उसको ढका ही गया है जिसके चलते वह अभी भी चालू होने की स्थिति में नहीं हो सका है।

कहीं कमीशन के खेल में तो नहीं लटका शौचालय का निर्माण काय......'

सूत्र बताते है कि इस विभाग में कमीशन का बहुत मोटा खेल चलता है सबकी जेबें फुल होने के चलते इस अधूरे निर्माण कार्य की सुध लेने वाला कोई नहीं है अब देखना यह है कि इस अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करवाने की जहमत कौन उठाता है?

मामले में कार्य को प्रारंभ करवाने वालें जेई लक्ष्मीकांत ने बताया कि मेरा ट्रांसफ़र हो चुका है। वर्तमान में तैनात जेई लालता कश्यप ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है ठेकेदार की लापरवाही के चलते कार्य अधूरा है तीन दिनों में कार्य पूरा कराया जायेगा अन्यथा ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## विकलांग युवक ने किया सुसाइड,एक साल पहले हुई थी शादी

**हरदोई।** थाना अतरौली क्षेत्र के ग्राम भटखेरवा मजरा घेरवा में एक दर्दनाक घटना सामने आई। पारिवारिक कलह से परेशान 25 वर्षीय विकलांग युवक विनोद ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सात भाई-बहनों में सबसे बड़े विनोद की शादी एक साल पहले लालामऊ की रहने वाली ज्ञानवती से हुई थी। परिजनों के अनुसार, विवाह के कुछ ही दिनों बाद से घर में कलह शुरू हो गई थी। मृतक के पिता मुरली ने बताया कि बुधवार की रात को विनोद खाना खाने के बाद बिना कुछ बताए गांव की तरफ चला गया। अगली सुबह उसका शव गांव के पूर्वी दिशा में स्थित खेत में लगे आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह के अनुसार, मृतक के पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# मैम अपने लड़के को साथ लाती हैं, जो यहां अश्लील हरकते करता है

▸ वो हमसे बदतमीजी से बात करता है। हमारे प्राइवेट पार्ट को छूता है। मैम हमें अपने घर भी ले जाती हैं। घर पर झाड़ू पौंछा करवाती हैं और बोलती हैं कि मम्मी-पापा और टीचर को मत बताना।

अशोक अग्निहोत्री

**आगरा।** सैंया के कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कुछ छात्राओं के जो वीडियो वायरल हुए हैं, वे बहुत चौंकाने वाले हैं। अब ये गहन जांच का विषय है कि बच्चियों ने ये वीडियो खुद बनाए हैं या उनसे रिकक्ड करवाए गए हैं। एक छात्रा तो वायरल वीडियो में विद्यालय की एक टीचर का नाम लेकर बता रही है कि मैम अपने बेटे को साथ लाती हैं और उनका बेटा उनसे बदतमीजी करता है। प्राइवेट पार्ट को छूता है। कस्तूरबा विद्यालय में एक छात्रा की पिटाई और कुछ अन्य छात्राओं के वायरल वीडियो की जानकारी मिलने पर ही उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता चौहान बीते कल यहां निरीक्षण के लिए पहुंची थीं।

जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें से एक वीडियो में एक छात्रा एक टीचर का नाम लेकर बता रही है कि मैम अपने लड़के को भी यहां लेकर आती हैं। वो हमसे बदतमीजी से बात करता है। हमारे प्राइवेट पार्ट को छूता है। मैम हमें अपने घर भी ले जाती हैं। घर पर झाड़ू पौंछा करवाती हैं और बोलती हैं कि मम्मी-पापा और टीचर को मत बताना। काम करने से मना करती हैं तो मारती-पीटती हैं और स्कूल से बाहर कर कहती हैं कि अकेली चली जाओ। यह छात्रा अपनी टीचर के बारे में यह भी बता रही है कि मैम उससे कहती हैं कि क्या तुम्हारा ब्याय फ्रेंड बनाने का मन करता है। मुझे बता दो, मैं बनवा दूंगी तुम्हारा बाय फ्रेंड।एक अन्य छात्रा वीडियो में एक शिक्षिका का नाम लेकर कह रही है कि मैम ने मुझसे कहा कि दूसरी मैम के बारे में ऐसे-ऐसे बोलना।

मुझसे दूसरी मैम के बारे में गलत बुलवा दिया। इसी विद्यालय की तीसरे वायरल वीडियो में एक छात्रा एक शिक्षिका का नाम लेकर कह रही है कि मैम हमें मारती हैं, पीटती हैं, अपना निजी काम करने के लिए बोलती हैं। कहती हैं कि मेरे घर चल। मेरा काम करेगी तो तुझे अच्छे से पढ़ाउंगी। मैं कहती हूं कि ये काम नहीं आता है तो कहती हैं मारूंगी। मेरे मां-बाप नहीं हैं तो कहती हैं कि मैं तुझे तेरी बुआ के घर से भी धक्का मारकर निकलवा दूंगी, ये धमकी देती हैं मुझे।

# कर्ज में डूबे युवक ने की थी चोरी,नवविवाहित युवक गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**हरदोई।** जनपद के संडीला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए नवविवाहित युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने परिवार की जिम्मेदारियों और कर्ज के बोझ के चलते यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक, नूर आलम नाम का युवक 11-12 फरवरी की रात को पहले पारस डेयरी में घुसा और वहां से नकदी चुराई। इसके बाद उसने डेयरी और ज्वैलर्स की दुकान के बीच की प्लाई को काटकर ललित ज्वैलर्स में प्रवेश किया और बड़ी मात्रा में गहने और नकदी लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से कुल 22 हार, 29 अंगूठियां, 115 कान के टॉप्स, 40 कड़े, 18 कान की कनौती, 46 बिछिया समेत कई अन्य गहने बरामद किए गए। इसके अलावा 2000 और 500 के नोट और ₹10,652 नकद भी मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह डेढ़ लाख रुपये के कर्ज में डूबा हुआ है।

एक साल पहले उसकी शादी हुई थी और दो बहनों की शादी की जिम्मेदारी भी उस पर है। बूढ़े माता-पिता की देखभाल का दायित्व भी उसी पर है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे नूर आलम ने स्वीकार किया कि यह उसकी पहली चोरी थी, जो उसने मजबूरी में की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गन्ने से भरी ट्राली में अनियंत्रित कार जा घुसी चार की मौत तीन घायल



मृतक सैफू



मृतक संजय वर्मा



मृतक रजनीश



मृतक अंसार

लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** ढखेरवा निघासन स्टेट हाईवे पर हाजरा फार्म के पास गन्ने से भरी ट्राली में कार घुस गई हादसे में कार सवार सहित अन्य चार लोगों की मौत हो गई तीन लोग घायल हो गए हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अपने वाहन से नजदीकी सीएचसी भेजवाया। कस्बे के पटेल नगर निवासी शिवसागर ने बताया कि उनका 22 वर्षीय बेटा दिग्विजय अपने दोस्तों के साथ कार में सवार होकर ढखेरवा जा रहे थे तभी हाजरा फार्म के पास खड़ी गन्ना भरी डबल ट्रॉली में उनकी कार पीछे से जा टकराई, जिससे कार में सवार चौधरी पुरवा के संजय (24), रजनीश(19), सैफ़ू 34 निवासी सिंगाही की मौके पर मौत हो गई। ट्राली की पंचर बना रहे सिंगाही कस्बा निवासी अंसार(26) घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया। वहां पर उसकी मौत हो गई। कार में सवार चौधरी पुरवा के दिग्विजय (21), अरुण(19), रवि(24) निवासी घनश्याम पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार तीन तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में युवकों की मौत की खबर के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।बताया जा रहा है कार सवार युवक एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद दोस्त को घर छोड़ने जा रहे थे।

संक्षिप्त खबरें

## जल्द मिलेगा ड्रग वेयर हाउस,9.18 करोड़ की लागत से बीकापुर में तैयार हो रहा ड्रग वेयर हाउस

**अयोध्या।** अयोध्या को जल्द ही एक ड्रग वेयर हाउस मिलने वाला है। यह लगभग तैयार हो चुका है। मार्च के बाद तक इसका संचालन किया जाना है। इसके निर्माण से क्षेत्र में दवाइयों की उपलब्धता बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ड्रग वेयर हाउस बनाया जा रहा है। इस व्यवस्था से जनपद स्तर तक दवाओं की किल्लत समाप्त होगी। अयोध्या में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत आवास विकास परिषद द्वारा बीकापुर में ड्रग वेयर हाउस निर्माण कराया जा रहा है। यह दो तल का है। इसमें गोदाम, कार्यालय के साथ-साथ कोल्ड चेन कक्ष भी शामिल हैं।

### 9.18 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

ड्रग वेयर हाउस के निर्माण की लागत 9 करोड़ 18 लाख रुपये है। इसका निर्माण मार्च 2023 में शुरू किया गया था। दिसंबर 2024 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य था। हालांकि अब डेडलाइन मार्च 2025 कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के जेई एसबी सिंह ने बताया कि मार्च के अंत तक कार्य के पूरा होने की संभावना है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी सीधी आपूर्ति

ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कार्य लगभग 95 फीसदी पूरा हो गया है। इसका संचालन सीधे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से होगा और यहां बाकायदा फार्मासिस्टों और अन्य स्टाफ की तैनाती की जायेगी। इतना ही नहीं यहां भी जिला स्तरीय ड्रग वेयर हाउस की तरह सभी जीवन रक्षक और अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहेंगी।

खास बात यह है कि बीकापुर में इस ड्रग वेयर हाउस के बनने से हैदरगंज, तारुन, बीकापुर सीएचसी समेत अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की सीधी आपूर्ति होगी।

## रविदास जयंती पर आयोजित किया समरसता कार्यक्रम



**बांदा।** विश्व हिंदू परिषद पदाधिकारियों ने खाईपार स्थित चौसठ योगिनी मंदिर खाईपार में समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान संत रविदास जयंती मनाई गई। संत रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी, संचालन जिला सहमंत्री रामप्रताप सोनी ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा संत रविदास के जीवन में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला धर्म प्रसार प्रमुख विमल निगम, जिला गौरक्षा प्रमुख अनिल बजरंगी, जिला संयोजक केपी प्रजापति, जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख सुजीत कुमार, जिला समरसता प्रमुख चन्द्रप्रकाश कबीर, सह समरसता प्रमुख लाला प्रजापति, जिला सहमिलन केंद्र प्रमुख प्रियांशु शिवहरे, नगर सहसंयोजक हर्ष दासवानी, जिला सह मातृशक्ति संयोजिका पवन कुमारी समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उदय पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई एनिवर्सरी, भव्य जुलूस निकला

**अयोध्या।** उदय पब्लिक स्कूल में आज अपनी एनिवर्सरी का जश्न बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खास अवसर पर स्कूल ने एक भव्य जुलूस का आयोजन किया, जिसमें स्कूल के कई छात्र-छात्राएं और अयोध्या की बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। जुलूस में प्रभु श्री राम की नगरी की संस्कृति और धरोहर का प्रतिबिंब देखने को मिला। सजे-धजे बच्चों के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे शहर के नागरिकों का दिल खुश हो गया।

## महिलाओं की समस्याओं का गंभीरता से करें निस्तारण ~ अनुपमा



**बांदा।** सर्किट हाउस सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य अनुपमा सिंह लोधी ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बालश्रम और बाल विवाह आदि से संबंधित महिलाओं की समस्याओं को सुना। अधिकारियों को मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषाहार वितरण समेत आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं को फल पौष्टिक आहार किट का वितरण किया। दो बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए फलों का वितरित किए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर में कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, मेस व हास्टल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं से वार्ता करते हुए विद्यालय में दी जा रही शिक्षा, भोजन व अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए बालिकाओं को बेहतर शिक्षा व सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। राज्य महिला आयोग सदस्य ने महिलाओं के घरेरू हिंसा, दहेज उत्पीडन व अन्य समस्याओं से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण किये जाने के निर्देश पुलिस व संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने महिला जनसुनवाई में दो पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता व रोजगार उपलब्ध कराये जाने के लिए बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि दहेज व घरेलू हिंसा व अन्य प्रकरणों से संबंधित उत्पीड़ित महिलाओं की गम्भीरता पूर्वक पूरी समस्या को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र करायें। उन्होंने महिला जनसुनवाई में महोखर निवासी एक महिला द्वारा ससुराल पक्ष में मारपीट व परेशान किये जाने की शिकायत पर क्षेत्राधिकारी पुलिस को दर्ज मुकदमें में शीघ्र कार्यवाही किये जाने और उसकी दो बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एक महिला की ओर से दहेज की मांग करने व पति द्वारा मारपीट किये जाने की शिकायत पर दोनो पक्षों को समझाकर परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा मध्यस्ता कराये जाने के निर्देश दिये। अतर्रा की एक महिला द्वारा छेड़छाड़ की घटना के सम्बन्ध में विपक्षियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने का अनुरोध करने पर उन्होंने प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि महिलाओं से सम्बन्धित समस्या मिलने पर उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए उनका निस्तारण शीघ्र कराने व हर संभव सहायता करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। महिला जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, क्षेत्राधिकारी पुलिस अम्बुजा त्रिवेदी, महिला थानाध्यक्ष, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह व समाज कल्याण व दिव्यांग कल्याण अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में एग्री टूरिज्म को मिले बढ़ावा : राज्यपाल

## भारत में कृषि पर्यटन के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकास विषय पर कुलपतियों के 48 वें सम्मेलन को किया संबोधित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** अयोध्या एक जनपद ही नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की श्रद्धा का स्थल है। शहरों में रहने वाले ऐसे पर्यटक जो ग्रामीण जीवन के बारे में नहीं जानते वे गांव की परंपराओं संस्कृति और रीति रिवाज में भाग लेकर ग्रामीण जीवन के बारे में जान सकते हैं। महाराष्ट्र कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है जहां सतारा, पुणे, नागपुर और नासिक में कई सफल एग्री टूरिज्म केंद्र विकसित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में कृषि का एक मजबूत आधार है और यहां एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देकर पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य प्रदान किया जा सकता है। विश्वविद्यालय शोध प्रशिक्षण, जागरूकता नीति निर्माण और तकनीकी सहायता प्रदान कर किसानों को सशक्त बना सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालयों को एग्रो टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित कर सकते हैं जहां छात्र किसान और आम जनता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और वेबसाइटों के माध्यम से किसानों को उनके एग्रो टूरिज्म व्यवसाय के प्रचार प्रसार में मदद कर सकते हैं। भारत में जीडीपी को बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान माताओं और किसानों का है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों को ईमानदारी से कार्य कर अपने संकल्पों को पूरा करना चाहिए। अयोध्या का आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पहली बार में ही नैक में ्++ हासिल किया जो सराहना के योग्य है। प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कही। वह ÷भारत में कृषि पर्यटन के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकास÷ विषय पर भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों के 48वें कुलपति सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। राज्यपाल ने कहा कि भारत के सभी कृषि विश्वविद्यालय भारत में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर कार्य करें। कहा कि आचार्य कृषि एवं प्रौद्योगिक परियोजना की मदद से कृषि पर्यटन केंद्र स्थापित कर रहा है। ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित पर्यटन में कौशल प्रदान करने और आय के अवसरों को बढ़ाने के लिए कृषि पर्यटन पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि बजट अच्छे विश्वविद्यालयों को मिलना चाहिए जो कार्य करें। जो काम नहीं करें उन विश्वविद्यालयों में बजट का पैसा छात्र-छात्राओं को दे देना चाहिए जिससे वे शोध एवं शिक्षा के कार्यो को कर सकें। विदेशों के साथ एमओयू करने की जरूरत है और उनके यहां हो रहे कार्यो को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग छुट्टियां मनाने विदेशों में जाते हैं लेकिन उन्हें अपने देश के पर्यटन स्थलों पर ही जाना चाहिए जिससे व्यवस्थाओं में और सुधार किया जा सके। छात्र-छात्राओं में जो भी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं उनमें चार से पांच विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शामिल करना चाहिए जिससे कि उनकी सही प्रतिभा की पहचान हो सके। आईएयूए के उपाध्यक्ष व केयू. गांधीनगर के कुलपति डा. एन.एच. केलावाला ने सम्मेलन के बारे में सभी को अवगत कराया तो वहीं दूसरी तरफ आईएयूए के अध्यक्ष व भरसार के कुलपति डा. परविंदर कौशल ने भारतीय कृषि विवि संघ नई दिल्ली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एग्री टूरिज्म पर सोमनियर, प्राकृतिक खेती, नवाचार सहित अन्य पुस्तकों का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।



इससे पूर्व सभी अतिथियों ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने विवि कुलगीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति ने राज्यपाल व समस्त अतिथियों को पौधा व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। जीपीबी विभागाध्यक्ष डा. संजीत कुमार के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 48वां कुलपति सम्मेलन इस बार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि व भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। स्वागत संबोधन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह एवं कुलसचिव डा. पी.एस प्रमाणिक ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुप्रिया ने किया।

### एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने में कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण- शाही

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भारत दर्शन कर रहा हूं जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहरों से भरी हुई है। उन्होंने कहा की एग्री टूरिज्म में अपार संभावनाएं हैं और विश्वविद्यालय उसके महत्वपूर्ण केंद्र हैं। आचार्य नरेंद्र देव एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नए-नए पाठ्यक्रमों व डिप्लोमा कोर्सो की शुरुआत करने जा रहा है जो सराहना के योग्य है। इससे एग्री टूरिज्म को विकसित करने में गति मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से आचार्य नरेंद्र देव विवि लोगों को सक्षम बना रहा है। मंत्री शाही ने कहा जनसंख्या के मामले में भारत सबसे बड़ा देश है जो कृषि के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह देश विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अनूकूल प्रजातियों, उत्तम तकनीकों को विकसित कर किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है जिससे कि किसान सशक्त हो सकें और उनकी आय को दोगुणी किया जा सके। कृषि विश्वविद्यालय को पहली बार में ही नैक में ्++ की सफलता पर उन्होंने विवि के कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि नैक में उच्च ग्रेड का श्रेय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को मिलना चाहिए जिन्होंने कुल आठ बार राजभवन में बैठक कर सभी प्वाइंटों पर कमियों को परखा।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक डा. आर.सी अग्रवाल ने कहा कि आईसीएआर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कृषि शिक्षा में क्रांति लाने पर कार्य कर रहा है। एग्रीटूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई कोर्स चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुदाय से जुड़ाव के लिए एग्री टूरिज्म बहुत अच्छा माध्यम है। आज का समय शहर से गांव की तरफ जाने का है और इसके लिए एक मॉडल तैयार कर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

### राज्य स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भारत में डिजिटल कृषि विषय में चेष्ठा प्रथम, संदीप सिंह द्वीतीय व दिव्यांश को तीसरा स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया। भारत में कृषि पर्यटन में शुभांकर श्रीवास्तव प्रथम, गीताक्षी और विजय लक्ष्मी द्वीतीय व अरुण आर्या को तीसरा स्थान पाने पर सम्मानित किया गया। यूपी की वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका विषय में सौरभ शुक्ला प्रथम, नंदिनी कुमारी द्वीतीय व आयुष कुमार और अंबिका सिंह को तीसरा स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। भारत के लिए अत्यधिक कृषि नवाचार विषय में पुष्पित जोशी प्रथम, जिया जैन द्वीतीय व नव्या सिंह को तीसरा स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अयोध्या, मेरठ, मथुरा व कानपुर से छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

### 19 कृषि विश्वविद्यालयों के बीच हुआ एमओयू

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या का बांदा कृषि विवि, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि सहित सात कृषि विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में इस मौके पर विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के बीच कुल 19 एमओयू हस्ताक्षर किए गए। सम्मेलन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ बाराबंकी को प्रथम स्थान के लिए डा. अश्वनी कुमार सिंह, दो केंद्रों को दूसरा स्थान मिला जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर के लिए डा. के.के सिंह व कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर के लिए डा. आर.के सिंह को सम्मानित किया गया। तीसरा स्थान कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के लिए डा. वी.के कन्नौजिया को सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी तरफ विशेष तौर पर बक्शा जौनपुर प्रथम को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### राज्यपाल ने इन पांच लोगों को दिया बेस्ट पीएचडी थीसिस का अवार्ड

डा. परमानंद साहू, आईएआरआई नई दिल्ली

डा. पवनीत कौर, पीएयू लुधियाना

डा. प्रबदीप सिंह, जम्मू

डा. बसवा प्रभु, एनडीआरआई, करनाल

डा. सुबल कुमार घोष, सीआईएफई, मुंबई

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, रोजगार मेला का आयोजन भी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जिले के सभी मछुआरों को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 23 मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल द्धह्लह्लश्च~//द्बद्धह्यद्बद्दह्लद्दह्य.ह्वश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है।

इस योजना में इस बार एक नई परियोजना %आजीविका पोषण सम्बन्धी सहायता% भी जोड़ी गई है, जिसमें मछली पकड़ने के प्रतिबन्ध-दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के संरक्षण के लिए पिछड़े हुए पारम्परिक मछुआरों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इच्छुक मछुआरों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। योजना के लाभार्थी के लिए आवश्यक शर्ते हैं कि वे एक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए, एक कार्यात्मक स्थानीय मछुआरा सहकारी समिति के सदस्य हो और उनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए मछली पालन विभाग के पोर्टल या जनपदीय कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण अयोध्या से संपर्क किया जा सकता है।उक्त जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अयोध्या द्वारा दी गई है।

## अयोध्या में राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई, 38 प्रकरणों का निस्तारण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश~ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही की उपस्थिति में सर्किट हाउस अयोध्या में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 38 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 18 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, मार-पीट, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, पुलिस विभाग से सम्बंधित मामलों, कब्जे व दहेज उत्पीड़न सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। मा. सदस्य ने सभी मामलों को गम्भीरता से सुना और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तत्परता से कार्यवाही की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ इन महिलाओं को शीघ्र दिलवाया जाएगा।



श्रीमती ऋतु शाही ने प्रेसवार्ता में बताया कि महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित प्रकरणों का तुरन्त निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर प्रकरणों को सुलझाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कई मामलों को आपसी समझौते के माध्यम से भी निस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में महिलाओं के मामलों में संवेदनशीलता से सुनवाई की जाती है, और अगर किसी महिला को लगता है कि कार्यवाही में देरी हो रही है, तो राज्य महिला आयोग उनके साथ है और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।जनसुनवाई के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के उत्पीड़न को रोकना और उन्हें न्याय दिलवाना है।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शिकायतकर्ता और उनके परिजन उपस्थित रहे।जनसुनवाई के अंतर्गत और अन्य निरीक्षणों का कार्य भी जारी है।

## महाविद्यालय में स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एम.एड. और एम.ए.के विद्यार्थियों के लिए आयोजित स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना के तहत श्री विनायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय खजुराहट , अयोध्या में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए।प्राचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित करने की योजना शुरू की है ताकि वे डिजिटल शिक्षा से जुड़ सकें और अपने अध्ययन में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। यह कदम उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।÷

उन्होंने आगे कहा, ÷इस डिजिटल युग में तकनीकी संसाधनों का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। टेबलेट प्राप्त करने से छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा, शैक्षिक सामग्री, और अन्य डिजिटल संसाधनों तक पहुंच में मदद मिलेगी, जो उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगे।÷इस योजना से छात्रों में बहुत उत्साह था, क्योंकि यह उनके लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पीएनबी एमएसएमई आउटरीच लोन एक्सपो एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन हुआ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा एक दिवसीय एमएसएमई लोन एक्सपो कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित एवरग्रीन लॉन में आयोजित हुआ, जहां बैंक से जुड़े विभिन्न लाभों और सरकारी योजनाओं के प्रति ग्राहकों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में बैंक हेड ऑफिस के अधिकारी अवधेश तिवारी और जिला उद्योग कमिश्नर अमरेश पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लोन और बैंकिंग से संबंधित सभी आवश्यक सेवाओं के लिए एमएसएमई कार्यालय में विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जहां बैंक के पदाधिकारियों ने ग्राहकों की शंकाओं का समाधान किया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया, इसके साथ ही डेढ़ सौ करोड़ की लीड प्राप्त हुई। इस कार्यशाला में सात शाखों के ग्राहक और शाखा प्रमुख मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान इवेंट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। अंजलि और प्रीति ने राम स्तुति पर नृत्य प्रस्तुति दी।अंकित सिंह ने सदाबहार गीत गाकर समां बांधा। वेद तिवारी, मानस शर्मा, देव निरंजन और राज गौतम ने अपने म्यूजिकल बैंड के साथ शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान बैंक के मंडल प्रमुख नीरज गुप्ता, अवधेश तिवारी , अशोक पांडेय सहित कई बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।



## झुनझुनवाला पीजी कॉलेज में हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** स्थानीय झुनझुनवाला पी0जी0 कॉलेज में प्राचीन इतिहास विभाग के तत्वाधान में ÷भारत की बहुमुखी विरासत÷ को उजागर करने और छात्रों में अपने इतिहास की परंपरा के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एक हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 65 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में बी0ए0 की छात्रा श्रेष्ठा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान बी0ए0 की छात्रा श्रद्धा और बी0बी0ए0 की छात्रा बुतुल फातिमा ने साझा किया। तृतीय स्थान पर बी0ए0 की छात्रा लायबा खान, रिषभ राज और बी0बी0ए0 के छात्र राज यादव रहे।इस प्रतियोगिता के संयोजक प्राचीन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य विमल सिंह यादव रहे।



निर्णायक मंडल में डॉ. सी0बी0 सिंह, सुनील आनंद और श्याम भरत पाठक ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरिता मिश्रा ने विजेता छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।विमल सिंह यादव ने इस अवसर पर कहा, छात्रों को समय-समय पर जागरूकता का कार्य करना चाहिए ताकि प्राचीन इतिहास व ऐतिहासिक धरोहर के बारे में जानकारी मिल सके। हम यही कामना करते हैं कि छात्रों का भविष्य उज्जवल हो और वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूकता को और बढ़ाया और उनके भविष्य के लिए एक प्रेरणा स्रोत साबित हुआ।

# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

## मध्य नगर ग्राम पंचायत में 200 लाभार्थी को मिला निशुल्क कंबल

**बलरामपुर।** विकासखंड गैसड़ी के ग्राम पंचायत मध्य नगर में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक एवं शशि भानू सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वधान में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 200 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया है।

बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सरल एवं सस्ती बैंकिंग सेवा देना है।

इसके साथ-साथ जनहित में जरूरतमंदों की मदद के लिए समय-समय पर कार्य करना है। इसी उद्देश्य के तहत विकासखंड गैसडी के मध्य नगर ग्राम पंचायत में प्रथमा यूपी






ग्रामीण बैंक एवं शशि भानू सेवा संस्थान के संयुक्त सहयोग से 200 गरीबों को कंबल वितरित किया गया है। इस दौरान यूपी ग्रामीण बैंक बलरामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव ,उप क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव, बृजराज साहनी, डी डी एम नाबार्ड प्रबंधक अर्जुन सिंह, जगदीशपुर शाखा प्रबंधक ललित यादव, उप कृषि निदेशक नरेंद्र कुमार ,डॉक्टर सी पी एन गौतम आदि मौजूद रहे हैं कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार जताते हुए सामाजिक संस्था शशि भानू सेवा संस्थान अध्यक्ष अजय सिंह ने बैंक के पहल की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करने के लिए सभी आगे आए।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में शिवम शाक्य ने मारी बाजी

## एमएलकेपीजी कॉलेज में वार्षिक क्रीडा में बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।** गुरुवार को एम एल के पी जी कॉलेज में चल रहे वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता ÷करतब÷ अंतर्गत बैडमिंटन सिंगल्स पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में शिवम शाक्य ने पहला स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में चल रहे वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में सिटी पैलेस के बैडमिंटन कोर्ट पर पुरूष वर्ग की बैडमिंटन सिंगल्स का मुकाबला आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व क्रीड़ाधिकारी डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने प्रतिभागियों को उसके नियम से परिचित कराते हुए विस्तृत जानकारी दी। प्रतियोगिता में शिवम शाक्य ने बैडमिंटन सिंगल्स पुरुष वर्ग में पहला,अभय पाण्डेय ने दूसरा तथा




आकाश पाण्डेय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सभी संकायों के 35 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ जितेन्द्र कुमार, श्रीनारायण सिंह,मोहम्मद तौहीद व प्रियांशु मिश्र का योगदान रहा।

# दिव्यांग छात्र ऋषभ को मिली ट्राइसाइकिल



**सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा ,राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांग छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए। प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत नोडल टीचर/ प्रधानाध्यापकों की 5 दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण दिनांक 11फरवरी से गतिमान है। प्रशिक्षण में ब्लॉक के 51 नोडल टीचर/प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने एवं लिखाने की गतिविधि तथा विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से बताया गया। संदर्भदाता सरजू प्रसाद पाठक और अशोक कुमार मौर्य ने अधिगम अक्षमता तथा उनके लक्षणों के बारे विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान और संदर्भदाता सरजू प्रसाद पाठक ने समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चितईपुर में पढ़ रहे कक्षा एक के दिव्यांग छात्र ऋषभ को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। इस मौके पर मंत्री बृजेश मिश्र, प्रेमलता त्रिपाठी, फैज उल्ला अंसारी, शिव पूजन पाण्डेय, रमेश तिवारी, हरगोविंद तिवारी, नसीम अहमद , शिवेंद्र पांडे, देवेश पाण्डेय, ऊषा मौर्य, मारिया सुल्ताना, पूनम अग्रवाल, सुधा मिश्रा, चंद्रकला, फैयाज अहमद, मुख्तार अहमद, धनंजय सिंह, मकरध्वज, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, हसन अली, गजनफर अली, सुरेश यादव, धर्मेंद्र तिवारी, अमान उल्लाह, राजश्री, अनिल पाण्डेय इत्यादि नोडल टीचर प्रधानाध्यापकों ने प्रशिक्षण में रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय देवराई का आकस्मिक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवराई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से कठिन शब्द लिखवाया। उन्होंने 16 बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई। जनपद स्तर पर आयोजित श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी साक्षी गौतम को शाल, बुके और 501 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने एमडीएम के तहत दिए जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित रुप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि विद्यालय में समय से उपस्थित होकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करें।

# श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार पर भड़की कांग्रेस, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार पर कांग्रेसियों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी सहित दर्जन भर कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। बताते चलें कि विगत 11 फरवरी को अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं के साथ कूरेभार स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के समीप श्रद्धालुओं के साथ पुलिस ने गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की और लाठी चार्ज किया था, जिसका वीडियों भी सोशल मीडिया और मीडिया मे वायरल हुआ था। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने मांग की है कि कूरेभार थाना अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, उक्त थाना अध्यक्ष के कृत्यों की जांच कमेटी बनाकर कराई जाए जिनमें उन सभी प्रकरण को शामिल किया जाए



जिसमें थानाध्यक्ष शारदेंदु दुबे की उपस्थिति अथवा सहभागिता रही हो। उक्त जांच 15 दिनों के अंदर में पूर्ण कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी लापरवाह व अभद्र पुलिस अधिकारियों के प्रति आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी, इन मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि पुलिस का यह व्यवहार समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो श्रद्धालु जाम में फंसे हैं उनकी मदद के बजाय उन पर लाठियां बरसाई जा रही है यह पुलिस की तानाशाही को दर्शाता है। एक तरफप्रदेश सरकार श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रही है दूसरी तरफइनकी पुलिस श्रद्धालुओं के साथ धक्का मुक्की और लाठीचार्ज कर उन्हें अपमानित कर रही है, उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं देशभर के अलग-अलग हिस्सों से तस्वीर सामने आ रही है जो श्रद्धालु जाम में फंसे हैं लोग बिना भेदभाव के उन श्रद्धालुओं की मदद कर रहे हैं लेकिन सुल्तानपुर की पुलिस उनकी मदद की बजाय उन पर लाठियां बरसा रही है जो बहुत ही निंदनीय है। जिला प्रशासन ऐसे अधिकारियों के प्रति विधिक कार्यवाही करें अन्यथा कांग्रेस के लोग सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कूरेभार थाना अध्यक्ष शरदेंदु दूबे का श्रद्धालुओं के प्रति रवैया बेहद दुखद है जिला प्रशासन को ऐसे पुलिस अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी अमोल बाजपेयी, उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी, सुरेन्द्र मिश्र, महिला नेत्री मीनू यादव, श्याम लगन, शीतला साहू आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

# सर्वेशा साईं राज बनी व्यापार मंडल की महिला जिला अध्यक्ष



**सुल्तानपुर।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता ने राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध प्रतिष्ठान एसराज ज्वेल्स कंपनी की सर्वेशा साई राज को संगठन के महिला विंग का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। उच्च शिक्षा प्राप्त सर्वेशा राज जिले के प्रतिष्ठित ज्वेलर्स व मानवाधिकार एक्टिविस्ट शिवम राज की पत्नी हैं जो कि समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। इस अवसर पर संगठन के जिला संरक्षक सुरेश कुमार सोनी, जिला संयोजक जीत बहादुर मोदनवाल, युवा जिला संयोजक अरविंद चौरसिया, युवा जिला अध्यक्ष श्याम पोपटानी सहित आशीष बरनवाल, सरदार जसविंदर सिंह, ओमप्रकाश मोदनवाल, दीपक आर्य, प्रदीप मिश्रा, अतुल मोदनवाल,पवन कुमार, सुभाष मोदनवाल, राजदेव यादव, शिवशंकर चौधरी, राजन गुप्ता, शोभित मोदनवाल, अश्वनी वर्मा , रवि सोनी, रमेश मोदनवाल, विशाल अग्रहरि, अनूप कनोडिया, गजानंद मोदनवाल, अजय गुप्ता, डाक्टर पवन कुमार पांडेय, संगमलाल मोदनवाल, एडवोकेट डी डी निषाद सहित जिले के सैकड़ों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नव मनोनीत महिला जिला अध्यक्ष सर्वेशा साई राज को बधाई प्रेषित किया।

# भाजपा द्वारा कुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा अभियान जारी



**सुल्तानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा के निर्देशानुसार कुंभ मेले में जाने और लौटने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन सेवा की व्यवस्था निरंतर जारी है। यह सेवा महाराणा प्रताप इंटरमीडिएट कॉलेज, उतुरी (प्रयागराज मार्ग) पर चल रही है, जहां भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता दिन-रात श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, दूबेपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश सिंह डिंपल समेत अन्य कार्यकर्ता इस सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन एवं जलपान उपलब्ध कराकर यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि ÷सेवा ही संगठन÷ की भावना के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव मदद की जा रही है। पार्टी नेतृत्व का भी यही संकल्प है कि कोई भी श्रद्धालु भूखा न रहे और उन्हें यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो।

# डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से रूट डायवर्जन स्थलों व होल्डिंग एरिया का लिया जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** महाकुम्भ-2025 प्रयागराज से अयोध्या, अयोध्या से वाराणसी सहित अन्य मार्गो पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं हेतु जनपद सुलतानपुर में जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएंः-यातायात के दृष्टिगत वाहनों का रूट डायवर्जन, शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत कानून व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु होल्डिंग एरिया में की गई व्यवस्था जैसे-खान पान, पेयजल, शयन हेतु विस्तर की व्यवस्था, प्रकाश, स्वच्छ शौंचालय, साफ-सफाई, स्वास्थ्य शिविर आदि का भ्रमणशील रहकर जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान



शांति, सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बनाये रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। समस्त व्यवस्थाओं हेतु कुल-38 मजिस्ट्रेट, 174 पुलिस अधिकारी एवं 350 हेड कॉन्सटेबल/कॉन्सटेबल/होमगार्ड की ड्यूटी लगायी गयी है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ड्यूटी पर लगे सभी थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम को श्रद्धालुओं के सहूलियत हेतु रूट डायवर्जन का अनुपालन करने, श्रद्धालुओं के साथ शालीनता से व्यवहार करने के निर्देश दिये गये हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन निकाली भव्य कलश यात्रा



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत देहली बाजार में बृहस्पतिवार को श्रीमद् भागवत कथा की प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई मुख्य यजमान सत्य देव तिवारी के आवास स्थित कथा स्थल से कलश यात्रा शुभारंभ हुई जो काली माता मंदिर हनुमान मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों से होते हुए व्यास पीठ पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में शामिल पीतांबर धारी महिलाएं एवं पुरुष के धार्मिक जय घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजयामान हो उठा।

कथा स्थल पर कथावाचक ने श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कहा नारद मुनि ईश्वर की भक्ति की सिद्धि प्राप्त करके ही अपने जीवन को धन्य बनाया कथा वाचक ने अन्य कथाओं का वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विशाल शुक्ल, अजय कुमार शुक्ल, आनन्द तिवारी के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में भ्रमण पंजिका तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी से फैमिली आईडी के सन्दर्भ में जानकारी ली, साथ ही आवास सर्वे, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकास खण्ड परिसर में क्षेत्र पंचायत मद से निर्माणाधीन मीटिंग हॉल की प्रगति देखी और निर्देश दिया गया कि निर्माणाधीन कक्ष को जल्द से जल्द पूर्ण कराये एवं अवर अभियन्ता (लघु सिचाई) को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र पंचायत से कराये जा रहे मीटिंग हॉल की पत्रावली उपलब्ध कराये। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वालों कार्यो को प्राथमिता के आधार पर पूर्ण कराये।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों की विस्तृत समीक्षा की। मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यो को मानक के अनुरुप कराये जाये और कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय भुगतानों में नियमानुसार कार्य करते हुए कार्य सम्पादित कराये। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया कि जो भी व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कराये जा रहे है, उक्त शौचालयों पर शौचालय का लोगो बनवाते हुए लाभार्थी के साथ निर्मित शौचालय का फोटोग्राफ जियोटैग अवश्य करायें।

# सर्वर फेल होने से राशन वितरण व्यवस्था ठप, तीसरे दिन परेशान हुए कार्डधारक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** जिले में राशन वितरण प्रणाली लगातार तीसरे दिन भी ठप रही। सर्वर फेल होने की वजह से उचित दर विक्रेताओं के यहां कार्डधारकों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन राशन न मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।तीन दिनों से राशन न मिलने के कारण कार्डधारकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि वे बार-बार उचित दर की दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सर्वर काम न करने की वजह से राशन नहीं मिल पा रहा है। कार्डधारकों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। दुकानदार भी असहाय नजर आ रहे हैं क्योंकि बिना सर्वर के वे राशन वितरित नहीं कर सकते। लोगों ने मांग की है कि यदि जल्द ही सर्वर की समस्या को ठीक नहीं किया गया तो उन्हें राशन से वंचित रहना पड़ेगा, जिससे गरीब परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए जल्द कदम उठाने की अपील की गई है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला, पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 1285वाँ दिन



**जौनपुर।** सत्याग्रह आन्दोलन के 1285वें दिन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, पत्रकार उत्पीडन एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा।

सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में चन्द्रमणि पाण्डेय, मेवालाल यादव, आदित्य नारायण शर्मा, उदय प्रताप सिंह, विजय प्रकाश मिश्र, बुद्धि प्रकाश तिवारी, बिहारीलाल यादव, विनय कुमार उपाध्याय, प्रेम प्रकाश मिश्र, अमरेश कुमार पाण्डेय, रामनगीना यादव, उपेन्द्र श्रीवास्तव, अमरेंद्र श्रीवास्तव, रामबहाल यादव, उदयराज गौड़ व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन द्वारा की गयी गई व्यवस्था की श्रद्धालुओं द्वारा की गई सराहना

**सुल्तानपुर।** महाकुम्भ-2025 प्रयागराज से अयोध्या, अयोध्या से वाराणसी सहित अन्य मार्गो पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं हेतु जनपद सुलतानपुर में जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएंः- यातायात के दृष्टिगत वाहनों का रूट डायवर्जन, शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत कानून व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु होल्डिंग एरिया में की गई व्यवस्था जैसे-खान पान, पेयजल, शयन हेतु विस्तर की व्यवस्था, प्रकाश, स्वच्छ शौंचालय, साफ-सफाई, स्वास्थ्य शिविर आदि का भ्रमणशील रहकर जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

1. डीएम द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया है कि



होल्डिंग एरिया गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज व बारात घर सहित अन्य होल्डिंग एरिया में कुल 05 मोबाइल टायलेट, 10 पानी के मोबाइल टैंक, शिफ्टवार कुल-35 सफाई कर्मी लगाए गए हैं। उन्होंने अवगत कराया कि होल्डिंग एरिया गनपत सहाय कॉलेज में नगर पालिका व सामाजिक संगठनों के सहयोग से प्रतिदिन लगभग एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं को नियमित भोजन कराया जा रहा है। 2. जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड कूरेभार में बने होल्डिंग एरिया- पंचायत भवन मुजेश, ब्लाक परिसर, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन पुरखीपुर, जरईकलां टोल प्लाजा, श्रीमती सुन्दरा देवी शिक्षण संस्थान हलियापुर, कूरेभार मोड़ डोभियारा में आज लगभग कुल-18 हजार श्रद्धालुओं द्वारा भोजन व जलपान किया गया। लगभग -1200 श्रद्धालुओं द्वारा रात्रि विश्राम किया गया। इसी प्रकार अन्य सभी होल्डिंग एरिया में भी श्रद्धालुओं हेतु सभी आधारभूत सुविधाओं का प्रबन्ध किया गया है। समस्त होल्डिंग एरिया में 24×7 तीन शिफ्ट में नोडल अधिकारियों व 5-5 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।3. जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रूट डायवर्जन स्थलों व होल्डिंग एरिया का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बनाये रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। समस्त व्यवस्थाओं हेतु कुल-38 मजिस्ट्रेट, 174 पुलिस अधिकारी एवं 350 हेड कॉन्सटेबल/ कॉन्सटेबल/होमगार्ड की ड्यूटी लगायी गयी है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ड्यूटी पर लगे सभी थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम को श्रद्धालुओं के सहूलियत हेतु रूट डायवर्जन का अनुपालन करने, श्रद्धालुओं के साथ शालीनता से व्यवहार करने के निर्देश दिये गये हैं। 4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाधन विभाग की टीम द्वारा आज दिनांक 13.02.2025 को हलियापुर टोल प्लाजा सहित विभिन्न मार्गो पर स्थित स्ट्रीट ढाबा, जलपान, स्वीट हाउस, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट वेण्डर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। सभी प्रतिष्ठान मालिकों को सख्त हिदायत दी गयी है कि श्रद्धालुओं को एम.एस.पी. से अधिक मूल्य पर कोई भी सामग्री बेचते हुए पाये जाने पर उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। 5. उप जिलाधिकारी लम्भुआ द्वारा अवगत कराया गया कि वि0ख0 भदैया के कार्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी व स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से महाकुंभ के दृष्टिगत आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं हेतु विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 4000 से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन व जलपान कराया गया।

6. जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि आवागमन करने वाले जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिये विभिन्न होल्डिंग एरिया में चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर अब तक लगभग 15482 श्रद्धालुओं को दवाओं का वितरण किया जा चुका है।